


एचडीएफसी बैंक ने बाहरी कानूनी कंपनी को सौंपी जांच - 12



बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 1,372 अंक चढ़ा, निफ्टी 400 अंक मजबूत - 12



किम जोंग का एलान-उत्तरी कोरिया को बनाएंगे परमाणु शक्ति संपन्न - 13



टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगे ऋषभ पंत : एलएसजी कोच जस्टिन लैंगर - 14

**आज का मौसम**
31.0⁰ अधिकतम तापमान
18.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.13 सूर्यास्त 06.29


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी 01:50 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2083
बुधवार, 25 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 356, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


# इच्छामृत्यु की अनुमति पाने वाले पहले शख्स हरीश राणा का निधन

नई दिल्ली, एजेंसी

- 13 साल से थे कोमा में, शाम 4:10 बजे दिल्ली एम्स में ली अंतिम सांस



भारत में निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति पाने वाले पहले व्यक्ति हरीश राणा का 13 साल से अधिक समय तक कोमा में रहने के बाद एम्स-दिल्ली में मंगलवार को निधन हो गया। राणा (32) को 14 मार्च को गाजियाबाद स्थित उनके घर से एम्स के डॉ. बीआर आंबेडकर इंस्टिट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल की उपशामक देखभाल इकाई में स्थानांतरित किया गया था। वह 2013 से कोमा में थे।

एम्स ने कहा, हरीश राणा का 24 मार्च को शाम चार बजकर 10 मिनट पर दिल्ली के एम्स में निधन हो गया। वह डॉक्टरों की एक विशेष टीम की देखरेख में थे और उन्हें ऑन्को-एनेस्थीसिया और पैलिएटिव मेडिसिन विभाग की प्रमुख डॉ. सीमा मिश्रा के नेतृत्व वाली पैलिएटिव ऑन्कोलॉजी यूनिट में भर्ती कराया गया था। इस कठिन समय में एम्स उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

शीर्ष कोर्ट ने 11 मार्च को ऐतिहासिक फैसले में हरीश राणा के लिए निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी थी। राणा पंजाब विश्वविद्यालय में बीटेक के छात्र थे। वह 2013 में चौथी मंजिल की बालकनी से गिर गए थे और उन्हें सिर में गंभीर चोटें आई थीं। तब से वह कोमा में। अदालत ने माता-पिता निर्मला राणा और अशोक राणा का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए, अपने बेटे के प्रति अपार स्नेह और देखभाल के लिए उनकी सराहना व्यक्त की। कहा था, उनके परिवार ने कभी उनका साथ नहीं छोड़ा। इच्छामृत्यु की अनुमति देने वाला यह आदेश अदालत के 2018 के कॉमन कॉज मामले में निर्णय के अनुरूप है, जिसे 2023 में संशोधित किया गया था और गरिमा के साथ मृत्यु के मौलिक अधिकार को मान्यता दी गई थी।

वर्ष 2011 में अरुणा शानबाग के मामले में इच्छामृत्यु के लिए याचिका दायर करने वाली पत्रकार और कार्यकर्ता पिंकी विरानी ने एम्स के डॉक्टरों व नर्सों को करुणापूर्वक निष्क्रिय इच्छामृत्यु की प्रक्रिया को लागू करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आग्रह किया कि यदि कोई व्यक्ति इस अधिकार का प्रयोग करना चाहता है, तो उसे अपने परिवार के सदस्यों को बता देना चाहिए। कोर्ट ने शानबाग की ओर से विरानी की याचिका खारिज कर दी थी, जो नवंबर 1973 में हुए बर्बर यौन हमले के बाद से मुंबई के अस्पताल में कोमा जैसी स्थिति में बिस्तर पर पड़ी थीं। मुंबई की नर्स शानबाग की अंततः 2015 में निमोनिया से मृत्यु हो गई।

### पोषण संबंधी सहायता धीरे-धीरे की गई थी बंद

सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद राणा की पोषण संबंधी सहायता धीरे-धीरे बंद कर दी गई। राणा की मृत्यु के बाद, उनके परिवार ने उनका कॉर्निया और हृदय वाल्व दान कर दिए, जिन्हें अस्पताल द्वारा प्राप्त किया गया। कोर्ट के फैसले के बाद राणा के परिवार ने कहा था कि कृत्रिम जीवनरक्षक सहायता हटाने से परिवार को व्यक्तिगत रूप से कोई लाभ नहीं होगा, लेकिन व्यापक जनहित में यह निर्णय समान परिस्थितियों का सामना कर रहे अन्य लोगों की मदद कर सकता है। हरीश राणा के पिता अशोक राणा ने कहा था कि निष्क्रिय इच्छामृत्यु से वर्षों के अपूरणीय कष्ट से हरीश को मुक्ति मिलेगी।

# हवाई हमले में तेहरान का गैस प्लांट उड़ाया, ईरान ने भी खाड़ी देशों व इजराइल पर दागे बम

दुबई, एजेंसी

ईरान पर मंगलवार को किए गए हवाई हमलों ने राजधानी तेहरान में भारी तबाही मचाई और गैस प्लांट के साथ पाइपलाइन उड़ा दी, लेकिन ईरानी मिसाइलों और ड्रोन ने भी इजराइल के तेल अवीव और पश्चिम एशिया के कई ठिकानों को निशाना बनाया। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका युद्ध समाप्त करने के लिए इस्लामिक गणराज्य के साथ बातचीत कर रहा है। हजारों और अमेरिकी मरीन सैनिकों के खाड़ी क्षेत्र की ओर रवाना होने, दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर तीव्र हमला जारी रहने और ईरान द्वारा किसी भी प्रकार की बातचीत से इनकार करने के बीच युद्ध तेज होता दिखा। वहीं, ब्रिटेन खाड़ी देशों में कम दूरी वाली हवाई रक्षा प्रणालियां तैनात तैनात करेगा।

हालांकि, इसके एक दिन पहले ट्रंप ने ईरान को दी गई वह समयसीमा भी आगे बढ़ा दी, जिसके तहत होर्मुज को जहाजों के लिए नहीं खोलने पर ईरान के ऊर्जा संयंत्रों को हवाई हमलों में निशाना बनाने की चेतावनी दी गई थी।

पाकिस्तान ने राजनयिक वार्ता की मेजबानी की पेशकश की, लेकिन ईरान अपने रुख पर अड़ा रहा और पूर्ण विजय प्राप्त होने तक लड़ने की कसम खाई। ईरान ने मंगलवार को एक ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड के पूर्व कमांडर को देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का नया सचिव नियुक्त किया, जिन्होंने हवाई हमले में मारे गए अली लारीजानी की जगह ली। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने नए सचिव की पहचान मोहम्मद बागेर जोलघाद्र के रूप में की है



- खाड़ी देशों में कम दूरी वाली हवाई रक्षा प्रणालियां तैनात करेगा ब्रिटेन
- जोलघाद्र ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के नए सचिव नियुक्त

### होर्मुज स्ट्रेट से आने को किसी अनुमति की जरूरत नहीं: भारत

**नई दिल्ली।** पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि तेल समृद्ध फारस की खाड़ी को खुले समुद्र से जोड़ने वाले एकमात्र समुद्री मार्ग होर्मुज से गुजरने के लिए किसी भी देश की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय नौवहन नियमों के अनुसार जलडमरूमध्य में आवागमन की स्वतंत्रता है। चूंकि जलडमरूमध्य संकरा है, केवल प्रवेश और निकासी मार्ग चिन्हित हैं, जिनका पालन सभी जहाजों को करना आवश्यक है। एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत जलडमरूमध्य को पार करने से पहले सोमवार सुबह फारस की खाड़ी से रवाना हुए। दोनों एक-दूसरे के करीब चल रहे हैं।

### तेल का खेल



पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर सोशल मीडिया पर ईंधन की कमी की अफवाहों से घबराकर लोग वाहनों की टंकियां फुल कराने पहुंच गए। नागपुर में पेट्रोल पंप पर लगी लंबी कतार।

## ब्रीफ न्यूज

### लॉरेंस बिश्नोई और दो अन्य को जबरन वसूली के मामले में किया तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने जबरन वसूली से संबंधित फोन कॉल के एक मामले में आरोप-मुक्त किए जाने के एक महीने बाद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और दो अन्य आरोपियों को तलब किया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल सिंह 20 फरवरी को एक अलग मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा आरोपमुक्त किए जाने के आदेश के खिलाफ सरकार की पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई कर रहे थे। अदालत ने 23 मार्च के अपने आदेश में कहा, जांच अधिकारी (आईओ) के माध्यम से प्रतिवादियों/आरोपियों को पुनरीक्षण याचिका को लेकर नोटिस जारी करें, जिसका जवाब सुनवाई की अगली तारीख तक देय होगा।

### दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की ओर से बजट पेश किए जाने से कुछ घंटे पहले मंगलवार को विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली। पुलिस ने बताया कि विधानसभा परिसर की तलाशी के बाद अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है और तलाशी अब भी जारी है। उसने बताया कि सुबह सात बजकर 28 मिनट पर विधानसभा को बम की धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ और इसके बाद सुबह सात बजकर 49 मिनट पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को भी एक ईमेल भेजा गया।

# प. एशिया जंग जारी रही तो यह भारत के लिए चिंताजनक : मोदी

## राज्यसभा में कहा- संकट से निपटने के लिए 7 नए समूह गठित किए

- प्रधानमंत्री बोले- आने वाला समय देश की सबसे कड़ी परीक्षा लेगा
- पूरे भारत को टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में छिड़े वर्तमान संघर्ष के कारण उत्पन्न स्थिति से निबटने के लिए सात नए समूहों का गठन किया गया है जो एलपीजी, आवश्यक सेवाओं एवं वस्तुओं की आपूर्ति एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य विषयों का नियमित आकलन कर सुझाव देंगे।

प्रधानमंत्री ने जारी संघर्ष और इसके कारण भारत के सामने आई चुनौतियों पर वक्तव्य देते हुए कहा कहा कि भारत के लिए भी यह स्थिति चिंताजनक है। इस युद्ध से हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। इससे पेट्रोल, डीजल, गैस और उर्वरक जैसे जरूरी सामान की नियमित आपूर्ति प्रभावित हो रही है। कहा, हमारी अर्थव्यवस्था के आधारभूत स्तंभ मजबूत हैं तथा सरकार पल पल बदलते हालात पर नजर रखे हुए है। सरकार इसके अल्पकालिक, मध्य कालिक एवं दीर्घकालिक प्रभावों पर नजर रखने के लिए एक रणनीति के तहत काम कर रही है। मोदी ने कहा कि सरकार ने एक अंतर मंत्रालयी समूह बनाया है जो नियमित बैठक कर आयात-निर्यात में आने वाली बाधाओं का आकलन करता है। जैसे कोरोना महामारी के दौरान अलग अलग क्षेत्रों की चुनौतियों का सामना करने के लिए विशेषज्ञों एवं अधिकारियों के विभिन्न समूह बने थे, वैसे ही सोमवार को सात नए समूहों का गठन किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये समूह गैस, महंगाई आदि विषयों पर विचार कर समाधान के लिए काम करेंगे।




### खाड़ी में एक करोड़ भारतीयों की आजीविका चिंता का कारण

मोदी ने कहा कि खाड़ी के देशों में करीब एक करोड़ भारतीय रहते हैं, वहां काम करते हैं। उन्होंने कहा कि उनका जीवन एवं आजीविका भारत के लिए बहुत बड़ी चिंता का कारण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में दुनिया के कई जहाज फंसे हुए हैं। उनमें भारतीय चालक दल की संख्या भी बहुत अधिक है तथा यह भी भारत की एक बड़ी चिंता का विषय है।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने मोदी को किया फोन होर्मुज सुरक्षा पर की बातचीत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर हुई बातचीत के बाद कहा कि भारत पश्चिम एशिया में जल्द से जल्द तनाव कम करने और शांति बहाल करने का समर्थन करता है। ईरान के लिए अमेरिका की ओर से समयसीमा पांच दिन बढ़ाए जाने के एक दिन बाद ट्रंप ने मोदी को फोन किया। मोदी ने कहा, भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है। होर्मुज का खुला, सुरक्षित और सुलभ रहना पूरी दुनिया के लिए आवश्यक है। हमने शांति और स्थिरता के प्रयासों के संबंध में संपर्क में रहने पर सहमति व्यक्त की। इस संबंध में भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण पोत परिवहन मार्ग को खुला रखने के महत्व पर विचार-विमर्श किया। गोर ने सोशल मीडिया पर कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी की अभी बातचीत हुई। उन्होंने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने का महत्व भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कोई विवरण साझा किए बिना यह भी कहा कि संघर्ष के पूर्ण और समग्र समाधान के लिए अमेरिका तथा ईरान के बीच सार्थक बातचीत हुई है।



# अमरोहा में बच्चों के विवाद में कूदे बड़े, फायरिंग-पथराव

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- अमरोहा में दो पक्षों में हुई 10 राउंड फायरिंग में पूर्व प्रधान के भतीजे समेत दो जख्मी
- गांव में दहशत का माहौल देखते हुए पुलिस तैनात, 12 नामजद, दो गिरफ्तार

**अमृत विचार :** नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के खेतापुर गांव में क्रिकेट खेलने के दौरान सोमवार की देर शाम बच्चों में हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बच्चों के बीच शुरू हुए झगड़े में बड़े कूद पड़े और देखते ही देखते दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष में बदल गया। घटना के दौरान करीब 10 राउंड फायरिंग होने से पूरे गांव में दहशत फैल गई। इस दौरान पूर्व प्रधान के भतीजे समेत दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गांव के बच्चों के बीच क्रिकेट के खेल को लेकर सोमवार देर शाम किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। तभी पूर्व प्रधान का भतीजा अजीम मौके पर पहुंचा और बच्चों के विवाद में हस्तक्षेप करते हुए मामला शांत कराने के बजाय और भड़का दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, उसने दबंगई दिखाई, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के करीब एक दर्जन लोग इकट्ठा हो गए और विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों में लाठी-डंडों चलने शुरू हो गए। इसी बीच अचानक फायरिंग शुरू हो गई। गोलियों की आवाज से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए।

फायरिंग और मारपीट में अजीम और राहत गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में 12 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके कब्जे से एक तमंचा भी बरामद हुआ है। अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।



फायरिंग में घायल अजीम।

# प. एशिया पर सर्वदलीय बैठक आज

- रक्षामंत्री राजनाथ करेंगे बैठक की अध्यक्षता, राहुल गांधी नहीं होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** सरकार ने प. एशिया संकट पर चर्चा करने के लिए बुधवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। सूत्रों ने बताया कि यह बैठक बुधवार शाम पांच बजे बुलाई गई है। उन्होंने बताया कि बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कर सकते हैं और विदेश मंत्री एस जयशंकर के भी इसमें मौजूद रहने की उम्मीद है।

इस बीच, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि वह सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे क्योंकि उनका केरल में एक कार्यक्रम पहले तय है। विपक्ष ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वक्तव्य के बाद इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक की मांग उठाई थी। कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दल पश्चिम एशिया युद्ध और इसके भारत पर प्रभाव को लेकर सरकार से लगातार सवाल कर रहे हैं। राज्यसभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि संघर्ष के कारण उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए अधिकार संपन्न सात नए समूहों का गठन किया गया है जो एलपीजी, आवश्यक सेवाओं एवं वस्तुओं की आपूर्ति एवं क्षेत्रों से जुड़े अन्य विषयों का नियमित आकलन कर सुझाव देंगे।

# रेलवे टिकट 8 घंटे पहले कैंसिल करने पर ही रिफंड

नई दिल्ली, एजेंसी



- चार घंटे का नियम खत्म, ट्रेन छूटने के 30 मिनट पहले बोर्डिंग स्टेशन बदल सकेंगे

रेल मंत्री ने मंगलवार को टिकट क्षेत्र में सुधारों की घोषणा करते हुए कहा कि ट्रेन के प्रस्थान करने के आठ घंटे पहले तक कंफर्म टिकट रद्द करने पर कोई पैसा वापस नहीं मिलेगा, जबकि वर्तमान में यह नियम चार घंटे का है। मंत्री ने बताया कि पुनर्भुगतान का नया नियम इस साल एक से 15 अप्रैल के बीच लागू होगा।

उन्होंने बताया कि टिकट रद्दीकरण के अन्य नियमों में भी बदलाव किया गया है। अब ट्रेन के प्रस्थान करने से 24 घंटे से आठ घंटे पहले टिकट रद्द करने पर केवल 50 प्रतिशत राशि का पुनर्भुगतान किया जाएगा जबकि वर्तमान में यह अवधि 12 घंटे से चार घंटे है। इसी प्रकार, ट्रेन के प्रस्थान करने के समय से 72 से 24 घंटे पहले टिकट रद्द करने पर टिकट की कुल राशि में से 25 प्रतिशत की कटौती की जाएगी। संशोधित नियमों के तहत ट्रेन के प्रस्थान से 72 घंटे से अधिक समय पहले किए गए टिकट रद्दीकरण पर प्रति यात्री एक निश्चित राशि काटने के बाद पूरी राशि वापस कर दी जाएगी। वर्तमान नीति के तहत ट्रेन के प्रस्थान करने से 48 से 12 घंटे पहले टिकट रद्द करने पर कुल राशि में 25% की कटौती होती है, जबकि 48 घंटे से अधिक पहले किए गए रद्द करने पर पूरी राशि वापस कर दी जाती है। वैष्णव ने कहा कि कालाबाजारी और एजेंटों द्वारा अंतिम समय में टिकट की बिक्री को हतोत्साहित करने के लिए पुनर्भुगतान नियमों में बदलाव किया जा रहा है।

**पारदर्शिता** | योगी ने लांच किया निवेश मित्र 3 .0, उद्योगों को दिए 2781 करोड़ रुपये इंसेंटिव, कहा, 50 हजार रोजगार का मार्ग प्रशस्त

# वैश्विक अनिश्चितता के बीच यूपी बना भरोसेमंद निवेश गंतव्य : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के इस दौर में उत्तर प्रदेश निवेश और उद्योग के लिए सबसे सुरक्षित व भरोसेमंद गंतव्य बनकर उभरा है। उन्होंने निवेशकों के बढ़ते भरोसे को प्रदेश की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए कहा कि बीते नौ वर्षों में पारदर्शी नीतियों, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते यूपी की छवि पूरी तरह बदली है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को लोकभवन में 'निवेश मित्र 3.0' सिंगल विंडो सिस्टम के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। इस दौरान 85 परियोजनाओं को लेटर ऑफ कंफर्ट और एलिजिबिलिटी सर्टिफिकेट के आधार पर 2781 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी वितरित की गई। साथ ही 62 कंपनियों को एलओसी जारी किए गए, जिनके माध्यम से करीब 50 हजार करोड़ रुपये के निवेश और 50 हजार रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त होगा। 'निवेश मित्र 3.0' उद्योग स्थापना को अधिक सरल, पारदर्शी और तेज बनाएगा। इसमें एआई चैटबॉट, रियल-टाइम ट्रैकिंग, जीआईएस लैंड बैंक और एंड-टू-एंड डिजिटल मॉनिटरिंग जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे निवेशकों को एक ही प्लेटफॉर्म पर सभी सेवाएं मिल सकेंगी। 43 से अधिक विभागों की 530 सेवाओं को समेकित कर 200 से कम सेवाओं में बदल दिया गया है, जिससे प्रक्रिया अधिक सुगम और समयबद्ध हो गई है। सीएम ने बताया कि प्रदेश में निजी बिजनेस पार्क नीति लागू कर औद्योगिक विकास को नई गति दी जा रही है। प्लग-एंड-प्ले मॉडल के तहत निवेशक आसानी से उद्योग स्थापित कर सकेंगे, जिसमें सरकारी भूमि उपलब्ध कराने के साथ पारदर्शी रेवेन्यू शेयर व्यवस्था लागू होगी। साथ ही 'स्किल कनेक्ट' और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल के माध्यम से उद्योगों को कुशल मानव संसाधन और नए उद्यमियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। यह भी बताया, 2012 से 2017 के बीच जहां मात्र 16 एलओसी जारी हुए थे, वहीं पिछले नौ वर्षों में यह संख्या बढ़कर 3367 हो गई है, जो निवेश में आए बड़े बदलाव को दर्शाता है।



उद्योगों को 2781 करोड़ रुपये इंसेंटिव व लेटर ऑफ कंफर्ट देते मुख्यमंत्री योगी।

### अपराधी-माफिया दुस्साहस करेगा तो यमराज का टिकट

कानून-व्यवस्था पर सख्त रुख दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि उद्योगों के संचालन में किसी भी प्रकार की बाधा या अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपराधी या माफिया यदि दुस्साहस करते हैं तो वे अपने लिए "यमराज का टिकट" स्वयं काटते हैं। मुख्यमंत्री ने कानपुर की 'लाल इमली' मिल का उदाहरण देते हुए कहा कि पूर्व में गलत नीतियों और ट्रेड यूनियन के भ्रष्टाचार के कारण उद्योग बंद हुए, वर्तमान सरकार ने सकारात्मक माहौल दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** युवा शिवसेना एवं विद्यार्थी सेना के तत्वावधान में शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवाओं ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और कुछ समय मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद इंकलाब जिंदाबाद और भारत माता की जय जैसे नारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।वक्ताओं ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और देशभक्ति की भावना को सशक्त बनाता है। कार्यक्रम में वीरेंद्र अरोड़ा, कमल सिंह राव, मुदित उपाध्याय, शिब्बू पांडे, अरुण ठाकुर, आकाश कुमार, मयंक सैनी, राहुल कुमार, कैलाश सिंह, अंकित कुमार, सनोज कुमार, कार्तिक कश्यप और रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

### परिवार मिलन एवं मातृशक्ति सम्मान समारोह आज

**मुरादाबाद।** स्वदेशी जागरण मंच की ओर से बुधवार को दिल्ली रोड स्थित क्लासिक बैंक्वेट हॉल में परिवार मिलन एवं मातृशक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें मातृ शक्ति को सम्मानित किया जाएगा। मंच के विभाग प्रचारक प्रशांत शर्मा ने बताया कि आयोजन 25 मार्च को शाम 04 बजे होगा। इसमें लोगों को स्वदेशी के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।

### कोलकाता में 26 से जीआई हस्तशिल्पों का महाउत्सव

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) की ओर से 26 से 29 मार्च तक कोलकाता के एक्रोपोलिस मॉल में भारतीय हस्तकला उत्सव 2026 आयोजित किया जाएगा। चार दिवसीय यह मेला जीआई (भौगोलिक संकेतक) टैग वाले पारंपरिक हस्तशिल्पों को बढ़ावा देने और कारीगरों को बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से लगाया जा रहा है। ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने बताया कि इसमें देशभर से लगभग 50 कारीगर और शिल्प गुरु अपने पारंपरिक उत्पादों के साथ भाग लेंगे। उपाध्यक्ष सागर मेहता के अनुसार यह आयोजन कारीगरों, डिजाइनरों और खरीदारों के बीच सीधा संवाद स्थापित करेगा। इसमें आने वाले लोग न केवल उत्पादों को करीब से देख सकेंगे।

# स्कूली वाहनों के संचालन में मानकों की अनदेखी पर सख्ती के निर्देश

## मानकों पर अनफिट वाहनों के संचालन से सड़क हादसों पर नहीं लग रहा प्रभावी अंकुश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी अनुज सिंह, साथ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल व अन्य अधिकारी।

- 900 स्कूली बसों में से अब तक लगभग 400 बसों का ही कराया गया है भौतिक सत्यापन

**अमृत विचार :** जिले में सड़क हादसे में लोगों की जान जा रही है लेकिन नियमों को सख्ती से पालन न होने से इन पर अंकुश नहीं लग रहा है। पिछले दिनों शहर में सड़क हादसे में भी कई की जान जा चुकी है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल की मौजूदगी में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हादसों की गूंज रही। स्कूली वाहनों और अन्य वाहनों के फिटनेस मानक को सख्ती से पूरा कराने पर जोर दिया गया।

जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आनंद निर्मल से स्कूल बसों के संचालन के बारे में पूछा। उन्होंने बताया कि जिले में 900 स्कूली बसें हैं जिनके सापेक्ष करीब 400 बसों की भौतिक स्थिति का सत्यापन हो चुका है। जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ा निर्देश दिया कि स्कूली बसों के संचालन में मानकों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं होगी। इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने पिछले दिनों गुलाबबाड़ी और फव्वारा चौराहे पर रोडवेज बसों से घटित दुर्घटनाओं के कारणों की जानकारी रोडवेज के अधिकारियों से ली। वर्ष 2026 में रोडवेज बसों से हुई दुर्घटनाओं और उनसे संबंधित वाहन चालकों का विवरण भेजने का निर्देश रोडवेज के अधिकारियों को दिया। एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि रामपुर दोराहे पर रोडवेज बसें रोक कर सवारियां बैठाने के चलते जाम लगता है, इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि रोडवेज बसों को निर्धारित स्थान पर ही सवारियां बैठाना व उतारना सुनिश्चित कराया जाए। बस स्टेशन के बाहर बस रोक कर सवारियां उतारने और बैठने की परंपरा पर तत्काल प्रभाव से रोक लगनी चाहिए, इसमें रोडवेज के अधिकारी गंभीरता बरतें। नेशनल हाईवे पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के बारे में जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक एनएचएआई से पूछा। जिस पर उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं।

चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर जरूरी सुरक्षात्मक कार्यों की प्रगति पर जिलाधिकारी ने कहा कि नेशनल हाईवे और लोक निर्माण विभाग के मार्ग आपस में जहां मिलते हैं उस स्थान पर सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों का गंभीरता से पालन कराएं। नेशनल हाईवे और लोक निर्माण विभाग के मार्ग आपस में 90 डिग्री पर मिलते हैं जिसके परिणाम स्वरूप वाहन अचानक नेशनल हाईवे पर आ जाते हैं और दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है इसलिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ऐसे सभी स्थलों को चिह्नित कर सुरक्षात्मक कार्य कराना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी ने बताया कि संपर्क मार्गों के लिए रम्बल स्ट्रिप का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, स्वीकृति मिलने के बाद रम्बल स्ट्रिप लगवाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कैच की पुलिया, छजलैट तिराहा, उमरी चौराहा, मझोला थाने के सामने, इस्लामनगर चौराहा, किला तिराहा, हनुमान मूर्ति, रामगंगा नदी सेतु,और कोहिनूर तिराहा सहित अन्य चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर कराए गए सुरक्षात्मक कार्यों की प्रगति पूछी।

## साइंस फॉर ऑल पहल से बच्चों में जगी जिज्ञासा

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** विकास खंड कुंदरकी स्थित प्राथमिक विद्यालय इमरतपुर फखरूद्दीन में मंगलवार को समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एसआरएम यूनिवर्सिटी सोनीपत की डॉ. प्रतिभा गौड़ ने किया, जबकि आयोजन में शिक्षक ऋषिकेश नारायण शुक्ला का सहयोग रहा।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और अंधविश्वासों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस दौरान बच्चों ने कोरोना महामारी पर आधारित सुंदर चित्र बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। डॉ. प्रतिभा गौड़ ने अपने साइंस फॉर ऑल प्रोजेक्ट के तहत कहानी, चित्रांकन और सरल प्रयोगों के माध्यम से बच्चों को विज्ञान के मूल सिद्धांत समझाए। बताया कि यह पहल दिव्यांग बच्चों में जिज्ञासा बढ़ाने और उन्हें वैज्ञानिक सोच की ओर प्रेरित करने का प्रयास है। अंत में बच्चों को पुरस्कार के रूप में बैग देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान मोहम्मद दिलशाद हुसैन, प्रधानाध्यापिका रितिका गुप्ता, सहायक अध्यापक मीरा सैनी, शिक्षामित्र मुनाजिर हुसैन आदि रहे।

# उड़ानों पर संकट, यात्रियों में डर से टूरिज्म प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 150 से अधिक लोगों ने रद्द किए टूर, फ्लाइट निरस्त होने से परिजनों से मिलने तक में बाधा

**अमृत विचार :** पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का असर अब शहर के लोगों की विदेश यात्रा पर पड़ रहा है। पचपेड़ा निवासी अनिल और उनकी पत्नी विनोद अपने इकलौते बेटे आशीष और बहू से मिलने अमेरिका जाना चाहते थे, उनकी 16 मार्च की फ्लाइट जिसे एयरलाइंस ने 12 मार्च को ही निरस्त कर दी। इसके बाद से वह अपने बेटे से मिलने के लिए परेशान हैं।

बीते दो सप्ताह में शहर के उद्यमियों और सैर-सपाटे पर जाने वाले 150 से अधिक लोगों ने अपने विदेशी टूर रद्द कर दिए हैं। अमेरिका सहित कई देशों के लिए बुक कराए गए फ्लाइट टिकट और होटल भी ट्रैवल एजेंसियों के माध्यम से कैंसिल कराए जा चुके हैं। इससे शहर की ट्रैवल एजेंसियों को डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। मुरादाबाद से पीतल, ब्रास, एल्युमिनियम, वुड और कांच के उत्पाद करीब 150 देशों में निर्यात होते हैं। शहर के कई कारोबारियों के अमेरिका, लंदन, दुबई, रूस समेत अन्य देशों में कार्यालय और प्रतिष्ठान हैं। वहीं, दो हजार से अधिक परिवार खाड़ी देशों में सेवाएं दे रहे हैं। युद्ध के चलते हवाई और समुद्री मार्गों पर प्रतिबंध लगने से व्यापारिक यात्राएं भी प्रभावित हुई हैं। हाल ही में विवाह के बाद हनीमून की योजना बनाने वाले कई जोड़ों ने भी अपने टूर कैंसिल कर दिए हैं। वहीं, यूरोप, ओमान, बहरीन, दुबई, आबूधाबी और कतर जैसे देशों से पर्यटकों का मोहभंग हो रहा है। इसके विपरीत अब युवा वर्ग थाईलैंड, सिंगापुर, वियतनाम, जापान, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे शांत देशों को प्राथमिकता दे रहा है। विदेश में उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश लेने की योजना बना रहे छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों ने भी फिलहाल कदम पीछे खींच लिए हैं।

> युद्ध की स्थिति का सीधा असर पर्यटन पर पड़ा है। लोग टिकट रद्द करा रहे हैं और नई बुकिंग भी नहीं कर रहे हैं, जिससे उद्योग प्रभावित हो रहा है। - **अकबर हुसैन**, संचालक, अकबर टूर एंड ट्रेवल्स

> कारोबार ठंडा पड़ा हुआ है। पहले जहां रोज 25-30 इन्क्वायरी आती थीं, अब बहुत कम रह गई हैं। लोग विदेश यात्रा को लेकर असमंजस में हैं। - **सतीश अरोड़ा**, संचालक, प्रेम टूर एंड ट्रेवल्स

# बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई हुई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



टैक्स के बकायेदारों के प्रतिष्ठान सील करते नगर निगम के कर्मचारी।

- लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब एक सप्ताह का समय
- 31 मार्च तक वसूली का लक्ष्य पाने के लिए नगर आयुक्त ने दिया है

**अमृत विचार :** नगर निगम के गृहकर व जलकर के बकाएदारों पर टीमों ने मंगलवार को भी कार्रवाई की। 15 बड़े बकाएदारों के प्रतिष्ठान सील कर दिए गए। टीमों ने 74 लाख, 18 हजार 947 रुपये के टैक्स की वसूली भी की। शासन से मिले लक्ष्य को 31 मार्च तक हर हाल में पूरा करने का निर्देश नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने दिया है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में टीमों ने पीरगैब निवासी सगीर अहमद पर टैक्स का 1,31959.26 रुपये बकाया होने के चलते प्रतिष्ठान सील कर दिया। यहीं के वाजिद पर टैक्स का 1,35,992 रुपये बकाया था जबकि कटार शहीद के मोहम्मद सादिक पर 1,41,989.54 रुपये, पीरगैब के अमील पर 76,970.04 रुपये बकाएदारी के चलते प्रतिष्ठान सील कर दिए गए। पीरगैब के ही यूसुफ पर टैक्स का 66,455.74 रुपये और शिवनगर के ताहिर साबिर कुरैशी पर 1,29,683.78 रुपये, मीना नगर के आबिद हुसैन के प्रतिष्ठान पर 4,93,919.84 और सर सैय्यद नगर की मंजू एहसान पर टैक्स का 1,05,674.40 रुपये व धीमरी की हुसानी बानो पर 1,87,988.66 रुपये और ट्रांसपोर्ट नगर के राशिद पर 1,55,077.10 रुपये की बकाएदारी के चलते प्रतिष्ठान सील कर दिए गए।

इसके अलावा मोहल्ला ठठेरा, पीरजादा, करूला, पंडित नगला, दिल्ली रोड, काठ रोड और रामपुर रोड पर 17 भवनों पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। टीमों ने 74,18,947 रुपये का बकाया टैक्स राजस्व भी वसूल किया। इस दौरान कर अधीक्षक मंगल सिंह पापड़ा, प्रदीप कुमार चौधरी के अलावा सभी राजस्व निरीक्षक और प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने 31 मार्च तक हर हाल में लक्ष्य को हासिल करने का निर्देश दिया है।

## प्रदूषण फैलाने वाली 73 इकाइयों पर होगी कार्रवाई

**मुरादाबाद,अमृत विचार:** जिले में प्रदूषण फैलाने वाली 73 औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए उनकी रिपोर्ट प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ को भेज दी है। इन्हें बंद कराने की अनुमति मांगी है। इनमें तीन वाटर इकाइयां है।

मंगलवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डीके गुप्ता ने बताया कि ये इकाइयां घनी आबादी वाले क्षेत्रों में संचालित हैं और पर्यावरण मानकों का उल्लंघन कर रही हैं। इनमें विशेष रूप से पीतल गलाने वाली भट्ठियां और ई-वेस्ट प्रोसेसिंग से जुड़ी इकाइयां शामिल हैं, जो बिना वैध अनुमति के संचालित की जा रही हैं। कार्रवाई से पहले विभाग द्वारा सभी संबंधित इकाइयों को शो-कॉज नोटिस जारी किए हैं।

# टी-20 में रुक्मणी व आर्यांश की दमदार जीत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



टूर्नामेंट के पहले दिन खिलाड़ियों के साथ पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एमपीएस के मैदान पर मंगलवार को अवस्थी मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। डीएसए मुरादाबाद और अवस्थी मेमोरियल कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

पहले मुकाबले में रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ने सेंट पॉल क्रिकेट अकादमी को 57 रन से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रुक्मणी टीम ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 195 रन बनाए। अमन नवाब ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंदों पर नाबाद 95 रन बनाए। जवाब में सैंट पॉल की टीम 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 137 रन ही बना सकी। गेंदबाजी में मोहम्मद उस्मान और कृष्णा यादव ने तीन-तीन विकेट झटके। अमन नवाब को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में आर्यांश क्रिकेट अकादमी ने एमपीएस क्रिकेट अकादमी को आठ विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमपीएस टीम 16.3 ओवर में 93 रन पर सिमट गई। जवाब में आर्यांश ने 11.2 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। साहिल सिंह ने 45 और रोबिन शर्मा ने नाबाद 39 रन बनाए। साहिल सिंह को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। अंपायरिंग रईस अहमद व शमशाद अल्वी ने की, जबकि कमेंट्री नजाकत अली ने संभाली। इस मौके पर डीएसए सचिव विजय गुप्ता, कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी, रणजी खिलाड़ी शिवम शर्मा, मोहम्मद हसीन, मिर्जा दानिश आलम, सलीम खान, विपुल चौधरी आदि मौजूद रहे।

## ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया



ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम। ● अमृत विचार

**रामपुर, अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जिले में स्थापित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में रखी ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, डबल लॉक सिस्टम एवं अभिलेखों के रख-रखाव का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी व्यवस्थाएं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था एवं पारदर्शिता के संबंध में अवगत कराया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे।

# टीबी मुक्त घोषित गांवों के प्रधान सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कलेक्ट्रेट सभागार में विश्व क्षय रोग दिवस एवं टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कार्यक्रम मनाया गया

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को विश्व क्षय रोग दिवस एवं टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कार्यक्रम मनाया गया। जिले में वर्ष 2025 में 27 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित किया गया है, जिसमें से 1 गोल्ड के मानदंड पर, 2 सिल्वर एवं 24 कास्य के मानदंड को पूरा कर चयनित किए गए हैं। इसमें गोल्ड कलर एवं सिल्वर कलर और कांस्य के लिए चयनित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान को महात्मा गांधी की प्रतिमा और टीबी मुक्त पंचायत का प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

एडी हेल्थ आशु अग्रवाल ने बताया कि यह उपलब्धि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम प्रधान, सीएचओ व आशा के सामूहिक प्रयासों से संभव हुआ है। जिले की ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने की दिशा मे यह प्रयास महत्वपूर्ण कदम है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित किया। इसके साथ ही 100 दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारम्भ किया गया।

ज़िला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एन के कुरैचया ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत सतत व व्यापक टीबी उन्मूलन प्रयास सुनिश्चित करने के लिए 24 मार्च से 100 दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसमें उच्च जोखिम वाली आबादी में व्यापक स्तर पर टीबी की स्क्रीनिंग की जाएगी। सभी का एक्स रे व संदिग्ध की नाट मशीन द्वारा टीबी की जांच की जाएगी, ही टीबी की पुष्टि होने पर तुरंत इलाज शुरू किया जायेगा। जिला कार्यक्रम समन्वयकम डॉ. मुहम्मद जावेद ने टीबी के लक्षणों की जानकारी दी। जिले में ब्लॉक ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत कुआंखेड़ा, पाडला, खइखेड़ा, बालापुरा, कुंडेसरा, परतापपुर, कल्याणपुर, मादरपुर, ब्लॉक डिलारी की नवादा, फरीदपुर कासम, ब्लॉक कुंदरकी की मालीपुर, लादपुरा, अब्दुल्लापुर, ब्लॉक मुंडापाण्डेय की भिकनपुर, ब्लॉक भोजपुर की वाजिदपुर, नरेंद्रपुर, ब्लॉक छजलैट की अलीपुर कुई, देहरी जुम्मन, मंकूआ, पठानगी, राना नगला, बिलारी ब्लॉक की चन्दनपुर, उदयपुर नरोली, रामपुर धतरोटा, नोसना, खाता, उमरा गोपालपुर ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। ज़िला पंचायत राज अधिकारी अलोक शर्मा ने कहा कि जिला टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है।

## आधे से ज्यादा मूल्यांकन निपटा

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन तेजी से हो रहा है। पांच मूल्यांकन केंद्रों पर कुल 4,99,481 उत्तरपुस्तिकाओं में से मंगलवार तक 2,86,316 की जांच पूरी कर ली गई है। जबकि 2,13,165 कॉपियां अभी जांची जानी है।

मूल्यांकन केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक और पुलिस बल की तैनाती की गई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि कार्य को समयसीमा के भीतर पूरा करने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। केंद्रवार प्रगति में महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज सबसे आगे है, जहां 69.88 प्रतिशत कॉपियां जांची जा चुकी हैं। वहीं, जीजी हिंदू इंटर कॉलेज केंद्र पर 48.17 प्रतिशत कार्य के साथ रफ्तार सबसे धीमी बनी हुई है।

# श्रीराम के आदर्श समाज के लिए प्रेरणा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



प्रदर्शनी का अवलोकन करते रजा लाइब्रेरी के निदेशक एवं अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रजा लाइब्रेरी में रामनवमी पर भगवान श्रीराम के जीवन एवं आदर्शों पर प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र एवं श्रीवेंकटेश्वर विश्वविद्यालय की मधु चतुर्वेदी ने किया। प्रदर्शनी में कम्ब रामायण, मानस-पीयूष, भुशुण्डी रामायण, जगमोहन रामायण उड़िया भाषा, श्री रंगनाथ रामायण तेलुगु, श्री मोल्ल रामायण तेलुगु, कृत्तिवास रामायण बंगला, गिरिधर रामायण गुजराती, मैथिली रामायण, शत्रुंजय रामायण असमिया, अध्यात्म रामायण मलयालम तथा भानुभक्त रामायण नेपाली प्रमुख हैं।

दरबार-ए-हाल में लगी प्रदर्शनी में भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों, मर्यादा, त्याग एवं धर्म के प्रति उनके समर्पण को विभिन्न दुर्लभ चित्रों, पांडुलिपियों एवं साहित्यिक स्रोतों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। इसके अतिरिक्त, रामचरितमानस की चुनिंदा चौपाइयों को अत्यंत आकर्षक एवं कलात्मक रूप में प्रदर्शित किया गया है, जो भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र, मर्यादा एवं लोकमंगलकारी स्वरूप का प्रभावशाली वर्णन प्रस्तुत करती हैं। इस अवसर पर पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और इस प्रकार की प्रदर्शनी से नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने में सहायता मिलेगी। कहा कि यहूदी समुदाय भारत में आज भी मिलता है, पारसियों को भारत में शरण मिली और भारत ने उन्हें इस प्रकार अपनाया कि वे आज देश के सबसे समृद्ध अल्पसंख्यकों में गिने जाते हैं। पारसी समुदाय से अनेक बड़े उद्योगपति, विद्वान और विधिवेत्ता हुए हैं। भारत केवल दूसरों की मनीषा को स्वीकार ही नहीं करता, बल्कि उसे फलने-फूलने और विकसित होने का अवसर भी देता है और यही भारत की वास्तविक शक्ति है।

## सीएम डैशबोर्ड समीक्षा में फिसड्डी योजनाओं पर सख्ती

**मुरादाबाद,अमृत विचार:** जनपद में विभिन्न विकास योजनाओं की धीमी प्रगति पर मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने कड़ा रुख अपनाया है। मंगलवार को सीएम डैशबोर्ड एवं सीएम आईएस पोर्टल पर प्रदर्शित कम प्रगति वाले कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को 27 मार्च तक लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मंगलवार को बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए पीओ नेडा को अगले तीन दिनों के भीतर 65 प्रतिशत सोलर रूफटॉप स्थापना पूर्ण करने को कहा। समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों को पूर्व दशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## न्यूज डायरी



### काली माता मंदिर में सामूहिक आरती सुख-समृद्धि के लिए की कामना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में मंगलवार को लालबाग स्थित प्राचीन काली माता मंदिर में सामूहिक आरती का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल 'जॉनी' और प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता आदि ने आरती कर माता रानी से शहर की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की इस अवसर पर एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, एडीएम सिटी ज्योति सिंह, एसपी ग्रामीण कुमार आकाश सिंह, सीओ कांठ अभिनव द्विवेदी, एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव पंकज वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट विनय पांडे और एमएसएमई के ज्वाइंट कमिश्नर योगेश कुमार सिंह, संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश संयोजक विशाल अग्रवाल, सुप्रीत खन्ना, टोनी सहगल, गौरव अग्रवाल, आशुतोष गुप्ता आदि रहे।





### आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से दलित समाज में खुशी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सुप्रीम कोर्ट के धर्मांतरण और एससी-एसटी आरक्षण से जुड़े आदेश पर दलित समाज में खुशी रही। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) के बैनर तले लोगों ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी जताई। संगठन के लल्ला बाबू द्रविड़ ने सुप्रीम कोर्ट और इस मुद्दे पर संघर्ष करने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया। कहा यह महत्वपूर्ण निर्णय है। अब दोहरे लाभ लेने पर रोक लगेगी। जानकारी के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म से अन्य धर्म-जैसे इस्लाम या ईसाई धर्म-में परिवर्तन करने वाले व्यक्तियों को अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) से संबंधित लाभ नहीं मिलेंगे। सिविल लाइन स्थित आंबेडकर पार्क में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर सुप्रीम कोर्ट के प्रति आभार प्रकट किया और फैसले का स्वागत किया। लल्ला बाबू द्रविड़ ने कहा कि यह निर्णय न्याय के हित में है और इससे उन लोगों पर अंकुश लगेगा जो नियमों के विपरीत लाभ लेने का प्रयास करते हैं।



### छात्राओं ने नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाल कर दिया संदेश

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** गोकुल दास कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों ने मंगलवार को नशा मुक्ति के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए महाविद्यालय परिसर से जागरूकता रैली निकाली। छात्राओं ने समाज को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर संदेश दिया। शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा ने किया। कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वह नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को सकारात्मक और रचनात्मक कार्यों में लगाएं। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाएं समाज में परिवर्तन लाने की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो अपने प्रयासों से लोगों को जागरूक कर सकती हैं। नशा व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को कमजोर कर देता है और उसे गलत दिशा में ले जाता है। इसलिए सभी छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, खेल-कूद, योग और शिक्षा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना चाहिए।

### एडीओ पंचायत पर गबन में सहयोग करने का आरोप, जांच की मांग

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** जिले के ठाकुरद्वारा ब्लॉक के बहादुरनगर ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर ग्राम प्रधान के खिलाफ उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रधान के पति पर एडीओ पंचायत पद का फायदा उठाकर गबन में सहयोग करने का आरोप भी लगाया है। शिकायतकर्ताओं में ओमप्रकाश, कृपाल सिंह, आनंद सिंह, आनन्दी, दीपक कुमार, ठकरी आदि का आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों में लाखों रुपये का गबन और सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। उन्होंने मांग की है कि मामले की जांच जिला स्तरीय अधिकारी से कराई जाए। ग्रामीणों ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के संबंध में कभी भी खुली बैठक नहीं की गई और न ही कोई एजेंडा जारी किया गया। बंद कमरे में फर्जी प्रस्ताव तैयार कर कार्यों को स्वीकृत दिखाया गया। कई विकास कार्यों को बार-बार दर्शाकर फर्जी बिल और बाउचर के माध्यम से धन निकासी की गई।

## सप्तम कालरात्रि



मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी – काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी कालरात्रि की पूजा से शनिदोष खत्म होता है।
बीज मंत्र...
**माँ कालरात्रि: क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः**

## शहर में आज

- भाजपा महानगर कार्यकारिणी में जिला मंत्री नियुक्त होने पर अभिषेक चौबे का स्वागत समारोह दिल्ली रोड स्थित क्लासिक बैंक्वेट हॉल में दोपहर 12 बजे।
- अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा संकट मोचन पार्क विजय नगर में 108 कुंडीय दुर्गा सप्तशती महायज्ञ शाम 05 बजे।
- भारतीय किसान यूनियन (तोमर) की ओर से हिन्दू नववर्ष एवं सप्तमी पर लालबाग स्थित शक्तिपीठ काली माता मंदिर में दीपोत्सव शाम 07 बजे।

# ड्रेनेज खराब, टूटी सड़कों पर बह रहा नाली का पानी

## महापौर कार्यालय के पास प्रभात मार्केट व कई जगहों पर मुश्किलें

- **थोड़ी देर की बारिश में ओवरफ्लो हो जाता है नाली का पानी, गंदगी में चलने को लोग मजबूर**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर में मूलभूत सुविधाओं का भी संकट है। जलनिकासी के प्रबंध ठीक न होने से थोड़ी देर की बारिश में ही नालियां ओवरफ्लो होकर पानी सड़क पर बहने लगता है। अन्य जगहों की बात ही दूर प्रभात मार्केट में जहां महापौर का कार्यालय है वहां भी अक्सर नाली का पानी सड़क पर बहता है। जिससे लोगों को आवागमन में असुविधा होती है। इसके अलावा आशियाना फेज एक व दो, रामगंगा विहार में कई जगह ड्रेनेज सिस्टम की बदहाली से गंदगी पसरी रहती है। टूटी सड़कें भी नागरिकों को दर्द दे रही हैं।

स्मार्ट सिटी में सड़कें व नालियां भी व्यवस्था की लचर कार्यशैली का शिकार हैं। बिन मौसम थोड़ी देर की बारिश में भी नाली का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहता है। वहीं कई पॉश कॉलोनियों की सड़कें टूटी हैं। आशियाना फेज एक व दो, रामगंगा विहार, हाई स्ट्रीट रोड व अन्य कई जगह सड़कें जर्जर व टूटी हैं। नालियों की नियमित सफाई न होने से गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहता है। जो क्लीन एंड ग्रीन सिटी में विभागों की कार्यप्रणाली को मुंह चिढ़ाता है। आशियाना फेज एक जो एमडीए की कॉलोनी है यहां भी सड़कें टूटी और धंस गई हैं। नाली का पानी भी अक्सर इनमें भरा रहता है। दीनदयाल नगर में भी सड़कों की स्थिति ठीक नहीं है। साईं मंदिर वाली सड़क कई जगह टूटी व धंसी है। इसके अलावा बुद्धि विहार में भी यही स्थिति है। जिसके चलते सफाई व्यवस्था भी प्रभावित होती है। वार्डों में नामित एजेंसियों के माध्यम से डोर टू डोर कूड़ा उठान नियमित न होने से कूड़ा भी पसरा रहता है। जिससे संक्रामक बीमारियों की आशंका भी बनी है। कॉलोनियों के अंदरूनी हिस्सों में न तो नगर निगम व न ही एमडीए का ध्यान है, जिससे नागरिकों की समस्या कम नहीं हो रही है। सीवरेज सिस्टम के लिए चल रहे कार्यों से भी आए दिन लोग परेशान होते रहते हैं। लेकिन समस्या का समाधान नहीं होता है।



रेड सफायर के सामने टूटी सड़क। • अमृत विचार



कायरान हॉस्पिटल के सामने चल रहा सड़क निर्माण। • अमृत विचार

## ड्रम, बोतल व केन में पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर रोक

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से खाड़ी देशों में युद्ध को देखते हुए पेट्रोलियम पदार्थो की जमाखोरी/मूल्यवृद्धि न हो इसके लिए व्यापक भ्रमण/सर्तकता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने जिले की समस्त गैस एजेंसियों/रिटेल आउटलेटस को अपने प्रतिष्ठान से आवश्यक वस्तुओं का वितरण पूरी सर्तकता के साथ लाभार्थियों को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रिटेल आउटलेट से केवल वाहनों में ही ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिया है। कहा कि किसी भी दशा में ड्रम बोतल एवं कैन आदि में पेट्रोल/डीजल की बिक्री न की जाए। वहीं घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति वैध कनेक्शनधारी को नियमानुसार ओटीपी से गैस बुकिंग के बाद ही निर्धारित मूल्य पर ही आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

इसके अलावा जिले के समस्त रिटेल आउटलेट संचालक 1000 लीटर डीजल व 500 लीटर पेट्रोल और समस्त गैस एजेंसी संचालक 50 घरेलू गैस सिलेण्डर स्टॉक में अग्रिम आदेश तक संरक्षित रखेंगे। उन्होंने कहा कि अपरिहार्य स्थिति में ही उच्च अधिकारियों के आदेश के अनुसार आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे।

# चैत्र नवरात्रि: छठे दिन भक्तिभाव से हुई मां कात्यायनी की आराधना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के छठें दिन मंगलवार को मां कात्यायनी की आराधना श्रद्धा और उल्लास के साथ की गई। भोर से ही मंदिरों और घरों में भजन-कीर्तन गूंजने लगे। श्रद्धालुओं ने घरों में सजी चौकी पर विधि-विधान से माता रानी की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने मां को पुष्प, चुनरी, नारियल और प्रसाद अर्पित कर आशीर्वाद लिया। कई स्थानों पर कन्या पूजन की तैयारियां भी की गईं। दोपहर बाद विभिन्न मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर दुर्गा सप्तशती का पाठ व विशेष अनुष्ठान आयोजित किए गए, जो देर शाम तक चलते रहे। मंत्रोच्चार और भक्ति संगीत से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा।

**घर-घर सजी माता की चौकी :** नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने घरों में सुंदर चौकी सजाकर मां कात्यायनी की प्रतिमा स्थापित की। फूल-मालाओं, दीपक और धूपबत्ती से सजे पूजा स्थल आकर्षण का केंद्र बने रहे। परिवार में सभी सदस्यों ने मिलकर माता-रानी का गुणगान किया।

**बाजारों में रही रौनक :** नवरात्र को लेकर बाजारों में भी अच्छी खासी भीड़ रही। मकबरा, कटरा, मंडी चौक, बुधबाजार के साथ ही कालोनियों में घर के आसपास से लोगों ने दुकान से पूजा सामग्री, फल, नारियल की खरीदारी की। दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही, जिससे व्यापारियों के चेहरे खिले नजर आए।



काली माता मंदिर में आरती करते व्यापारी। • अमृत विचार



दीनदयाल नगर स्थित राम मंदिर में भजन करती महिलाएं। • अमृत विचार

### कभी फुर्सत हो तो जगदंबे...

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** वैश्य समाज उत्तर प्रदेश महिला संगठन की ओर से मंगलवार को श्रीराम मंदिर में नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की आराधना भक्ति-भाव के साथ की गई। इस दौरान महिलाओं ने नृत्य करते हुए मां अंबे का कीर्तन किया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। माता रानी की प्रतिमा का सोलह श्रृंगार कर सजाया गया। शाम को पंचमेवा के साथ मां का 43वां खप्पर भरा गया। खप्पर भरते ही मंदिर में जयकारे गूंजे। कभी फुर्सत हो तो जगदंबे, तू मुझे बुलाया शेरा वालिए, मेरी विनती सुनो महारानी मैं चाकर तुम्हारा हूं, मैया तेरी अंखियां सूरमेदानी, तेरे स्वागत में मैया जी मैंने पलकें बिछाई हैं जैसे भजनों से मातारानी का गुणगान किया। अंत में सभी भक्तों को पंचमेवा एवं श्रृंगार का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर संयोजक अरविंद गुप्ता, सुनीता गुप्ता, श्रेया गुप्ता, भावना गुप्ता, शुभी रस्तोगी, रेनू, मिलन गुप्ता, सोनिया गुप्ता, शैफाली रस्तोगी, नीलम रस्तोगी, सुरजीत, डॉ. मोहिनी, नीलम शर्मा आदि मौजूद रहीं।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख का दूसरा बेटा भी गिरफ्तार, भेजा जेल

- **दो गुटों में जमकर बवाल व मारपीट में पूर्व ब्लॉक प्रमुख समेत 13 पर दर्ज है मुकदमा**

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार:** गांव में ही दो गुटों में जमकर बवाल व मारपीट में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीड़ित की ओर से पूर्व ब्लाक प्रमुख समेत 13 लोगों पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख के दूसरे बेटे को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव करनपुर के निवासी अरशद ने मुकदमा पंजीकृत कराते हुए बताया था कि ईद के दिन उसके परिवार के बच्चे नमाज पढ़ने के लिए घर के पास की मस्जिद में गए थे। जहां गांव के पूर्व ब्लॉक प्रमुख हाजी वाजिद ने उसके परिवार के बच्चों को नमाज पढ़ने से मना कर दिया। गाली देकर भगा दिया। हाजी वाजिद से बच्चों के साथ गाली-गलौज करने के बारे में पूछने पर हाजी वाजिद और उसके पुत्र हैदर अली, जनाब अली, मारूफ अली, शहनवाज , मोहम्मद कैफ, शाजिद पुत्र मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद सैफ अली पुत्र साजिद, ओसाव उर्फ छोटू पुत्र साजिद, सानिव पुत्र साजिद, समीर पुत्र साजिद, मोहम्मद साहिन पुत्र मोहम्मद हुसैन, समीर उर्फ पप्पू पुत्र साहिन निवासी करनपुर ने गाली गलौज कर मारपीट की। एक राय होकर सभी ने जान से मारने की नीयत से पत्नी अरजेशमा एवं भाई नोमान के ऊपर तेज धारदार हथियार, लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसमें उसकी पत्नी और भाई को गंभीर चोटें आई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पूर्व ब्लाक प्रमुख के एक बेटे जनाब अली को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं अब मंगलवार को दूसरे बेटे मारुफ अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## कार ने बाइक सवार चाचा-भतीजी को मारी टक्कर

**अगवानपुर, अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अगवानपुर में सोमवार को सड़क हादसे में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार चाचा-भतीजी को टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें परिजनों ने पुलिस की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बच्ची के पिता नय्यर अब्बास की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

अगवानपुर के कांवड़ पथ रोड स्थित समर वैली स्कूल से छुट्टी के बाद राहिल अब्बास अपनी 7 वर्षीय भतीजी को लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। स्कूल से कुछ ही दूरी पर सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई।हादसे में राहिल अब्बास की एक टांग टूट गई, जबकि उनकी भतीजी भी गंभीर रूप से घायल हो गई।

# 132 गांवों में शुरू होंगी डिजिटल लाइब्रेरी

- **करोड़ों की लागत से फर्नीचर व पुस्तकें डिजिटल लाइब्रेरी में पहुंचीं**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर देने के लिए जिले के 132 गांवों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की गई हैं। इन लाइब्रेरी में अब किताबें और फर्नीचर पहुंचना शुरू हो गया है, जिससे जल्द ही इनका संचालन शुरू होने की उम्मीद है।

मंगलवार को जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार शर्मा ने बताया कि इन डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राएं अब अपने गांव में ही रहकर सरकारी नौकरियों की तैयारी कर सकेंगे। साथ ही उन्हें साहित्य, सामान्य ज्ञान और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित सामग्री भी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। प्रत्येक डिजिटल लाइब्रेरी में करीब 1 लाख 80 हजार रुपये की किताबें उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसमें 90 हजार रुपये की पुस्तकें राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा दी जा रही हैं,जबकि 90 हजार रुपये की पुस्तकें हिंदुस्तान अकादमी, प्रयागराज की ओर से उपलब्ध कराई जाएंगी। लाइब्रेरी को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए प्रत्येक केंद्र पर एलईडी,कैमरा,दो डेस्कटॉप कंप्यूटर, यूपीएस और कंप्यूटर टेबल सहित करीब एक लाख 30 हजार रुपये का फर्नीचर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने प्रबंध निदेशक यूपी डेस्को को कुल 1 करोड़ 71 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। डिजिटल लाइब्रेरी शुरू होने से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का नया मंच मिलेगा और वे शहरों की तरह बेहतर संसाधनों के साथ अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे।

# आपदा से निपटने के लिए हमेशा रहना चाहिए तैयार

- **होमगार्डों को दी प्राकृतिक व कृत्रिम आपदा में बचाव की जानकारी**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** चेतन चौहान मण्डलीय प्रशिक्षण केन्द्र होमगाड्र्स में दो दिवसीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण के पहले दिन मंगलवार को सहायक उप नियंत्रक सतीश कुमार ने अचानक आने वाली प्राकृतिक या कृत्रिम आपदा के बारे में बताया। उससे बचाव के तरीके की जानकारी दी।

उन्होंने यह भी बताया कि अचानक हुए हवाई हमले में अन्दर ज्यादा सुरक्षित है जबकि प्राकृतिक आपदा जैसे भूकम्प आदि में हमें हमेशा खुले स्थान पर शेल्टर लेना चाहिए। सहायक उप नियंत्रक सतीश ने होमगाड्र्स को अग्निशमन यन्त्र चलाना सिखाया। यह भी बताया कि यदि आग ज्यादा लगी है तो फायर बिग्रेड के आने से पूर्व उसे फैलने से कैसे रोक सकते हैं और होने वाले नुकसान को कैसे कम कर सकते है। इसके साथ ही होमगाड्र्स को आग का वर्गीकरण भी बताया। नागरिक सुरक्षा के उप नियंत्रक नीरज चक ने नागरिक सुरक्षा में होमगाड्र्स को बताया कि कोई भी आपदा कह कर नहीं आती है इसलिए हमें हमेशा ही इससे निपटने को तैयार रहना चाहिए।

## हिंदू कॉलेज में छात्रों को दी निवेश की जानकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** हिंदू कॉलेज के सभागार में मंगलवार को वाणिज्य संकाय द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं पूंजी बाजार विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यव्रत सिंह रावत ने की। उन्होंने कहा कि जितनी लंबी अवधि के लिए निवेश किया जाएगा, उतना अधिक लाभ मिलने की संभावना होती है। मुख्य वक्ता मोहम्मद इजहार, डिप्टी मैनेजर, एनएसई ने बताया कि एक शुरुआती निवेशक किस प्रकार छोटे-छोटे निवेश से अपनी पूंजी का निर्माण कर सकता है। सेमिनार में 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान कराया।



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में

कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

बरेली का एकमात्र PET CT

पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए

हमारी सेवाएं

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana – Ayushman Bharat – PM-JAY

प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त

Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com

रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# विकास कार्यों में सिर्फ इमारतें ही नहीं गरीबों और वंचितों की जिंदगी भी संवरी

## प्रदेश सरकार के नौ साल : शासन की नवाचार योजनाओं से बदल रही हकीकत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 20 हजार से ज्यादा पक्के मकान, 11.90 लाख आयुष्मान कार्ड, 46 हजार महिलाएं बनीं 'लखपति'

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के नौ साल के कार्यकाल में जिले में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। केवल सड़कों और बहुमंजिला इमारतों के निर्माण तक विकास कार्य सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज के उस अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया गया जो अक्सर विकास की दौड़ में पीछे छूट जाता है। जिले में 20 हजार से अधिक गरीबों को पक्की छत मिली है, तो 11 लाख से ज्यादा लोगों को आयुष्मान कार्ड के जरिए मुफ्त इलाज की गारंटी दी गई है। वहीं, 46 हजार से ज्यादा महिलाएं लखपति दीदी बनकर आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख रही हैं।

श्रमिकों और अनाथ बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मुरादाबाद में अटल आवासीय विद्यालय मील का पत्थर साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले साल 6 अगस्त को इसका लोकार्पण किया था। कक्षा 6 से 12 तक मुफ्त शिक्षा, साइंस लैब, स्मार्ट क्लास और निशुल्क हॉस्टल वाले इस विद्यालय में फिलहाल 560 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, जिन्हें 27 अध्यापकों की टीम तराश रही है। वहीं, दृष्टि बाधित, मूक-बधिर एवं बौद्धिक दिव्यांगता वाले बच्चों के लिए चारों तहसीलों में सुगम्य पुस्तकालय खोले गए हैं। इसके लिए जिला प्रशासन को वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री पुरस्कार भी मिल चुका है। **गरीबों को पक्की छत और हाथों को मिला काम :** जिले में कच्चे मकानों का सपना पक्की छतों में बदल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 2016-17 से 2024-25 तक 247.23 करोड़ रुपये खर्च कर 20,603 आवास बनाए गए हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 9.84 करोड़ रुपये से 820 आवास पूर्ण हुए हैं। रोजगार की बात करें तो मनरेगा के जरिए 30,33,213 मानव दिवस सृजित कर 85,549 लोगों को रोजगार दिया गया है।

### अन्य महत्वपूर्ण कार्य

- 472 लाख रुपये की लागत से 10 एकड़ भूमि में अम्बेडकर नेचर पार्क बना है।
- रेहड़ी-पटरी वालों के लिए 8 .32 करोड़ रुपये से बन रहे120 वेंडिंग कियोस्क।
- पीतल उद्योग के लिए मुरादाबाद स्मार्ट सिटी ने करियर मित्र वेब पोर्टल बनाया।

### पेंशन से महिलाएं व बुजुर्गों का सशक्तिकरण

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मुरादाबाद में 12,804 स्वयं सहायता समूहों से 1,40,844 परिवारों को जोड़ा गया है, जिसका नतीजा है कि 46,545 महिलाओं की आय 1 लाख रुपये से अधिक (लखपति दीदी) हो गई है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 2017 से अब तक 15,677 जोड़ों के हाथ पीले कराए गए हैं, जिसमें हाल ही में (4-5 दिसंबर 2025) 1636 जोड़ों का विवाह शामिल है। श्रम विभाग ने भी 13,880 श्रमिक परिवारों की कन्याओं का विवाह कराया है। बुजुर्गों के खातों में सीधे पैसे भेजकर 52,628 लाभार्थियों को वृद्धावस्था पेंशन दी जा रही है, जबकि 12,097 नए पेंशनरों को भी स्वीकृति मिल गई है।

# ईदगाह में हुए विवाद पर दोनों पक्षों के खिलाफ रिपोर्ट

**बिलारी ,अमृत विचार :** ईद उल फितर की नमाज के दौरान चंदा इकट्ठा करने पर हुए विवाद का मामला गहरा गया है। इस मामले में ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष और एक मौलाना ने तहरीर दी थी। जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

बिलारी के मोहल्ला अंसारियान निवासी पूर्व सभासद और ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी रफी उर्फ राजू ने कोतवाली में तहरीर दी 21 मार्च को वह ईदगाह में ईद की नमाज की व्यवस्था में लगे हुए थे। तभी ईदगाह में मौजूद मुजीबुर्रहमान और हबीबुर्रहमान उनके पास आकर चंदा करने का विरोध करने लगे। दोनों ने उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और मारपीट भी की। इस दौरान हसन रजा,दानिश और अनीस ने उन्हें बचाया। दूसरे पक्ष मुजीबुर्रहमान पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी मोहल्ला पश्चिम बाजार ने मुकदमा दर्ज कराया कि बिलारी के शहर इमाम की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। जिसके बाद ईदगाह की नमाज पढ़ने के लिए जुम्मा बरेली के मुफ्ती असद रजा ने बिलारी ईदगाह में नमाज और तकरीर के लिए जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती हामिद अली को चुना

# शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण

- केस खत्म कराने को किया निकाह, बाद में घर से निकाला
- न्यायालय के आदेश पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती ने पुलिस विभाग में तैनात युवक पर शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने और बाद में निकाह से मुकरने का गंभीर आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मामले में दोबारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी गांव की युवती से उसकी जान पहचान थी। युवती ने अपने चचेरे भाई जो पुलिस विभाग में कार्यरत है, से उसकी जान-पहचान कराई और निकाह का प्रस्ताव रखा। आरोप है कि करीब पांच वर्ष पूर्व एक सुनियोजित साजिश के तहत आरोपी युवती ने उसे अपने घर बुलाया और कमरे में बंद कर दिया, जहां आरोपी ने उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर भी आरोपी नहीं माना और जल्द निकाह करने का भरोसा देकर उसे शांत कराया। पीड़िता का कहना है कि इसके बाद आरोपी छुट्टियों के दौरान उसे बुलाकर लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा और हर बार निकाह का झूठा आश्वासन देता रहा। जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने दूरी बना ली और अंततः निकाह से इनकार कर दिया। इससे आहत होकर पीड़िता ने 25 सितंबर 2022 को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद मुकदमे से बचने के लिए 29 सितंबर 2022 को आरोपी ने उससे निकाह कर लिया और बाद में न्यायालय में अंतिम रिपोर्ट लगवाकर मामला समाप्त करा दिया। मुकदमा खत्म होते ही आरोपी ने उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# डायट कांठ में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित


मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं। ● अमृत विचार

**कांठ।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) कांठ में मंगलवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में लगभग 40 प्रशिक्षुओं ने भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान चयनित प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन प्रवक्ता शिक्षाशास्त्र शशि बाला द्वारा किया गया। आयोजन में अंशू गुप्ता, डॉ. टीना वर्मा, आशुतोष त्यागी एवं सुनील कुमार सहित अन्य शिक्षकों का सहयोग रहा। प्रतियोगिता में इरम सैफी, यशी विश्नोई, आलिया, नेहा, सागर, महक, इंशा सहित कई प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग कर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

# कार की मांग पूरी न करने पर किया शादी से इनकार

**बिलारी अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के तेवर खास गांव निवासी मोमिना ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसने अपनी बेटी की शादी कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव सीलपुर निवासी मोहम्मद असलम से तय की थी।

बताया कि 13 अप्रैल की शाम को बारात आनी थी । शादी में उन्होंने सारा सामान और मैरिज हॉल भी बुक कर लिया था। महिला ने आरोप लगाया कि अब लड़का मोहम्मद इकरार उसके पिता मोहम्मद असलम, भाई सुभान, बहनोई कादिर ,भाई जुल्फिकार ,इकराम, जुबेदा ,अशरफ और हाफिज उससे शादी में बोलेरो कर की मांग कर रहे हैं ,मांग पूरी नहीं करने पर शादी करने से इनकार कर रहे हैं। महिला ने बताया कि उसने मंगनी में काफी सोना और चांदी के साथ नगद पैसे भी दिए थे।

# महिलाओं को दी गई साइबर क्राइम से जुड़ी जानकारी

- हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर किया जागरूक
- मिशन शक्ति अभियान के तहत किया जागरूक

संवाददाता,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर के मुख्य बाजार में महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक गोष्ठी/चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं व बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गोष्ठी के दौरान महिला उपनिरीक्षक अर्चना तोमर व महिला कॉस्टेबल सोनिका द्वारा प्रतिभागियों को साइबर क्राइम से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई।

साथ ही उन्हें वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, कन्या सुमंगला योजना जैसी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर उनके महत्व को समझाया गया।


साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करतीं पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

## अवैध कब्जे की शिकायत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम सरकड़ा करीम में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। इस संबंध में पूर्व प्रधान राजपाल सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस अधिकारी, तहसील ठाकुरद्वारा को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

## सूचना

मेरे पति स्वर्गीय अजय पाल सिंह पुत्र खेम सिंह द्वारा अपने जीवन काल में भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा पॉलिसी संख्या 240239355 संचालित की गई थी। जिसमें मेरा नाम संगीता दर्ज है जबकि आधार कार्ड में अन्य अभिलेखों में पत्नी के रूप में संजू रानी दर्ज है। मुझे दोनों नाम से जाना जाता है दोनों नाम मेरे ही हैं। संगीता उर्फ संजू रानी पत्नी स्वर्गीय अजय पाल सिंह निवासी कमालपुरी खालसा, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद ।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# आग लगने से फैक्ट्री में सामान जलकर राख

- सैफपुर चित्तू गांव में शार्ट सर्किट से हुआ हादसा

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** मंगलवार सुबह थाना क्षेत्र के सैफपुर चित्तू गांव में नेशनल हाईवे किनारे गोल्डन इंडियन विनियर उद्योग में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने मशीनरी, लाखों का माल व भवन को अपनी चपेट में ले लिया।

फैक्ट्री मालिक अफजल हुसैन ने बताया कि सुबह बिजली केबल शॉर्ट होने से आग भड़क उठी। कर्मचारियों ने बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैल गई। मशीनें, विनियर का स्टॉक व पूरा भवन जलकर राख हो गया। आर्थिक नुकसान लाखों में है। स्थानीय लोगों ने हाईवे पर हंगामा मचा दिया। सूचना पर दमकल की गाड़ियां पहुंचीं और लंबी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कोई हादसा नहीं हुआ। पुलिस जांच कर रही है।


आग लगने के बाद उठतीं लपटें।

# पति, सास- ससुर समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई

**भोजपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने गांव मिलक लालुवाला निवासी विवाहिता की तहरीर पर पति,सास,ससुर व जेठ के खिलाफ दहेज में डेढ़ लाख रुपए और बाइक की मांग को लेकर मारपीट कर घर से निकालने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में गांव मिलक लालुवाला निवासी प्रसोन की बेटी प्रियंका ने कहा है कि पिता ने सात वर्ष पहले गांव रूस्तमपुर तिगरी निवासी पप्पू के साथ विवाह किया था। विवाह दान दहेज के अतिरिक्त दो लाख रुपए नकद दिए थे। दिये गये समान से मेरा पति शनी, सुसर पप्पु पुत्र छोटे, सास राजकुमारी पत्नी पप्पु जेठ अक्षय पुत्र पप्पु खुश नहीं थे। ससुराल वाले कम दहेज देने का ताना मारने लगे और आये दिन गाली गलोच एवं मारपीट करने लगे। डेढ़ लाख रुपये और मोटर साईकिल की मांग करने लगे। ससुराल वालों को कई बार समझाया की मेरे माता पिता गरीब हैं। वह डेढ़ लाख रुपये बाईक कहां से देंगे। तो मेरे साथ में ओर ज्यादा मारपीट करने लगे। थे। दिनांक 17 मार्च को ससुराल वालों ने मारपीट की और पहने हुये कपडों मे घर से निकाल दिया। और धमकी दी अगर हमारे घर वापस आयी तो जान से मार देंगे।

# चार लापरवाह सचिवों का रोका वेतन

**डिलारी, अमृत विचार :** विकास खंड डिलारी में कार्य में लापरवाही बरतने वाले ग्राम पंचायत सचिवों पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। खंड विकास अधिकारी डिलारी ने चार सचिवों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को फैमिली आईडी के कार्य की समीक्षा को लेकर जिला मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई थी। इसमें संबंधित सचिवों को शामिल होना था, लेकिन वे बैठक में उपस्थित नहीं हुए। साथ ही उनके द्वारा फैमिली आईडी के सत्यापन कार्य में अपेक्षित प्रगति भी नहीं पाई गई। खंड विकास अधिकारी ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए सचिव विनोद कुमार, सुशील कुमार, प्रशांत चौधरी और शीतल के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से उनका वेतन रोकने के आदेश जारी कर दिए। पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि जल्द ही कार्य में सुधार नहीं किया गया और संतोषजनक प्रगति नहीं दिखाई गई तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। वहीं अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि फैमिली आईडी कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत की जाए, ताकि कार्य में तेजी लाई जा सके।


## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति बिलासपुर-रामपुर

पत्रांक : 190 दिनांक : 24.03.2026

### दुकान आवंटन सूचना

मण्डी समिति बिलासपुर की उप मण्डी स्थल केमरी में नवनिर्मित खाद्यान्न की अवशेष 06 नग दुकान नीलामी दिनांक 28.03.2026 नियत की गई है। अन्य पिछड़ा वर्ग की दुकान संख्या-03, 07 एवं 09 अनुसूचित जाति वर्ग की दुकान संख्या-01 एवं 05 एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु दुकान संख्या-10 कुल 06 दुकानों की नीलामी कराई जानी है। नीलामी में भाग लेने हेतु पात्रता की श्रेणी में आने वाले व्यक्ति/फर्मे दुकान आवंटन हेतु निर्धारित फार्म शुल्क रू. 295/- मय जी.एस.टी. जमा कराते हुए दिनांक 26.03.2026 तक मण्डी समिति बिलासपुर के कार्यालय से प्राप्त कर पूर्ण करते हुए पता एवं आरक्षण प्रमाणपत्र तथा पंजीकरण धनराशि रू. 33390.00 के बैंक ड्राफ्ट सहित आवेदन पत्र दिनांक 26.03.2026 तक समिति में जमा कराया जायेगा। अन्य नियम व शर्तें मण्डी समिति बिलासपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

(सौमेन्दु कौशिक) सचिव
(अरूण कुमार) उपजिलाधिकारी/सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति बिलासपुर-रामपुर



## कार्यालय नगर पालिका परिषद हसनपुर (अमरोहा)

पत्रांक : 1228/न.पा.परि.ह./026-27 दिनांक : 24.03.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

भूसा, हरा चारा, खल, चौकर, गुड आदि विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हसनपुर जनपद अमरोहा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु हसनपुर में स्थित कान्हा गौशाला में संरक्षित गौवंशों के भरण-पोषण हेतु हरा चारा, भूसा, खल, चौकर, गुड़ आदि क्रय करना चाहती है। इच्छुक विक्रेता हराचारा, भूसा, खल, चौकर, गुड़ की आपूर्ति हेतु माह अप्रैल 2026 से माह जुलाई 2026 तक एवं माह अगस्त 2026 से माह मार्च 2027 तक उक्त आपूर्ति करने हेतु अपनी दरें सील बन्द निविदा नगर पालिका परिषद हसनपुर में दिनांक 28.03.2026 समय 10:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। जो उसी दिनांक को सायं 4:00 बजे टेण्डर कमेटी के समक्ष खोली जायेगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकारी अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका हसनपुर को होगा। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में पालिका के स्वास्थ्य विभाग में संपर्क कर सकते है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | गौवंश के भरण पोषण हेतु पशु आहार का कार्य। (गेहूँ का भूसा, हराचारा, खल, चोकर गुड़) | 10000.00 | 1000.00+ 180.00=1180.00 | 01 अप्रैल 2026 से 31 जुलाई 2026 तक (04 माह) एवं 01 अगस्त 2026 से 31 मार्च 2027 तक (08 माह) |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, हसनपुर (अमरोहा)



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मूंढापाण्डे (मुरादाबाद)

पत्रांक : 5561/आंकिक/क्षे.पं.पत्रा./2025-26 दिनांक : 24 मार्च 2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्नलिखित विवरणानुसार निर्माण कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से दिनांक 24 मार्च 2026 से दिनांक 30 मार्च, 2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक नीचे दर्शाये गये कार्यों की पृथक-पृथक सीलबंद निविदायें (तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड पृथक-पृथक लिफाफों में) प्रतिशत दर के आधार पर आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 30 मार्च 2026 को अपरान्ह 2:00 बजे उपस्थिति निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति द्वारा कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मूंढापाण्डे में खोली जायेगी। कार्य से सम्बन्धित विवरण, निविदा एवं नियम-शर्तें कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से निर्धारत निविदा प्रपत्र मूल्य जमाकर दिनांक 30 मार्च 2026 की अपरान्ह 11:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। कार्यादेश धनराशि की उपलब्धता के आधार पर निर्गत किये जायेंगे। किसी भी निविदा अथवा सम्पूर्ण निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कार्य पूर्ण करने की अवधि 03 माह है। सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | स्वीकृत लम्बाई मीटर में | अनुमानित लागत कर सहित (लाख रू. में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू. में) 500+500 Stationery etc. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम खरगपुर में राम भरोसे के घर से शमशान घाट तक नाला निर्माण कार्य | 80 | 8.05 | 16000.00 | 1000.00 |
| 2. | ग्राम मातीपुर में मैन रोड से इदरीश/वाजिद के घर की ओर सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य | 150 | 9.51 | 19000.00 | 1000.00 |
| 3. | ग्राम अहमदपुर में जाबुल के घर से रियासत के घ्र की तरफ सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य | 55 | 2.70 | 5000.00 | 1000.00 |
| 4. | ग्राम समधी में रविन्द्र के मकान से सुभाष के घर की तरफ सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य | 55 | 3.94 | 8000.00 | 1000.00 |
| 5. | ग्राम देवापुर में पी.डब्लू.डी. रोड से भूरा के घर की ओर सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य | 113 | 9.99 | 20000.00 | 1000.00 |
| 6. | ग्राम जैतिया सादुल्लापुर में मुख्य मार्ग में इन्द्रपाल के घर की तरफ सी.सी. टाईल्स (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य | 55 | 3.13 | 6000.00 | 1000.00 |
| 7. | ग्राम मिलक घोण्डा में भूरा के मकान से विनोद के मकान की तरफ सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य | 164 | 9.99 | 20000.00 | 1000.00 |
| 8. | ग्राम खरगपुर बाजे में सुखवीर के घर से किशनपाल के घर की तरफ सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य | 47 | 2.20 | 4000.00 | 1000.00 |
| 9. | ग्राम कुलीपुर उर्फ नगला में मेन रोड से महावीर के घर की तरफ सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य | 65 | 2.22 | 4000.00 | 1000.00 |
| 10. | ग्राम कुलीपुर उर्फ नगला में पी.डब्लू.डी. से राकेश के मकान की तरफ सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य | 27 | 1.35 | 2500.00 | 1000.00 |
| 11. | ग्राम हिरनखेड़ा में प्रतिभान के घर से ओमकार के घर की तरफ सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य | 146 | 9.56 | 19000.00 | 1000.00 |
| 12. | ग्राम मिलक मेवाती में जर्रार खां के घर से अकबर के घर तक सी.सी. टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य | 97 | 6.79 | 13000.00 | 1000.00 |
| 13. | ग्राम मीतखेड़ा में सार्वजनिक स्थल पर पीने के पानी हेतु बोरिंग, आर.ओ. वाटर कूलर कार्य। | 01 नग | 2.50 | 5000.00 | 1000.00 |
| 14. | ग्राम सरकड़ाखास में सार्वजनिक स्थल पर पीने के पानी हेतु बोरिंग आर.ओ. वाटर कूलर कार्य। | 01 नग | 2.50 | 5000.00 | 1000.00 |
| 15. | ग्राम अक्का डिलारी धर्मशाला पर सार्वजनिक स्थल पर पीने के पानी हेतु बोरिंग, आर.ओ. वाटर कूलर कार्य। | 01 नग | 2.50 | 5000.00 | 1000.00 |
| 16. | ग्राम पैदुरिया (भायपुर) मंदिर पर में सार्वजनिक स्थल पर पीने के पानी हेतु बोरिंग, आर.ओ. वाटर कूलर कार्य। | 01 नग | 2.50 | 5000.00 | 1000.00 |
| 17. | ग्राम गोवर्धनपुर मझरा में सार्वजनिक स्थल पर पीने के पानी हेतु बोरिंग आर.ओ. वाटर कूलर कार्य | 01 नग | 2.50 | 5000.00 | 1000.00 |
| 18. | ग्राम करनपुर वर की मढैया तिराहे पर से सार्वजनिक स्थल पर पीने के पानी हेतु बोरिंग आर.ओ. वाटर कूलर कार्य | 01 नग | 2.50 | 5000.00 | 1000.00 |
| 19. | ग्राम दौलतपुर अजमतपुर में अन्त्येष्टि स्थल निर्माण कार्य | 01 नग | 6.50 | 13000.00 | 1000.00 |
| 20. | ग्राम दलपतपुर में पीने के पानी हेतु बोरिंग, आर.ओ. वाटर कूलर कार्य | 01 नग | 2.50 | 5000.00 | 1000.00 |

खण्ड विकास अधिकारी
मूंढापाण्डे (मुरादाबाद)

प्रमुख
मूंढापाण्डे (मुरादाबाद)

## न्यूज ब्रीफ

### कल से 56 दिन तक बंद होगा राम रहीम पुल

**रामपुर, अमृत विचार :** शाहबाद-रामपुर-बाजपुर मार्ग स्थित राम रहीम पुल की मरम्मत के चलते 56 दिन तक सभी वाहनों के लिए पूर्णत: बंद रहेगा। लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता गौरव सिंह ने बताया कि शौकत अली रोड स्थित राम रहीम पुल पर बीयरिंग, ज्वाइंट्स बदलना एवं मेस्टिक आदि का कार्य होना है। इसके लिए इससे पहले भी गाइडलाइन जारी की गई है। कल 26 मार्च से 20 मई तक ये मरम्मत कार्य होना प्रस्तावित है। जिस कारण राम रहीम सेतु (रेलवे ओवर ब्रिज) की मरम्मत तक पुल पर वाहनों का आवागमन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। इसके लिए वाहनों को जीरो प्वाइंट से होकर ज्वाला नगर और शाहबाद जाना होगा। इसके अलावा फोटो चुंगी रेलवे क्रॉसिंग से आगापुर होते हुए जा सकेंगे।

### महिला टेलर प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**रामपुर, अमृत विचार :** निदेशक आरसेटी देशराज मीणा ने बताया कि नैनीताल रोड, पहाड़ी गेट स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा-आरसेटी में 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के युवतियों एवं युवाओं के लिए 31 दिवसीय महिला टेलर निशुल्क प्रशिक्षण 2 अप्रैल से शुरू होगा। इसके लिए 1 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 35 सीटें निर्धारित हैं, जिनमें से 25 सीटें ग्रामीण क्षेत्रों की गरीब युवतियों के लिए आरक्षित हैं। आवेदन के लिए अभ्यर्थियों को आधार कार्ड, राशन कार्ड व जॉब कार्ड, 5 पासपोर्ट साइज फोटो तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति आरसेटी में आवेदन करना होगा। अधिक जानकारी के लिए 9012183432, 9058382486 एवं 6397879587 पर संपर्क कर सकते हैं।

### हादसे में घायल ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत

**सैफनी, अमृत विचार :** सड़क हादसे में घायल ग्रामीण की मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के भाई ने कार्रवाई के लिए सैफनी थाने में तहरीर दी है। लोगों ने बताया कि क्षेत्र के ताजपुर लखन गांव निवासी सतपाल पुत्र शिवचरण ने थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि उसका भाई 40 वर्षीय रामौतार अपनी



बाइक से सोमवार को सैफनी किसी काम से आए थे रात करीब साढ़े 8 बजे के समय वह अपने घर वापस जा रहे थे। जैसे ही वह लहटोरा गांव के मोड़ के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें बिलारी के स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां से हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल रैफर कर दिया। मंगलवार की सुबह रामौतार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# सीएचसी में अल्ट्रासाउंड मशीन की मांग, सौंपा ज्ञापन



स्वार में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल के व्यापारी। ● अमृत विचार

**संवाददाता स्वार**

**अमृत विचारः** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के व्यापारी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनवर अली के नेतृत्व में मंगलवार को तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने अस्पताल में हो रही असुविधाओं के लिए तहसीलदार अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन तथा सर्जन डॉक्टर के न होने के कारण क्षेत्र की जनता अत्यधिक परेशान है। इस महंगाई के दौर में प्राइवेट हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउंड कराना या किसी भी प्रकार का ऑपरेशन कराना गरीब परिवारों के लिए बहुत बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। एक्स-रे मशीन भी बहुत पुरानी हो चुकी है उसको भी जल्द से जल्द बदला जाए। उन्होंने अल्ट्रासाउंड मशीन तथा सर्जन की शीघ्र तैनाती की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष अनवर अली, उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, महासचिव गुड्डू अली, हाशिम शान, गगन सचदेवा, मोहम्मद इरफान, इरफान अली, रईस अहमद, गुड्डू हाफिज, शाहनवाज, फराज अहमद, मुनीष लाला आदि मौजूद रहे।

## गैस सिलेंडर नहीं मिलने से चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर हो रहीं गृहणियां

# सिलेंडर डिलीवर का मैसेज तो आया, नहीं पहुंची गैस

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** मोबाइल पर सिलेंडर डिलीवर होने का मैसेज आ रहा है लेकिन, घर पर गैस नहीं पहुंची है। उपभोक्ता गैस एजेंसियों पर सिलेंडर के लिए चक्कर लगा रहे हैं। किसी को आठ दिन तो किसी को चार दिन गैस बुक कराए हुए हो गए हैं लेकिन, उनके मोबाइल पर ओटीपी नहीं आया है। गैस नहीं होने से गृहणियां लकड़ी के चूल्हों पर खाना बनाते हुए परेशान हो रही हैं।

गैस सिलेंडर नहीं होने से लोग परेशान हो रहे हैं। शहर निवासी रिजवान बताते हैं कि घर में गैस खत्म होने पर वह बुकिंग करने के लिए एजेंसी पर आए तब मोबाइल पर मैसेज आया कि उनका सिलेंडर 18 मार्च को डिलीवर्ड हो चुका है। जबकि घर पर गैस नहीं पहुंची है उनके मोबाइल पर गैस बुक करने की अगली तारीख 12 अप्रैल आई है। गुलफाम बताते हैं कि उनके घर पर गैस खत्म हुए 5 दिन हो गए हैं। गैस नहीं होने से बहुत परेशानी हो रही है। ईद पर मेहमानों से घर भरा हुआ है। वह गैस के लिए एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन, एजेंसी बंद मिल रही है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो रही है। बताते हैं कि लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाते हुए गृहणियां अलकसा रही हैं। बताया कि लोगों को बिजली के हीटर पर खाना बनाना बहुत महंगा पड़ रहा है। कहते हैं कि ईरान, अमेरिका और इजराइल की जंग ने हम लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है।



बिलासपुर में गैस एजेंसी पर लगी उपभोक्ताओं की भीड़। ● अमृत विचार



मोबाइल पर मैसेज आ रहा है कि गैस डिलीवर हो गई लेकिन, घर पर गैस नहीं पहुंची है। गैस बुकिंग के लिए काफी परेशानी हो रही है। गैस लेने के लिए एजेंसी पर चक्कर लगा रहे हैं। - **रिजवान**



5 दिन से घर में गैस नहीं है। गैस बुक नहीं होने से बहुत परेशानी हो रही है। ईद के त्योहार पर घर में मेहमान भरे हुए हैं गैस नहीं होने से बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा। - **गुलफाम**

### केवाईसी कराने और गैस के लिए एजेंसियों पर भीड़

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को हाईवे स्थित गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ रही। लोग जल्द से जल्द गैस सिलेंडर सुरक्षित करने की होड़ में लंबी-लंबी कतारों में लगे रहे। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें विभिन्न कमियां बताकर लौटाया जा रहा है। कई ग्राहकों का कहना था कि घंटों इंतजार के बाद उन्हें बताया जा रहा है कि उनका केवाईसी अधूरी है। साथ ही भीड़ अधिक होने के कारण एजेंसियों के सॉफ्टवेयर ने भी काम करना बंद कर दिया या बहुत धीमा हो गया है। इंडेन गैस एजेंसी के संचालक शरद मोहन गुप्ता ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में गैस की कोई किल्लत नहीं है और न ही फिलहाल कीमतों में ऐसी किसी वृद्धि की सूचना है। बताया कि सॉफ्टवेयर पर अचानक लोड बढ़ने के कारण सिस्टम धीमा हो गया है, जिससे केवाईसी और बुकिंग प्रभावित हुई है। भीड़ और हंगामे की स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। संचालक ने आश्वस्त किया कि पुलिस अभिरक्षा में नियमानुसार सभी उपभोक्ताओं को गैस रिफिल उपलब्ध कराई जा रही है।



गैस बुक कराए हुए कई दिन हो गए हैं लेकिन अभी तक गैस सिलेंडर नहीं मिला है। प्रशासन कह रहा है कि गैस की कोई कमी नहीं है लेकिन, लोगों को गैस नहीं मिल रही है। - **सलमान**



ईद पर घर में मेहमान हैं और गैस नहीं होने से बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा। गैस बुक कराने के बावजूद गैस नहीं मिल रही है। पर्ची लेने के लिए लगातार चक्कर लगा रहे हैं। - **अलीम खां**

# शिक्षक पढ़ाकर गढ़ते हैं समाज का भविष्य: आकाश

## रंगोली मंडप में जिले के निपुण बने 523 परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक-प्रधानाध्यापकों का विधायक ने किया सम्मान

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** गांधी समाधि स्थित रंगोली मंडप में मंगलवार को जिले के निपुण हुए 523 परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों का सम्मान समारोह हुआ। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शुभारंभ मुख्यातिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शहर विधायक ने कहा कि शिक्षक सिर्फ बच्चों को पढ़ाते ही नहीं हैं, बल्कि समाज का भविष्य गढ़ने का कार्य करते हैं।

शहर विधायक ने कहा कि शिक्षकों की इसी मेहनत और समर्पण की वजह से ही जिले में 523 विद्यालय निपुण लक्ष्य हासिल कर सके हैं। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि भविष्य में भी शिक्षक और मेहनत व लगन से बेसिक शिक्षा के स्तर को संवारने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन के तहत विद्यार्थियों को बुनियादी साक्षरता और गणितीय दक्षता से सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की मेहनत और समर्पण से ही यह लक्ष्य संभव हो पाया है। जिन विद्यालयों ने निपुण मानकों को पूरा किया है, वे अन्य स्कूलों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना ने बताया कि जिले में 1596 परिषदीय विद्यालय हैं, जिनमें से 1197 विद्यालयों का मूल्यांकन हो सका। इसमें से भी 523 विद्यालय निपुण लक्ष्य प्राप्त करने में सफल रहे। इसमें रामपुर नगर 17, स्वार में 126, बिलासपुर में 117, मिलक में 100, सैदनगर में 58, चमरौआ में 36, शाहबाद के 69 विद्यालय निपुण हुए। इस तरह रामपुर प्रदेश में दसवें स्थान पर रहा है। शहर विधायक ने निपुण लक्ष्य हासिल करने वाले विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी मिलक बबिता सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच संचालन सरफराज अहमद एवं श्वेता दुहन ने किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी शाहबाद अशोक कुमार, राहुल सक्सेना, अंकित सक्सेना, मोहित कुमार, सय्यद आफाक हुसैन, नीतू सिंह, पृथ्वी सिंह, रोहित, मोइन मियां, प्रीति गौतम सहित जिले के सभी एआरपी मौजूद रहे।



लालपुर कलां की प्रधानाध्यापक को सम्मानित करते शहर विधायक व बीएसए।



निपुण हुए विद्यालयों के सम्मानित शिक्षक प्रमाण पत्रों के साथ। ● अमृत विचार

● **जिले के 1596 विद्यालयों में से 1197 का हुआ मूल्यांकन**



बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

# सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

**रामपुर, अमृत विचारः** सपा सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और ईद की मुबारकबाद दी। सांसद नदवी ने रामपुर जिले की गंभीर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। सांसद ने रामपुर में बंद मिलों को पुनः चालू करवाने की मांग की। ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। रामपुर जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी है।
सरकारी मेडिकल कॉलेज न होने के कारण गरीब और आम जनता को सही समय पर इलाज नहीं मिल पाता है। सांसद ने रामपुर में एक अत्याधुनिक सरकारी मेडिकल कॉलेज और एक सरकारी विश्वविद्यालय की स्थापना करने की मांग की। यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा ने दी है।



राष्ट्रपति से मिलते सांसद मोहब्बुल्लाह नदवी।

# डीएम ने बच्ची के इलाज को दिए 60 हजार

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने तहसील सदर क्षेत्र के अजीतपुर खेड़ा की रहने वाली एक बच्ची के इलाज के लिए 60 हजार का चेक सौंपा। वहीं अन्य जरूरतमंदों को आयुष्मान कार्ड देकर पांच लाख तक का ईलाज सुनिश्चित किया।

मां प्रियंका ने बताया कि उनकी छोटी बच्ची छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई है। मुरादाबाद के डीएमआर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। घर की आर्थिक स्थिति खराब है। जिलाधिकारी ने चाइल्ड केयर एंड प्रोटेक्शन फंड से 60 हजार रुपये की राशि का चेक प्रियंका को सौंपा। बच्ची का आयुष्मान कार्ड भी उपलब्ध कराया। वहीं शाहबाद क्षेत्र के पट्टी फजिलाबाद निवासी कपिल ने अपनी गंभीर बीमारी और इलाज में आ रही आर्थिक परेशानी का जिक्र सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर किया था। जिलाधिकारी ने इस ट्वीट का संज्ञान लिया। जनता दर्शन के दौरान कपिल की समस्या का स्थायी समाधान करते हुए उन्हें तत्काल आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। तहसील मिलक के ग्राम मोहम्मदपुर क्योरार निवासी पशुपतिनाथ और उनके बच्चों को भी जनता दर्शन में बुलाया गया। जिलाधिकारी ने अपने हाथों से उन्हें आयुष्मान कार्ड वितरित किए।



जरूरतमंद महिला को को चेक देते डीएम। ● अमृत विचार

# मसवासी में ग्रामीण का शव और बाइक नाले से बरामद

**संवाददाता, मसवासी**

**अमृत विचारः** मसवासी-बिजारखाता संपर्क मार्ग पर नाले में एक ग्रामीण का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इसके बाद राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकाला।

मंगलवार की सुबह एक बाइक सवार ग्रामीण मृत अवस्था में नाले में पड़ा हुआ मिला। देखते ही देखते तमाम राहगीरों की भीड़ मसवासी मार्ग पर जमा हो गई। उसकी पहचान सीतारामपुर निवासी ईश्वरदेव उर्फ सेठी उम्र 35 वर्ष पुत्र सत्यदेव के रूप में हुई। ग्रामीणों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बाइक सहित ईश्वरदेव का शव नाले से बाहर निकाला। सूचना पाकर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे। उनका रोते-रोते बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि वह रात किसी समय अपने घर वापस लौट रहे थे। किसी वाहन से बचने के चक्कर में बाइक सहित नाले में गिर गए होंगे। मृतक ग्रामीण के तीन बच्चे हैं, जो अभी छोटे हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

● **शव मिलने पर क्षेत्र में मचा हड़कंप राहगीरों की लगी भीड़**

● **किसी वाहन को बचाने में बाइक समेत नाले में गिरने की संभावना**

# 20 वाहनों पर ठोंका 7.17 लाख का जुर्माना

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, ओवरलोडिंग सहित अन्य वाहनों के खिलाफ सघन अभियान जारी है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव व यात्रीकर अधिकारी होरी लाल वर्मा द्वारा एआरटीओ कार्यालय टीम ने अलग अलग अभियान चलाकर अवैध खनन करने वाले 20 वाहनों पर 7.17 लाख का जुर्माना लगाया है।

मंगलवार को प्रातः करीब 7 बजे यात्रीकर अधिकारी होरी लाल वर्मा द्वारा एआरटीओ कार्यालय रामपुर की टीम के साथ शाहबाद क्षेत्र में चेकिंग अभियान गया। चेकिंग में दो डंपरों को खनन माफियाओं द्वारा तेजी से भगाकर ले जाने का प्रयास किया गया। जिनमें रेता, बजरी लदी हुई थी। टीम द्वारा सतर्कता दिखाते हुए दोनों वाहनों को पीछा कर पकड़ा गया। जांच के दौरान दोनों डंपरों में क्रमशः 40 टन एवं 37 टन तक ओवरलोड रेता, बजरी लदी हुई मिली। दोनों वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें शाहबाद मंडी में बंद कराया गया है। साथ ही अभियान के दौरान विभिन्न अन्य अभियोगों में भी कई वाहनों के चालान किए गए। पकड़े गए दोनों डंपरों से प्रशमन शुल्क के रूप में लगभग 2.30 लाख रुपये की वसूली की जाएगी। वहीं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर वाहनों की गहन जांच की। जिसमें कुल 15 वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 3,13,000 रुपये का जुर्माना लगाया। इसके अलावा उपखनिज रेता व बजरी आदि से ओवरलोड पाए गए 3 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1,74,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के विशेष चेकिंग अभियान निरंतर चलाए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



खनन वाहन की चेकिंग करती टीम।

# यूपी बोर्ड की 1.20 लाख कॉपियों का मूल्यांकन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड की 1 लाख 20 हजार कॉपियों का मूल्यांकन मंगलवार तक हो चुका है। राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की 62000 और राजकीय रजा इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की करीब 48000 कॉपियों का मूल्यांकन हो गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में तेजी आ गई है उन्होंने उम्मीद जताई कि समय रहते मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले में दो मूल्यांकन केंद्रों पर कॉपियों का मूल्यांकन हो रहा है। मंगलवार को हाईस्कूल के मूल्यांकन केंद्र राजकीय मुर्तजा इंटर कालेज में 308 परीक्षकों ने 19000 कॉपियों का मूल्यांकन किया। राजकीय रजा इंटर कालेज में 170 परीक्षकों ने इंटरमीडिएट की 9000 कॉपियों का मूल्यांकन किया गया। हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन नियंत्रक संजय कुमार ने बताया कि हाईस्कूल की मंगलवार तक 62000 कॉपियों का मूल्यांकन हो गया है। हाईस्कूल की 1 लाख 34 हजार कॉपियां आवंटित हैं। रजा इंटर कॉलेज के मूल्यांकन नियंत्रक अभिलाष कुमार ने बताया कि इंटरमीडिएट की 9000 कॉपियों का मूल्यांकन हुआ। मंगलवार तक इंटरमीडिएट की 48000 कॉपियों का मूल्यांकन हो चुका है। लगभग 90,000 कॉपियों का मूल्यांकन किया जाना है।

● **10वीं की 62000 और 12वीं की जांच गईं 48000 कॉपियां**

# गोवंश को निराश्रित छोड़ा तो कड़ी कार्रवाई

● **जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त बैठक में दिए सख्त निर्देश**

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** विकास भवन सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की अध्यक्षता में निराश्रित गौवंशों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। दोनों अधिकारियों ने गोवंशों को निराश्रित छोड़ने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

नेशनल डिजिटल पशुधन मिशन एवं गौ-आश्रय स्थलों के अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में संचालित गौ-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाए। निराश्रित गौवंश की समस्या के स्थायी समाधान के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि गोवंशों के संरक्षण, देखभाल एवं उनके समुचित प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सख्त निर्देश दिए गए कि जनपद में यदि कोई भी व्यक्ति गौवंश को निराश्रित छोड़ता पाया जाता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही होगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. अश्वनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि अब सभी पशुओं का ऑनलाइन पंजीकरण किया जाएगा। इसके तहत पंचायत, ब्लॉक, नगर निकाय एवं जनपद स्तर पर समितियों का गठन किया जाएगा। ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर नामित नोडल अधिकारियों द्वारा प्रत्येक पशु का पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाएगा। विद्यालयों में बच्चों को भी पशुओं के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं, जिससे समाज में पशुओं के प्रति करुणा एवं संरक्षण की भावना विकसित हो सके।



विकास भवन में निराश्रित गोवंशों को लेकर बैठक करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

# खाना बनाने को लेकर विवाद, पत्नी ने खाया विषैला पदार्थ

**शाहबाद, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घरेलू विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। खाना बनाने को लेकर पति-पत्नी के बीच हुआ मामूली झगड़ा इतना बढ़ गया कि पत्नी ने आवेश में आकर विषैला पदार्थ का सेवन कर लिया। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार पति-पत्नी के बीच घरेलू कामकाज को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते मामला तूल पकड़ गया और दोनों के बीच तीखी नोकझोंक होने लगी। इसी दौरान गुस्से में आकर पत्नी ने घर में रखा विषैला पदार्थ खा लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घबरा गए और बिना देर किए महिला को सीएचसी शाहबाद लेकर पहुंचे। वहां तैनात डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने पर महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# शहरकाजी बनने पर अनस मियां का किया स्वागत

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** मौलवी सय्यद मुहामिद अली उर्फ अनस मियां कादरी सफवी अहमदी का शहरकाजी बनाए जाने पर दिल्ली से आए मुफस्सिर ए कुरान मौलाना मोहम्मद उवैस खान नदवी ने स्वागत किया। वो राजद्वारा स्थित मस्जिद कैत पर शहरकाजी के आवास पहुंचे।

युवा शहरकाजी मौलवी अनस मियां का फूल माला पहना कर गर्मजोशी से स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। मौलवी उवैस खान ने कहा कि शहरकाजी मौलवी खुशनूद मियां ने सही समय पर अच्छा फैसला लिया है। ऐसे समय में जब कुछ लोग पद की लालसा के लिए दौड़ भाग शुरू हो जाए तो ऐसा निर्णय लेना बेहद जरूरी है। शहरकाजी खुशनूद मियां ने एक होनहार नौजवान की काबिलियत को पहचानते हुए उसे यह पद दिया है और वह निश्चित रूप से इसके हकदार हैं। इसके लिए शहरकाजी खुशनूद मियां और उनके बेटे मुहामिद मियां बधाई के पात्र हैं। इस मौके पर मोहम्मद उबैद खान, मोहम्मद नोमान खान, मौलवी मोहम्मद दानिश महमूद, सद्दाम हुसैन फैजी भी मौजूद थे।



अनस मियां का स्वागत करते लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**स्वार, अमृत विचार :** किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। घटना नरपतनगर पुलिस चौकी के एक गांव की है। गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि दो दिन पूर्व गांव के ही कुछ लोग उसकी नाबालिग बहन को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए। उसने अपनी किशोरी बहन को काफी तलाश किया लेकिन को कोई सुराग नही लग सका। मंगलवार को किशोरी के भाई ने आरोपी समीर, इब्राहिम, इस्माइल, शना तथा इस्माइल के दामाद को नामजद कर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल संजीव कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जिन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जायेगा।

### वैश्य एकता महिला मंडल कार्यकारिणी भंग

**रामपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा (महिला) मंडल मुरादाबाद के अंतर्गत सभी जिले की महिला कार्यकारिणी भंग कर दी गई है। महासभा की महिला विंग की मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष प्रतिभा अग्रवाल ने रामपुर, मुरादाबाद, संभल, बिजनौर, अमरोहा की जिला कार्यकारिणी भंग करने के निर्देश जारी किए हैं। इसमें शीघ्र ही नई महिला जिलाध्यक्ष एवं जिला महामंत्री की घोषणा की जाएगी। प्रतिभा अग्रवाल ने बताया कि हमारी कार्यकारिणी तीन साल के बाद बदलने का प्रावधान है, ताकि संगठन में और मेहनत करने वाले सदस्यों को भी मौका दिया जा सके। मार्च माह में ही नई कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया जाएगा।

### हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे पेंशनर्स

**अमृत विचार, रामपुर :** सेवा निवृत कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन की मंगलवार को आवास-विकास स्थित कार्यालय पर बैठक हुई। बैठक में जिला मंत्री जसराज सिंह सागर ने प्रांत से प्राप्त कार्यक्रम को पढ़कर सुनाया। कहा कि 21 अप्रैल को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष एनपी सिंह ने कहा कि पदाधिकारी रोजाना शाम 4 से 8 बजे तक पेंशनरों के घर पर जाकर हस्ताक्षर कराएंगे। बैठक में वेद प्रकाश शर्मा, भगवान दास, कृष्ण कुमार, राजेंद्र प्रकाश, महा सिंह, ओमवीर सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता मोहन लाल सक्सेना ने जबकि, संचालन जसराज सिंह सागर ने किया।

# किसान बोले- गेहूं एमएसपी में 160 रुपये का इजाफा नाकाफी

## खाद, बीज, दवाइयां, डीजल और मजदूरी महंगी, लागत निकलना भी मुश्किल

- प्रदेश सरकार ने एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल की है तय
- किसान इस एमएसपी से नहीं हैं संतुष्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने गेहूं खरीद नीति को मंजूरी देते हुए एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय की है। जो पिछले साल के गेहूं के दाम से 160 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। इसके साथ किसानों को उतराई, सफाई और छनाई के लिए 20 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त देने का निर्णय लिया गया है।

किसानों ने सरकार द्वारा बढ़ाए गए दाम को बहुत कम बताया है किसानों का कहना है कि खाद, बीज, दवाइयां और मजदूरी सब महंगा हो चुका है गेहूं का दाम 5000 रुपये क्विंटल होना चाहिए। वहीं गन्ने का दाम बढ़ाने की भी 100 रुपये क्विंटल बढ़ाने की मांग की है। गेहूं के 160 रुपये बढ़ाए जाने से किसान खुश नहीं हैं किसानों का कहना है कि सरकार ने यह ऊंट के मुंह में जीरा वाली कहावत को चरितार्थ कर दिया है। किसान कहते हैं कि गेहूं पर लागत काफी बढ़ गई है खाद, बीज, डीजल, दवाइयां और मजदूरी महंगी हो चुकी है। लेकिन, सरकार ने गेहूं के दाम बहुत कम बढ़ाए हैं। फिलहाल किसान अपने घर से खेती में पैसा लगा रहा है हर किसान बैंकों और महाजनों का कर्जदार है। कहा कि गन्ने के दाम भी सरकार कम से कम 100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बढ़ाए। क्योंकि, खेती में अब बहुत लागत लग रही है।



खाद, बीज, डीजल, दवाइयां और मजदूरी दिनों दिन महंगी होती जा रही हैं। सरकार ने गेहूं के दामों में मात्र 160 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की है जोकि बहुत कम है। - **हसीब अहमद**, प्रदेश महासचिव भाकियू टिकैत



सरकार ने मात्र 160 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर ऊंट के मुंह में जीरा वाली कहावत को चरितार्थ कर दिया है। जबकि खाद, बीज, दवाएं और मजदूरी बहुत महंगी हो गई हैं। - **जगजीत सिंह गिल**, जिलाध्यक्ष भाकियू टिकैत



किसान की फसलों के दाम नहीं बढ़ रहे हैं जबकि, हर चीज के दाम तेजी से ऊपर पहुंच रहे हैं। सरकार ने महंगाई के सापेक्ष गेहूं का मूल्य बहुत कम बढ़ाया है। - **मोहम्मद हनीफ वारसी**, प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाकियू अंबावता



सरकार किसानों की परेशानियों का ख्याल नहीं है। किसान आर्थिक रूप से टूट चुका है। सरकार उसे उसकी फसलों का वाजिब दाम दे ताकि, उसके हालात सुधरें। -**मुराद खां**, किसान नेता



सरकार ने गेहूं के दाम बहुत कम बढ़ाए हैं। किसानों को गेहूं की कीमत कम से कम 5000 रुपये प्रति क्विंटल मिलना चाहिए। तब किसानों को खेती में कुछ लाभ मिलेगा। -**मोहम्मद मुस्तकीम**, भाकियू नेता



डीजल, खाद, बीज, मजदूरी सबकुछ महंगा हो गया है उसके सापेक्ष सरकार ने गेहूं का मूल्य बहुत कम बढ़ाया है। गेहूं का दाम कम से 5000 रुपये क्विंटल होना चाहिए। -**मनिंदर सिंह**, किसान

## सड़क हादसों में बाइक सवार तीन युवक घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार:** नैनीताल हाईवे पर दो अलग-अलग सड़क हादसों में बाइकों पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां से एक युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

पहली घटना हाईवे पर अंबेडकर पार्क के पास हुई। इसमें मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के बिसाट गांव निवासी अरमान घायल हो गया। वह रिश्तेदार से मिलने जा रहे थे, तभी सामने से आ रही एक अज्ञात बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर मारने वाला मौके से फरार हो गया। घायल उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। दूसरी दुर्घटना नगर के मुख्य चौराहे के पास पुराने सरकारी अस्पताल के सामने हुई। इसमें मौहल्ला शीरी मियां निवासी शैजी खां व उसका दोस्त साहिल घायल हो गया। जिन्हें उपचार के सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि दोनों दुर्घटनाओं के संबंध में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## बुजुर्गों के आस्ताने से नहीं लौटता कोई खाली हाथ : अहतेशाम



हजरत शाह विलायत साहब के सालाना उर्स में तकरीर करते मौलाना। ● अमृत विचार

- शाह विलायत साहब के मजार पर अकीदतमंदों ने मांगी दुआ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** सैंजनी नानकार स्थित हजरत शाह विलायत साहब के सालाना उर्स में मंगलवार को अकीदतमंदों ने दुआ मांगी। जोहर की नमाज के बाद कव्वाली हुई। कव्वालियां सुनकर अकीदतमंद झूम उठे। असर की नमाज के बाद मौलाना अहतेशाम फुरकानी ने तकरीर में कहा कि बुजुर्गों के आस्ताने से कोई खाली हाथ नहीं लौटता है।

मजार शरीफ में फज्र की नमाज के बाद कुरान मजीद मुकम्मल हुआ। सुबह 10 बजे दूसरा कुल शरीफ हुआ और 11 बजे लोगों में लंगर तकसीम किया गया। जोहर की नमाज के बाद कव्वालों ने हजरत की शान में कव्वालियां पेश कीं। कव्वालियां सुनकर अकीदतमंद झूम उठे। असर की महफिल के बाद हुई तकरीर में मौलाना ने कहा कि बुजुर्गों के आस्तानों पर हर मजहब के लोग पहुंचकर फैजयाब होते हैं। यही वजह है कि मजारों और आस्तानों में लोगों की भीड़ उमड़ती है। इसके बाद मौलाना ने दुनिया में अमन चैन और कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई। इस मौके पर सज्जादानशीं हजरत सैयद शाह नासिर मियां, सैयद उस्मान मियां, हाजी मोहम्मद, मोहम्मद अलमास, सैयद नईम मियां, सैयद फैजान मियां, सैयद साकिब मियां, रकीब मियां, सैयद आमिर मियां, सैयद नोमान मियां, शन्नू खां, हाजी फारूख खां आदि मौजूद रह।

# बेटियों को सशक्त बनाना सबकी जिम्मेदारी



मुल्लाखेड़ा प्राथमिक विद्यालय में सुनीता सिंह सैनी को सम्मानित करती शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

**बिलासपुर, अमृत विचार:** मंगलवार को गांव मुल्लाखेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मुख्यातिथि उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सिंह सैनी ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

सुनीता सिंह ने कहा कि बेटियों को सशक्त बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। नवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रस्तुत महिषासुर मर्दानी नाटिका को खूब सराहा गया। इसके अलावा बच्चों ने कव्वाली, योगासन और मेरे अच्छे चंदा मामा जैसे गीतों पर अपनी प्रतिभा दिखाई। महिला आयोग की सदस्य ने महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। कहा कि इस नवरात्रि हम सभी को संकल्प लेना चाहिए, कि बेटियों को पढ़ाना है और उन्हें आगे बढ़ाना है। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के मेधावी छात्रों और अभिभावकों को सम्मानित किया। प्रधानाध्यापिका रेनू सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कमलेश कुमारी, गायत्री, सृष्टि खोखर, प्रिया सिंह, नीलम राणा, क्रांति शीला, रीना आदि शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुशील कुमार पाण्डेय ने किया।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**स्वार, अमृत विचार:** नगर निवासी एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर एक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता का आरोप है कि ग्राम पीपलसाना थाना भोजपुर मुरादाबाद निवासी मोहम्मद सालिम ने शादी का झांसा देकर अपने प्रभाव में ले लिया। कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने युवती का आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया। युवक द्वारा वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा था। युवती ने युवक और उसके परिजनों से शादी के लिए कहा तो युवक टालमटोल कर देता था। परेशान होकर युवती ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर दी।

# प्रधान-प्रधानाध्यापक में समन्वय जरूरी

- ब्लाक संसाधन केंद्र पर उन्मुखीकरण संगोष्ठी

**रामपुर, अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान के तहत मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र खौद में सैदनगर ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापक संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। शुभारंभ सैदनगर के खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना ने सरस्वती मां के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया।

खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार परिषदीय विद्यालयों में सुधार के लिए हर संभव कार्य कर रही है। बच्चों के लिए कायाकल्प के द्वारा विद्यालयों को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा रहा है तथा निजी विद्यालयों की तरह बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वह अपने दायित्व का निर्वहन कर्तव्य निष्ठा के साथ करें । उन्होंने विद्यालयों के सफल संचालन के लिए ग्राम प्रधानों से सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि जब तक विद्यालयों के शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों में समन्वय स्थापित नहीं होगा तब तक विद्यालयों का सफल संचालन होना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का सही उद्देश्य सर्वांगीण विकास है। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने डीबीटी, ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत मिशन, विद्यालय प्रबंध समिति, बालिका शिक्षा पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। इस दौरान एआरपी राशि सक्सेना, चंचल सिंह, प्रभात कुमार, हरीश कुमार, कपिल देव, रहमत अली, अब्दुल अलीम खान, होरी लाल, विजय प्रताप मिश्र, नरेंद्र सिंह, मरियम बी, शबीना मंसूरी, शमा परवीन, मोहम्मद अकरम, दीपक पुंडीर, नरेंद्र सिंह, मोहसिना खातून, आसमा मसूद, अंजू खत्री, वीर सिंह, रूप सिंह, नसीम अहमद, आराधना रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।



ब्लाकस्तरीय संगोष्ठी में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

# कार्ड धारकों को समूहों से जोड़ने के कार्य में लाएं तेजी

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार को विकासखंड के सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त स्वतः रोजगार दुर्योधन ने समूह सखियों, बैंक सखियों और समूह के पदाधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि मिशन का मुख्य उद्देश्य हर पात्र महिला को सशक्त बनाना है। उन्होंने स्पष्ट आदेश दिए कि क्षेत्र के जितने भी राशन कार्ड धारक परिवार हैं, उनकी महिलाओं को अनिवार्य रूप से स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाए। जिन पात्र महिलाओं के पास राशन कार्ड उपलब्ध नहीं हैं, उनकी फैमिली आईडी प्राथमिकता के आधार पर बनवाई जाएं। ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने इस कार्य को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने की चेतावनी भी दी। समीक्षा बैठक के साथ-साथ समूह सदस्यों के लिए एक प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें सदस्यों को ई-बुक के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षकों ने डिजिटल माध्यम से समूहों के लेन-देन और रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने की बारीकियां सिखाई गईं। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी आलोक सक्सेना, जिला ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान दनियापुर के प्रशिक्षक तथा भारी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# टीबी मुक्त 51 ग्राम पंचायतें सम्मानित

- विश्व क्षय रोग दिवस और सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को विकास भवन परिसर में आयोजित विश्व क्षय रोग दिवस के कार्यक्रम में वर्ष 2025 में टीबी मुक्त घोषित 51 ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला सहकारी बैंक चेयरमेन मोहन लाल सैनी, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने किया। इस दौरान पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. नितेश कुमार ने जिले की प्रगति एवं टीबी उन्मूलन अभियान पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। वहीं टीबी चैंपियंस (टीबी से स्वस्थ हो चुके व्यक्तियों) ने अपने अनुभव साझा किए। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए निक्षय वाहन को मुख्य अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई। जिला सहकारी बैंक चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने में इन 51 ग्राम पंचायतों ने अनुकरणीय कार्य किया है। उन्होंने बताया कि इनमें से 4 ग्राम पंचायतों को वर्ष 2024 एवं 2025 में लगातार टीबी मुक्त होने का प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है। मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने जिले में चल रहे टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की सराहना की। सीएमओ डॉ. दीपा सिंह ने वर्ष 2026 में अधिक से अधिक ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के लिए ग्राम प्रधानों से सहयोग की अपील की। जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश ने बीमारी को समाप्त करने की शपथ दिलाई गई।




टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधान को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी



### नियमित बचत और भविष्य की आर्थिक सुरक्षा पर करें फोकस

**रामपुर, अमृत विचार :** इम्पैक्ट कॉलेज में मंगलवार को मुख्य अतिथि डिप्टी मैनेजर एनएसई नई दिल्ली मोहम्मद इजहार उल इस्लाम ने छात्र-छात्राओं को दीर्घकालिक निवेश के महत्व को बताया। विशेष रूप से म्यूचुअल फंड में निवेश की उपयोगिता समझाई। साथ ही, उन्होंने सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के माध्यम से नियमित बचत एवं भविष्य की आर्थिक सुरक्षा पर भी जोर दिया। मुख्य अतिथि ने बचत के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आज की बचत से कल भविष्य सुंदर बन सकता है। इंटरैक्टिव सत्र में प्रतिभागियों को अपने प्रश्न पूछने एवं विषय को बेहतर ढंग से समझने का अवसर मिला। कॉलेज के चेयरमैन डॉ. सुल्तान अहमद सैफी ने इस पहल के लिए डॉ. अजीत कुमार मौर्य का आभार जताया। इस मौके पर प्रबंध निदेशक सरताज अहमद, प्राचार्य प्रो. आसिम अहमद समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन शिवम चंद्रा और इकरा जरीफ अब्बासी ने किया।



### शाहबाद में शैक्षिक संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ

**शाहबाद, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र भीतरगांव में ब्लॉक स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, नवाचार तथा विभिन्न शैक्षिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर और एसडीएम आशुतोष कुमार रहे। कार्यक्रम में पूर्व एआरपी अतुल कुमार राठौर, दिलशाद वारसी, ब्लॉक मंत्री खालिद खान, भुजवीर सिंह यादव, वसीम अहमद, ज्ञानेश्वर, ओमपाल और जिला मीडिया प्रभारी ज़फर बेग सहित अनेक लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सोहना स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बीईओ अशोक कुमार, बीजेपी नेता सुरेश बाबू गुप्ता, नेतराम कश्यप आदि रहे।



### सीएचसी स्वार में टीबी मुक्ति को लेकर जागरूक किया

**स्वार, अमृत विचार :** मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व टीबी दिवस के अवसर पर 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान टीबी उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सौ दिवसीय अभियान के तहत संवेदनशील वर्ग के लोगों की टीबी जांच स्क्रीनिंग और एक्स-रे किए जाएंगे। इसके साथ ही उच्च जोखिम वाले गांवों की पूरी आबादी की स्क्रीनिंग कर संभावित मरीजों की पहचान की जाएगी। सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार चंदेल ने कहा कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है। बशर्ते इसका समय पर इलाज शुरू किया जाए। कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को अभियान के सफल संचालन के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गईं।



### सपा तहसील प्रभारी नियुक्त होने पर प्रमोद गंगवार का स्वागत

**मिलक, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी का तहसील प्रभारी मनोनीत होने पर पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमोद गंगवार सपाईयों ने उनके आवास पर पहुंचकर फूल मालाए पहना कर स्वागत किया। प्रमोद गंगवार ने कहा कि पार्टी ने जो उन्हें जिम्मेदारी दी है, उसे बखूबी निभाएंगे। इस दौरान पूर्व सभासद इकरार हुसैन, मो. असलम, नन्हे कादरी, अजय सिंघल, शाकिर कुरैशी, पवन यादव, हाजी सईदुल रहमान, मोहम्मद जावेद कस्सार आदि मौजूद रहे।

### थाई मांगुर मछली प्रतिबंधित, क्रय या विक्रय न करें

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने प्रतिबंधित मत्स्य प्रजाति थाई मांगुर के पालन, विक्रय एवं आयात पर पूर्ण प्रतिबंध के प्रभावी अनुपालन के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। निदेशक मत्स्य उप्र लखनऊ के निर्देशों तथा राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण नई दिल्ली के आदेशों के अनुपालन में यह स्पष्ट किया कि थाई मांगुर मछली का पालन देश के सभी राज्यों में पूर्णत: प्रतिबंधित है।

# नवरात्र : मां कात्यायनी का श्रृंगार कर की पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र पर छठी देवी मां कात्यायनी को प्रसन्न करने के लिए मां का श्रृंगार कर पूजन किया गया। पुरोहित पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने अपने सहयोगी भक्तों को साथ लेकर पूजा अर्चना करते हुए यज्ञ में आहुतियां देकर जगत कल्याण के लिए प्रार्थना की। इसके अलावा भक्तों ने सप्तशती पाठ, कवच पाठ, दुर्गा चालीसा, गणेश वंदना और भजन कीर्तन कर माता का गुणगान किया।

मिस्टन गंज स्थित शक्ति दरबार मंदिर में हुई महाआरती में सेवादार राजेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, श्रुति जिंदल, अन्नू मिश्रा आदि शामिल रहे। माता रानी के जयकारे लगाने के बाद भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया।

**बिलासपुर:** श्रद्धालुओं ने चैत्र नवरात्र के छठे दिन उपवास रखकर दुर्गा माता के छठे स्वरूप कात्यायनी माता की भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की। मंगलवार को सुबह से ही घरों में सजाए गए मां के दरबार के सम्मुख श्रद्धालुओं ने पूजा की। दुर्गा सप्तशती तथा दुर्गा चालीसा का पाठ किया। साथ ही यज्ञ में आहुतियां देकर मातारानी से सुख-समृद्धि की कामना की। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने मोहल्ला साहूकारा में श्री सनातन धर्म बड़ा मंदिर, माता महाकाली मंदिर, श्री माता पीतांबरा देवी मंदिर, पंजाबी कालोनी में श्री सनातन धर्म मंदिर, शिव मंदिर, मोहल्ला लक्ष्मीनगर में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, मां चामुंडा देवी मंदिर, मोहल्ला डाम कालोनी में मां पंचायती दुर्गा भवानी मंदिर, शिव-शीतला माता मंदिर में भजन-कीर्तन किया। शाम को महिलाओं ने मंदिरों में मातारानी के छंद गाए।

**मसवासी :** चैत्र नवरात्र में देवी के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा एवं आराधना की गई। विधि विधान से हवन पूजन तथा महाआरती की भी हुई। इस दिन पीले वस्त्र पहनकर मां कात्यायनी को चुनरी अर्पित की गई। वृंदावन में मां कात्यायनी का शक्तिपीठ है जहां गोपियों ने भगवान श्री कृष्ण को पाने के लिए मां कात्यायनी की आराधना की थी।



मंदिर में सजा माता रानी का दरबार। ● अमृत विचार



आदर्श कॉलोनी में श्रीमद्भागवत कथा सुनाते देवराज। ● अमृत विचार

### मां ने काली का रूप धारण कर राक्षसों का किया वध

**रामपुर, अमृत विचार :** आदर्श कॉलोनी में मंगलवार को कथा के छठे दिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा हुई। व्यास देवराजने लक्ष्मी नारायण के स्वरूप की व्याख्या करते हुए कहा कि जब भक्त भक्ति में रम जाता है तभी वह मां का सच्चा दास बन जाता है। मां ने काली का रूप धारण कर शुभ-अशुभ चडं मुडं आदि राक्षसों का वध किया। देवताओं की आराधना पर ही मां ने काली का रूप धारण कर राक्षसों का वध किया। कथा में व्यास जी ने कहा कि जिस प्रकार नाग व नंदी ने शिव को पकड़ कर रखा है इस प्रकार हमें भी मां के चरणों को पकड़ना चाहिए। मुख्य यजमान शलभ गुप्ता द्वारा व्यास जी एवं आचार्य का पूजन किया गया। कथा में डॉ. राजेश, नरेश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, प्रमोद पांडेय, सुनील कौशिक, आदित्य ,अतुल, सीताराम शर्मा, दिलीप,नरेश शर्मा आदि रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### संभल अड्डे पर डग्गामार वाहनों का कब्जा, लग रहा जाम

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के प्रमुख संभल अड्डे पर भीषण जाम की समस्या अब शहरवासियों के लिए मुसीबत बन गई है। डग्गामार वाहनों के सड़क पर बेतरतीब खड़े होने के कारण यहाँ घंटों जाम लगा रहता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह किसी एक दिन की समस्या नहीं, बल्कि हर दिन का यही नजारा है। कई बार गंभीर मरीज घंटों जाम में फंसे रहते हैं। आरोप है कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस की मिलीभगत से ये डग्गामार वाहन बिना किसी डर के फल-फूल रहे हैं। बार-बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### ट्यूबवेल का ताला तोड़कर हजारों का सामान ले गए चोर

**बुरावली, अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र के गांव ढकिया खादर में किसान के ट्यूबवेल से ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरों ने चोरी कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। मंगलवार की रात गांव ढकिया निवासी शिवचरण पुत्र गंगासरन के खेत से ट्यूबवेल का ताला तोड़कर चोरों ने बैटरा, झटका मशीन व स्टार्टर सहित हजारों का सामान चोरी कर लिया। इसके अलावा एक दिन पहले ही गांव बुरावली से इरफान, महेश, मनोज कुमार, चरन सिंह के खेत से भी बैटरा, झटका मशीन, स्टार्टर आदि सामान चोरी हुआ था।

### पंचायत में मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार :** बच्चों का विवाद निपटाने के लिए रविवार रात कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलौती कला में चल रही पंचायत में मारपीट करने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रविवार सुबह गांव में बच्चों के बीच विवाद हो गया था। इसको लेकर गांव के ही सुल्तान की चौपाल पर पंचायत हो रही थी। इसी दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी और मारपीट होने लगी। मारपीट में अतीक, रफी मोहम्मद व उसका भाई मुजीब तथा दूसरे पक्ष के कामिल आदि घायल हो गए। शिकायत पर पुलिस ने महताब, कामिल, मुस्तकीम, इस्तकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मुस्तकीम व इस्तकार को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया है।

# डीजे को लेकर बवाल, दो पक्षों में पथराव

## कई लोग घायल, नहीं निकल सकी दूल्हे की बरात, पुलिस ने आठ लोगों को किया गिरफ्तार

संवाददाता डिडौली(अमरोहा)

**अमृत विचार:** थाना डिडौली क्षेत्र के गांव ककराली में डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर पथराव होने लगा, जिससे महिलाओं समेत कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात संभालते हुए दोनों पक्षों के आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। घटना के चलते दूल्हे की बारात भी नहीं निकल सकी।

डिडौली थाना क्षेत्र के गांव ककराली में सोमवार को इरशाद पक्ष ने क्रिकेट टूर्नामेंट जीता था। इसी खुशी में वह डीजे बजाकर जश्न मना रहा था। वहीं गांव में दिवंगत रईस की बेटी की शादी की तैयारियां सोमवार को चल रही थीं। डीजे बजाने को लेकर रईस पक्ष के लोगों ने ऐतराज जताया। इसी को लेकर विवाद होने लगा। तब लोगों ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत करा दिया। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे दूल्हे अरमान की बारात निकलने की तैयारी हो रही थी। इसी दौरान दोनों पक्ष फिर आमने-सामने आ गए और कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाजिम, सुहैल, फिरोज आलम, फैजुल हसन, शारुख, शालिम, मोहम्मद फजर और मोहम्मद आलिम सहित 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों का शांतिभंग में चालान कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही गांव में किसी भी तरह की अप्रिय घटना रोकने के लिए पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार



छत से पथराव करते लोग।

### ये लोग हुए घायल

पथराव में इसराइल, जुबेर, फरीन, नाजरीन, मुस्तरी, सेफ अली, निदा, सुब्हान, गुलिस्तां, फातमा, सलीम, मुस्कान, फैजान और शाहजहां समेत कई लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं भी शामिल हैं। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। जिसमें छत से खड़े लोग पथराव करते नजर आ रहे हैं।

### गांव का माहौल बना तनावपूर्ण

बताया जा रहा है कि दूल्हे अरमान की बारात थाना देहात क्षेत्र के मीरा सराय की मढ़ैया जानी थी, लेकिन विवाद और तनावपूर्ण माहौल के कारण बारात नहीं निकल सकी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, हालांकि पुलिस की मौजूदगी से स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

# बार एसोसिएशन ने ईद मिलन कार्यक्रम किया आयोजित

**हसनपुर, अमृत विचार:** तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर द्वारा मंगलवार को बार भवन में ईद मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बार के पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को पूर्व ब्लाक प्रमुख गंगा सरन खड़गवंशी व महावीर सिंह चौहान, पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी, चन्द्र सैन अग्रवाल, श्यौराज सिंह राणा, वीर सिंह, सुनील भटनागर, राजेंद्र सिंह, आफताब आलम, बिजेंद्र गहलोत, नासिर अली, डॉ इसरार खां, प्रेमचंद मौर्या ने सम्बोधित किया और ईद की बधाई दी। चरन सिंह चौहान ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में वीर सिंह त्यागी, करन सिंह, भगवत सिंह, परवेज अहमद, हितेश त्यागी, सतपाल सिंह, महबूब आलम, मनोज सक्सेना, नुसरत अली, अली रजा, नदीम खान, दिनेश कुमार मोहम्मद नदीम, मौ. नौशाद, जितेंद्र आर्य सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष चरन सिंह चौहान तथा संचालन महासचिव ब्रजकिशोर एडवोकेट ने किया।

# मेले में छात्रों को बताए रोजगार के अवसर



रोजगार मेले में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**बुरावली, अमृत विचार:** न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सुतावली में मंगलवार को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सेवायोजन अधिकारी अमरोहा व प्रधानाचार्य ने किया। रोजगार मेले में महिंद्रा, स्वराज, मोहाली, माइक्रो, मिल माइलस्टोन, एएलटी बैटरी हेयर एप्लीकेशन आदि कंपनियों ने प्रतिभा किया। साथ-साथ राजकिय पॉलिटेक्निक कॉलेज कटाई जोया ,महामाया पॉलिटेक्निक कॉलेज आफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी बछराऊ एवं अन्य जनपदों से आए संस्थाओ ने भी प्रतिभाग किया रोजगार मेले में 350 छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य लख्मीचंद ने डिप्लोमा पूर्ण होने से पूर्व रोजगार मुहिया कराने की मुहिम को अग्रसित करते हुए रोजगार मेले का आयोजन कराया। मंच का संचालन शोएब सिद्दीकी एवं राधिका ने किया।

# मधुमक्खियों का आतंक 20 से अधिक घायल

संवाददाता हसनपुर

- पिछले दो दिनों से लोगों को ढंक मार रही हैं मधुमक्खियां
- राहगीरों को निकलने में हो रही खासी दिक्कत

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर-लिसड़ी मार्ग पर अचानक मधुमक्खियों के भीषण प्रकोप से राहगीरों और स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल है। मंगलवार की दोपहर मार्ग से गुजर रहे लोगों पर मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया, जिससे अफरा-तफरी मच गई।

हमले में सिहाली जागीर निवासी जहांगीर अली, मोहम्मद शोएब, अनस अहमद, मोहम्मद मन्नान और साकिर अली सहित लगभग 15 से 20 लोग गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। मधुमक्खियों के काटने से इन लोगों को शरीर पर तेज खुजली, जलन और सूजन की शिकायत हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दो दिनों से क्षेत्र में मधुमक्खियों की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है, जिससे इस मार्ग से गुजरना दूभर हो गया है।

स्थिति इतनी विकट है कि राहगीर अपना चेहरा ढक कर निकलने को मजबूर हैं। क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन से गुहार लगाई है कि प्रभावित इलाके का निरीक्षण कर तत्काल राहत के कदम उठाए जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो राहगीरों और ग्रामीणों के लिए खतरा और भी बढ़ सकता है।

# गजरौला मार्ग पर कार व बाइक की भिड़ंत

**हसनपुर, अमृत विचार:** गजरौला मार्ग पर स्थित दीपपुर गेट के पास रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार की टक्कर लगते ही बाइक सवार दोनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

नगर निवासी उदय व सलीम बाइक पर सवार होकर गजरौला की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही अनियंत्रित कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कार समेत मौके से भागने में सफल रहा, राहगीरों ने गाड़ी का नंबर नोट कर लिया है। राहगीरों ने तुरंत घायलों को सड़क से उठाकर नगर के सीएचसी में भर्ती कराया, जहाँ डॉक्टरों ने उनकी हालत स्थिर बताई है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है।

# विधायक ने नगर निकायों के नामित सभासदों का किया स्वागत

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** विधायक राजीव तरारा ने धनौरा, गजरौला एवं बछरायूं नगर निकायों के नामित सभासदों का माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। एमडीए स्थित जनसहयोग कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक राजीव तरारा ने सभासदों को बधाई देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते हम सभी की जिम्मेदारी है कि क्षेत्र के विकास, स्वच्छता, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर कार्य करें। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला।



सभासदों का स्वागत करते विधायक राजीव तरारा। ● अमृत विचार

साथ ही उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। विधायक ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने भी नामित सभासदों को बधााई देते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार के कार्यों पर विस्तार से रोशनी डाली। इस मौके पर सत्यपाल पाल, कुसुम अग्रवाल, जसवीर सिंह, राहुल आर्य, सुरेन्द्र सैनी, चन्द्रपाल सिंह, अरुण रस्तोगी, शेख चिरगुद्दीन, वैभव गोयल, रोहित आर्य, देवेश शर्मा, अशोक चौधरी, अरुण दीक्षित, अनिल अग्रवाल, चन्द्रपाल पाल एवं प्रशांक त्यागी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# बिजली विभाग के जेई पर लगाया वसूली का आरोप

**हसनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्रामीणों ने बिजली विभाग के जेई पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए अधिशासी अभियंता को शिकायती पत्र सौंपा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव आगापुर उर्फ याकूबपुर के ग्रामीणों ने मंगलवार को एक शिकार की पत्र सौंपा। ग्रामीण गौरव पुत्र प्रीतम सिंह ने शिकायती पत्र में बताया कि गांव का 100 केवीए का ट्रांसफार्मर 28 फरवरी को फुंक गया था, जिसे 20 मार्च को बदला गया। आरोप है कि नया ट्रांसफार्मर रखे जाने के बावजूद संबंधित जेई उसे चालू करने के एवज में लाइनमैन के माध्यम से अवैध धन की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जेई का साफ निर्देश है कि जब तक पैसे नहीं दिए जाएंगे, बिजली चालू नहीं होगी। पीड़ित ने बताया कि करीब 6 माह पूर्व भी ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर छः हजार रुपये वसूले गए थे।

# मांगों को लेकर किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



भाकियू शंकर की पंचायत में बोलते राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह।

**हसनपुर, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन शंकर की पंचायत का मंगलवार को आयोजन करनपुर माफी गांव में हुआ। पंचायत के बाद किसानों ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह द्वारा कहा गया कि तहसील क्षेत्र में खूंखार कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न मांगे रखी। पंचायत के बाद समस्याओं से संबंधित मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी हिमांशु उपाध्याय को सौंपा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह चौधरी, धर्मवीर सिंह, नेपाल सिंह, विक्रम सिंह, शेर सिंह, नेतराम सिंह सैनी, सुंदर सिंह, सुखबीर सिंह, जयप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# माता के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा

- मंदिरों में सुबह से ही लगी रही श्रद्धालुओं की कतार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार को नगर स्थित शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर पर चौत्र नवरात्र के छठे दिन मां भगवती के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की भक्तों ने विधि विधान एवं सनातन धर्म के अनुसार पूजा की। मंगलवार को सुबह से ही मां चामुंडा मंदिर सहित श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर आदि मंदिरों पर भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। चैत्र नवरात्रों के अक्षर पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर स्थित सभी मंदिरों पर सफाई एवं चूने की विशेष व्यवस्था कराई गई, वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर मंदिरों पर पुलिस बल तैनात रहा।



मां चामुंडा मंदिर पर पूजा अर्चना करती महिलाएं ● अमृत विचार

### ललिता देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर में चैत्र माह में लगने वाले ललिता देवी मंदिर में तीसरे मंगलवार को श्रद्धालुओं ने माथा टेका तथा प्रसाद चढ़ाकर बच्चों का मुंडन संस्कार कराया। चौत्र माह में हर मंगलवार को शहर के प्राचीन सिद्धपीठ ललिता देवी मंदिर में मेरे का आयोजन होता है। जिसके चलते तीसरे मंगलवार को भी मंदिर में पूजा-अर्चना करने को श्रद्धालुओं ने ललिता देवी के दर्शन किए तथा प्रसाद वितरित कर परिवार में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। मेले में महिलाओं व बच्चों ने जमकर खरीदारी की।

## न्यूज डायरी

### जनप्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को दिए प्रमाण पत्र



**हसनपुर, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर शासन के निर्देश पर मंगलवार को नगर के बायपास मार्ग स्थित कमाल मल पैलेस के सभागार में एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में चेयरमैन राजपाल सैनी सम्मिलित हुए। समारोह के दौरान कस्तूरबा विद्यालय उझारी आपकी छात्रों के द्वारा स्वागत गीत एवं एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। इसके बाद लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में चेयरमैन राजपाल सैनी ने विचार व्यक्त किए। समारोह का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, मयंक अग्रवाल, राजीव गोयल, अंकुर अग्रवाल, संजय शर्मा, अतुल गर्ग सहित अधिकारी में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की आराधना

**धनौरा , अमृत विचार :** नवरात्र के छठे दिन मां दुर्गा के षष्ठम स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ की गई। प्राचीन नवदुर्गा मंदिर परिसर में भक्तों का खासा जमावड़ा देखने को मिला, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। मंदिरों में सुबह से ही पूजा-पाठ का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर रात तक जारी रहा। महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन कर माता रानी का गुणगान किया। प्राचीन नवदुर्गा मंदिर के पुजारी हरिओम त्रिवेदी ने बताया कि नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा का विशेष महत्व होता है। सच्चे मन से मां की आराधना करने पर भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि का आगमन होता है।



### कुकर्म के दो आरोपियों को भेजा जेल

**मंडी धनौरा/बछरायं, अमृत विचार :** पुलिस टीम ने नाबालिग बच्चे के साथ कुकर्म की गंभीर घटना में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 19 मार्च को थाना बछरायूँ क्षेत्र में नाबालिग के साथ कुकर्म की घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष कुलदीप तोमर ने तत्काल टीम का गठन किया। पुलिस ने मामेल में आरोपी नवेद तथा मोहम्मद शादाब निवी बछरायूं को गिरफ्तार कर लिया।

### सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता का किया स्वागत



**हसनपुर, अमृत विचार :** गुर्जर समाज की सभा मंगलवार को संबोधित करने आए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी का किसान नेता डॉ दिग्विजय सिंह भाटी ने फूलमाला पहनकर भव्य स्वागत किया। स्वागत के बाद सपा नेता राजकुमार भाटी और किसान नेता डॉक्टर दिग्विजय सिंह भाटी ट्रैक्टर पर सवार होकर सभा स्थल पर पहुंचे। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने बताया कि आगामी 27 मार्च को गौतमबुद्ध नगर के दादरी में होने वाली विशाल रैली की सफलता को लेकर अपनों के बीच आए हैं। यशपाल सिंह, राहुल नागर, ओम दत्त गुर्जर, डॉ नरेश सिंह, सोनू, अरविंद, नदीम, यासीन, रईस, सलमान आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत निकाली स्कूटी रैली



रैली निकालतीं महिला पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर अमरोहा पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को भव्य स्कूटी रैली निकाली। रैली में 100 से अधिक महिला पुलिसकर्मियों ने भाग लेकर जागरूकता का संदेश दिया।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में आयोजित इस रैली को पुलिस कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में करीब 50 स्कूटी के साथ महिला उपनिरीक्षक और महिला आरक्षी शामिल रहीं, जबकि यूपी-112 की दोपहिया और चारपहिया वाहन भी साथ चले। यह जागरूकता रैली पुलिस कार्यालय से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई रीगल-77 तक पहुंची। रैली के दौरान विभिन्न स्थानों पर आमजन, खासकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नौगांवा सादात सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

संवाददाता गजरौला

- पांच अप्रैल को होनी थी शादी, एक माह में चौथी युवती की हुई मौत
- बिना पुलिस को सूचना दिए कर दिया अंतिम संस्कार

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत हो गई। जिससे मृतका के परिवार में कोहराम मच गया। परिवार वालों ने युवती का बिना पुलिस कार्रवाई के अंतिम संस्कार कर दिया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की पांच अप्रैल को शादी थी। मंगलवार की सुबह युवती संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिससे मृतका के परिवार में कोहराम मच गया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिवार वालों ने युवती का बिना पुलिस कार्रवाई के अंतिम संस्कार कर दिया। गांव में जानकारी करने पर पता चला की युवती का अपने परिवार वालों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद मंगलवार की तड़के युवती संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

इसलिए दोपहर को परिवार वालों ने मौका पाकर युवती का तिगरी गंगा किनारे अंतिम संस्कार कर दिया। बताया जा रहा है कि तीन माह के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में चौथी युवती की मौत हुई है। जिससे गांव में लोगों में दहशत का माहौल है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### आटा गांव में लगी मंडलायुक्त की चौपाल

**संभल, अमृत विचार :** विकासखंड बनियाखेड़ा के ग्राम आटा स्थित पीएम श्री विद्यालय में मंगलवार को मंडलायुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। मंडलायुक्त ने सबसे पहले विद्यालय की साइंस लैब का निरीक्षण किया और बच्चों द्वारा तैयार किए गए विज्ञान मॉडल की सराहना की। इसके बाद उन्होंने एजुकेशनल पार्क का अवलोकन कर शिक्षकों से इसकी उपयोगिता की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर प्रसव कक्ष, टीकाकरण कक्ष एवं सीएचओ कक्ष का जायजा लिया तथा दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### प्रदर्शन में गिरफ्तार किसान नेता रिहा

**संभल, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में खनन के विरोध में प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किए गए भाकियू असली से जुड़े किसान नेता मंगलवार को मुरादाबाद जेल से रिहा कर दिया गया। रिहाई के बाद जेल गेट पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। रिहा होते ही भाजपा नेता संजीव यादव ने किसान नेताओं को फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। वहीं विधायक पुत्र अखिलेश यादव भी जेल गेट पर पहुंचे और किसान नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। जेल से 50 से ज्यादा उन किसान नेताओं को रिहा किया गया है जिनकी गिरफ्तारी शांति भंग की आशंका में की गई थी।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**चंदौसी, अमृत विचार :** गांव रीठ निवासी राहुल 18 वर्ष मंगलवार को बदायूं जनपद क्षेत्र में आसफपुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आ गया। जिसकी बाद उसकी मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि राहुल के बड़े भाई अशोक की कुछ दिन पहले बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। राहुल से छोटे भाई ज्ञान पाल व गौरव है। साथ ही दोनों बहनें रीना व सीना की शादी हो चुकी है। घटना के बाद से मां बलोदेवी का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

# परिवार को बंधक बनाकर पांच लाख की लूट

## एक बदमाश को दबोचा, असालतपुर जारई गांव में हुई घटना, आरोपी से पूछताछ कर रही पुलिस

- बदमाशों ने परिवार को गन प्वाइंट पर लेकर लूटी संपत्ति

संवाददाता, चंदौसी/संभल

**अमृत विचार :** चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई में मंगलवार देर रात सशस्त्र बदमाशों ने एक घर में धावा बोलकर दहशत फैला दी। बदमाशों ने तमंचों के बल पर पूरे परिवार को बंधक बना लिया और नगदी व सोने-चांदी के जेवरात समेत करीब पांच लाख रुपये की लूट कर फरार हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों की सतर्कता से एक बदमाश पकड़ में आ गया, जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर अस्पताल में भर्ती कराया है।

असालतपुर जारई गांव निवासी हरपाल अपनी पत्नी आशा और तीन मासूम बच्चों काव्या (7 वर्ष), अनमोल (5 वर्ष) व मानवी (4 वर्ष) के साथ घर के बरामदे में सो रहे थे। रात करीब एक से दो बजे के बीच पांच बदमाश दीवार पर सीढ़ी लगाकर घर में घुस आए। बदमाशों ने परिवार को जगाकर तमंचा सिर पर तान दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए सभी को कमरे में ले जाकर हाथ-पैर बांध दिए। पीड़ित परिवार के अनुसार बदमाशों ने अलमारी और घर के अन्य स्थानों की तलाशी ली और 50-60 हजार रुपये की नगदी के साथ सोने-चांदी के जेवरात लूट लिए। लूटे गए सामान में सोने का टीका, नथ, दो कंठी, दो जोड़ी कुंडल, दो अंगूठियां, तीतर ओम, चांदी के खड़ुवा, पाजेब और अन्य आभूषण शामिल हैं। कुल मिलाकर करीब पांच लाख रुपये का माल बदमाश समेट ले गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बदमाश को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदौसी भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक बैग और मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पीड़िता आशा ने बताया कि बदमाशों ने विरोध करने पर मारपीट भी की और बच्चों को डराकर चुप रहने को कहा। वहीं हरपाल ने बताया कि बदमाशों ने तमंचा सिर पर रखकर जान से मारने की धमकी दी और पूरे घर की तलाशी लेकर कीमती सामान लूट लिया। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पकड़े गए बदमाश से पूछताछ कर उसके साथियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।



लूट के बाद गांव के बाहर पड़ा बैग देखते ग्रामीण। ● अमृत विचार



असालतपुर जारई में लूट के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान व खुली अलमारी।

### महिला की सूझबूझ से पकड़ा गया बदमाश

घटना के दौरान हरपाल की पत्नी आशा ने सूझबूझ दिखाते हुए शौच जाने का बहाना बनाया। जब बदमाश उसे बाहर ले जा रहे थे, तभी उसने दुपट्टा उठाने के बहाने मोबाइल उठाने की कोशिश की। इस पर बदमाशों ने मोबाइल छीनने का प्रयास किया, जिससे महिला की चीख निकल गई। इसके बाद शोर सुनकर आसपास के लोग जाग गए और गांव में हलचल मच गई। ग्रामीणों के जागने पर बदमाश घबराकर भागने लगे। चार बदमाश सीढ़ी के सहारे फरार हो गए, जबकि एक बदमाश दीवार फांदकर पास के खाली प्लॉट में कूद गया। वहां पशु बांधने के लिए लगे खूंटे से टकराकर वह मुंह के बल गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया।

# बच्ची ने तीन लाख के जेवर नौ सौ रुपये में बेचे

संवाददाता, चंदौसी (संभल)

- दोबारा चोरी का किया प्रयास तो पकड़ी गई, पूछताछ में कबूली पिछली वारदात

**अमृत विचार:** जनपद संभल के चंदौसी शहर में गोशाला रोड स्थित एक मेंथा व्यापारी के घर में काम करने वाली नाबालिग बच्ची रुपये चोरी करते समय पकड़ी गई। पूछताछ में बच्ची ने दो माह पहले घर से 3 लाख रुपये कीमत के सोने के जेवर चोरी कर बाजार में एक सर्राफ को मात्र 900 रुपये में बेचने की बात कबूल की।

बताया जाता है कि मेंथा व्यापारी के परिवार में उसके दोनों पुत्रों की शादी हो चुकी है और घर में छोटे बच्चे भी हैं। बच्चों की देखभाल के लिए करीब छह माह पहले संभल गेट क्षेत्र की 9-10 वर्षीय दो बच्चियों को रखा गया था, जो बारी-बारी से घर पर आती थीं। व्यापारी के अनुसार करीब दो माह पूर्व घर से सोने के जेवर अचानक गायब हो गए थे। काफी तलाश के बावजूद जेवर नहीं मिले। परिवार को बच्चियों पर संदेह तो हुआ, लेकिन उस समय उनसे कोई सख्ती से पूछताछ नहीं की गई। मंगलवार को एक बच्ची घर पर आई हुई थी। इसी दौरान परिवार की बड़ी पुत्रवधु बाजार चली गई। मौका पाकर बच्ची दूसरी मंजिल पर बने कमरे में पहुंच गई और अलमारी खोलकर रुपये निकालने लगी। तभी परिवार के अन्य सदस्यों ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। पूछताछ में बच्ची ने पहले रुपये चोरी की बात मानी और फिर दो माह पहले घर से सोने के जेवर चोरी करने का भी खुलासा कर दिया। उसने बताया कि दो सोने की चेन, दो अंगूठी और एक जोड़ी टॉप्स उसने बाजार में एक सर्राफ को मात्र 900 रुपये में बेच दिए थे। परिवार के अनुसार चोरी हुए जेवर की कीमत करीब तीन लाख रुपये है। इसके बाद व्यापारी परिवार बच्ची को लेकर बड़ा बाजार स्थित सर्राफ की दुकान पर पहुंचा और उससे पूछताछ की, लेकिन सर्राफ ने जेवर खरीदने से साफ इंकार कर दिया। फिलहाल मामले में पुलिस को सूचना देने की तैयारी की जा रही है।

# 19 साल से फरार 15 हजार का इनामी दबोचा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** संभल जनपद की नखासा थाना पुलिस ने 19 साल से फरार चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी ईद का त्योहार मनाने के लिए घर आया था, तभी पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।

मंगलवार को थाना नखासा पुलिस ने कासिम निवासी मोहल्ला हिंदूपुरा खेड़ा को रिठाली बाईपास से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी संजीव बालियान ने बताया कि कासिम वर्ष 2007 से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ अदालत से गिरफ्तारी वारंट जारी था। पुलिस के अनुसार कासिम को वर्ष 2002 में आर्म्स एक्ट के तहत तमंचा लेकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जेल से छूटने के बाद वह 2007 में फरार हो गया और तब से लगातार पुलिस की पकड़ से बाहर था। उसके खिलाफ अदालत से कई बार वारंट जारी हुए, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। फरारी के दौरान कासिम मुंबई और गुजरात के विभिन्न शहरों में रहकर मजदूरी करता रहा। वह बीच-बीच में त्योहारों पर चोरी-छिपे घर आता था और फिर वापस चला जाता था। इस बार भी वह ईद मनाने के लिए घर आया था और वापस जाने की तैयारी कर रहा था। तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया किकासिम पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित था।



जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक। ● अमृत विचार

- ईद मनाने के लिए घर आया था आरोपी

# हत्या के मामले में चार दोषियों को उम्र कैद

**चंदौसी, अमृत विचार:** थाना बनियाठेर क्षेत्र में वर्ष 2012 में हुए हत्या के मामले में जिला न्यायालय ने चार आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

वादी महीपाल निवासी गांव शोभापुर, थाना बहजोई के अनुसार 14 अगस्त 2012 को वह अपने बड़े भाई चन्द्रपाल उर्फ बडडे, दानवीर, किशनपाल तथा राशन डीलर भूरे खां के साथ चंदौसी स्थित सिपाहीलाल ऑयल कंपनी से मिट्टी का तेल लेने आए थे। महीपाल और दानवीर ट्रैक्टर से, जबकि चन्द्रपाल और किशनपाल मोटरसाइकिल से साथ-साथ चल रहे थे। गांव मझावली के पास आरोपियों ने टाटा 407 वाहन से मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। चन्द्रपाल उर्फ बडडे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि किशनपाल से घायल हो गया। गांव के सोमवीर और सुंदर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# खाद्य विभाग की टीम ने पसरट्टा गांव में तीन दुकानों से लिए सैंपल

- दुकानें बंद करके भागे दुकानदार

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** नवरात्रि पर मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री रोकने के लिए मंगलवार को सहायक आयुक्त खाद्य ने टीम के साथ पसरट्टा बाजार में तीन दुकानों पर छापा मारा। जहां से टीम ने सरसों के तेल, कोटू आटा आदि के सेंपल लिए। छापे के दौरान बाजार में हड़कंप मच गया और दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर चले गए।

नवरात्रि में बाजारों में मिलावटी खाद्य सामग्री की धड़ल्ले से बिक्री की जा रही है। इस पर रोक लगाने के लिए जिला आयुक्त खाद्य सुरक्षा के निर्देश मंगलवार की शाम 5 बजे सहायक आयुक्त खाद्य टीम के साथ पसरट्टा बाजार पहुंचे। जहां 3 दुकानों पर छापा मारा। टीम ने दुकानों से सरसों का तेल, कोटू आदि के सेंपल भरे। जिन्हें जांच को लैब भेजा जा रहा है।

छापेमारी के दौरान बाजार की दुकानों के शटर गिरने शुरू हो गए और व्यापारी अपने-अपने प्रतिष्ठां बंदकर चले गए। सहायक आयुक्त खाद्य ने बताया कि नवरात्र को लेकर छापेमारी की जा रही है। बताया कि उक्त तीनों दुकानदारों को सफाई को लेकर नोटिस जारी किए गए हैं।



चंदौसी में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई के दौरान बंद हुईं दुकानें। ● अमृत विचार

# जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर मामले में सुनवाई 22 अप्रैल को

संवाददाता, चंदौसी

- 19 नवंबर 2024 को शाही जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने का किया था दावा

**अमृत विचार:** संभल की शाही जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामले में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के चलते गुरुवार को सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य सिंह के न्यायालय में सुनवाई स्थगित कर दी गई। अब इस मामले में 22 अप्रैल को सुनवाई होगी।

संभल में 19 नवंबर 2024 को शाही जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने के दावे को लेकर कैला देवी मंदिर के महंत ऋषिराज गिरी, अधिवक्ता हरिशंकर जैन समेत आठ लोगों ने सिविल जज सीनियर डिवीजन जनपद संभल स्थित चंदौसी आदित्य सिंह के न्यायालय में वाद दायर किया था। इसके बाद 19 और 24 नवंबर 2024 को मस्जिद परिसर का सर्वे भी किया गया था। इस विवाद में मुस्लिम पक्ष ने ट्रायल कोर्ट के सर्वे आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन हाईकोर्ट ने 19 मई को ट्रायल कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा और निचली अदालत में सुनवाई के आदेश दिए थे। 21 अगस्त 2025 को न्यायालय में मुकदमे पर सुनवाई हुई। मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अधिवक्ता शकील अहमद वारसी ने सुप्रीम कोर्ट का एक ऑर्डर दाखिल किया था। मंगलवार को इस प्रकरण आदित्य सिंह ने सुनवाई स्थगित कर दी। सुप्रीम कोर्ट का हवाला देते हुए 22 अप्रैल तारीख तय की है।

# सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक में उठीं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले भर के व्यापारियों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के चेयरमैन गौरीशंकर चौधरी ने सड़कों के डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर न होने से हो रही दुर्घटनाओं का मुद्दा उठाते हुए जल्द रिफ्लेक्टर लगवाने की मांग की। वहीं एडवोकेट कशिश कौशल ने बाजारों में लगने वाले जाम की समस्या से अवगत कराया। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हर्षित शर्मा, हाजी एहतेशाम, शाह आलम मंसूरी और सागर गुप्ता ने विचार रखे।। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान अजय अग्रवाल, प्रतीक गुप्ता, विकास वर्मा, पुष्कल गुप्ता, हर्ष गुप्ता, वैभव छाबड़ा, दिशांत गर्ग, अर्चित गुप्ता, अंकित गुप्ता, साकिर हुसैन, नाजिम सैफी, फुरकान वारसी, अशरफ सलीमार, अतीकुर्रहमान सहित व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रभारी उपनिरीक्षक यतेन्द्र कुमार व अन्य व्यापारी मौजूद रहे।



बैठक के बाद एएसपी के साथ मौजूद व्यापारी। ● अमृत विचार

- जाम और हादसों पर जताई चिंता

# टीबी मुक्त भारत के लिए प्रयास जरूरी

कार्यालय संवाददाता, संभल

- विश्व क्षयरोग दिवस पर आशा सम्मेलन आयोजित
- टीबी मुक्त पंचायतों को किया सम्मानित

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चल रहे 9 दिवसीय जन जागरण, प्रदर्शनी एवं संवाद कार्यक्रम के तहत मंगलवार को बस स्टैंड बहजोई पर विश्व क्षयरोग दिवस के मौके पर आशा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने की, जबकि मुख्य अतिथि मंडलायुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह रहे।

मंडलायुक्त ने उद्यान, पीएम सूर्य घर योजना, आईसीडीएस, पशुपालन, कृषि, प्राविधिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा एवं उद्योग विभाग द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। साथ ही सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी निरीक्षण किया। मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी संभव है, जब गांव, ब्लॉक और जनपद स्तर पर समन्वित प्रयास किए जाएं। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान टीबी मुक्त पंचायत सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जिले की 37 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा 25 टीबी मरीजों को निक्षय पोषण पोटली वितरित की गई। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाली 24 आशा कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। अंत में मंडलायुक्त और जिलाधिकारी ने निक्षय वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, सीएमओ डॉ. तरुण पाठक, एसीएमओ डॉ. पंकज बिश्नोई, एसडीएम वंदना मिश्रा, रामानुज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने राजस्व वाद एवं लंबित मामलों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

### विभिन्न भवनों का किया लोकार्पण

जनपद के बहजोई स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने नवनिर्मित भवनों एवं सुविधाओं का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय नगरीय निकायों के अंतर्गत 15वें वित्त आयोग से स्वीकृत 376 .37 लाख रुपये की परियोजनाओं का बटन दबाकर लोकार्पण किया।

# घर से पेपर देने निकली दो छात्राएं लापता

कार्यालय संवाददाता, संभल

- 24 घंटे बाद भी नहीं मिला सुराग पुलिस की तीन टीमें जांच में जुटीं

**अमृत विचार:** जनपद संभल के जुनावई थाना क्षेत्र में घर से परीक्षा देने निकली दो छात्राओं के लापता होने से हड़कंप मच गया है। 24 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी दोनों का कोई सुराग नहीं लग सका है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई है। तीन टीमों का गठन कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

जनता इंटर कॉलेज जुनावई में कक्षा 7 की छात्रा गुन्नौर के थाना जुनावई क्षेत्र के गांव धनीपुर निवासी सुरेश चंद्र की 15 वर्षीय पुत्री निधि यादव व प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 5 की छात्रा इसी गांव के सर्वेश की10 वर्षीय पुत्री साधना सोमवार सुबह करीब 8 बजे पेपर देने के लिए घर से निकली थीं। परिजनों के अनुसार दोपहर 12 बजे तक दोनों छात्राएं घर वापस नहीं लौटीं तो चिंता बढ़ गई। खोजबीन के दौरान पता चला कि दोनों अपने-अपने स्कूल भी नहीं पहुंचीं। शाम तक कोई जानकारी न मिलने पर परिजन थाना जुनावई पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल तीन टीमें गठित कर दीं। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मंगलवार को थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों छात्राएं जुनावई अड्डे तक सीसीटीवी में दिखाई दी हैं, लेकिन इसके बाद उनका कोई सुराग नहीं मिला है।

## न्यूज डायरी

### परीक्षाफल वितरण समारोह में मेधावियों का सम्मान

**संभल, अमृत विचार :** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक अशोक कुमार गर्ग, उपप्रबंधक नरेश राधू सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुरुआत की। प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास बेहद जरूरी हैं। ने विचार व्यक्त किए। कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड और अंकपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राकेश अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, विष्णु सरन रस्तोगी, अरविंद सिंह एडवोकेट, सुनील कुमार, पूनम शुक्ला सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### अज्ञात वाहन की टक्कर से मामा की मौत, भांजी गंभीर रूप से घायल

**संभल, अमृत विचार :** रायसत्ती थाना क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से मामा की मौत हो गई। जबकि भांजी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल किशोरी को इलाज चल रहा है। जुबेर (16) निवासी गांव बिलालपथ थाना असमोली अपनी 14 वर्षीय भांजी शीबा निवासी गांव मिलक लालबेग, थाना नखासा को उसके घर छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान थाना रायसत्ती क्षेत्र के जोया रोड पर गांव ताजपुर के निकट मंगलवार रात करीब 8 बजे किसी अज्ञात वाहन ने जुबेर की बाइक को टक्कर मार दी। पुलिस घायल जुबेर व उसकी भांजी शीबा को इलाज के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल लेकर गई, जहां चिकित्सकों ने जुबेर को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल शीबा का उपचार किया जा रहा है। हादसे की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। बेटे का शव देखकर मां भूरी समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया गया कि मृतक नौ बहनों और तीन भाइयों में से एक था। मृतक के भाई मुनियाद अली ने बताया कि जुबेर सिलाई का काम करता था। थाना प्रभारी निशांत कुमार राठी ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

### मैं जिंदा हूं की तख्ती लेकर डीएम के पास पहुंचा बुजुर्ग

**संभल, अमृत विचार :** संभल जनपद में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां ग्राम सचिव पर वृद्धावस्था पेंशन ले रहे बुजुर्ग को कागजों में मृत दर्शाकर पेंशन बंद कराने का आरोप लगा है। पीड़ित बुजुर्ग हाथ में "मैं नत्थूलाल प्रजापति जिंदा हूं" की तख्ती लेकर जिलाधिकारी से मिला और न्याय की गुहार लगाई। चंदौसी के ब्लॉक बनियाखेड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायत फरीदपुर खास के मजरा रामरायपुर गमटिया निवासी नत्थूलाल प्रजापति ने जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया को शिकायत देकर बताया कि वह अत्यंत गरीब है और उसकी पत्नी का निधन हो चुका है। परिवार में एक मानसिक रूप से कमजोर सदस्य है, जिसका भरण-पोषण वृद्धावस्था पेंशन से ही हो रहा था। आरोप है कि तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव संजय यादव ने वर्ष 2022 में उसे जीवित रहते हुए मृत दर्शाकर समाज कल्याण विभाग को रिपोर्ट भेज दी, जिसके आधार पर उसकी पेंशन बंद कर दी गई। बुजुर्ग का कहना है कि उसने कई बार शिकायत की और जनसुनवाई पोर्टल पर भी प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि सचिव ने उसे डरा-धमकाकर कोरे कागज पर अंगूठा लगवा लिया और बाद में बहजोई ले जाकर भी भयभीत किया। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### निपुण चैंपियन मेला में प्रतिभा व नेतृत्व का दिखा प्रदर्शन

**संभल, अमृत विचार :** पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय धुरैटा में निपुण चैंपियन मेला एवं लेगेसी ट्रांसफर समारोह का भव्य आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से इन्वॉल्व लर्निंग सॉल्यूशन फाउंडेशन द्वारा किया गया। इसका संपूर्ण संचालन, आयोजन और मंच संचालन विद्यार्थियों ने स्वयं किया। कार्यक्रम में पवांसा ब्लॉक के 17 प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सोशल मीडिया का नकारात्मक प्रभाव और वृक्ष लगाओ, जीवन बचाओ जैसे समसामयिक विषयों पर आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने विचार रखे। प्रारंभ में इन्वॉल्व के प्रतिनिधि पुलकित जोशी ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर बीईओ विनोद कुमार मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में उनके साथ एआरपी संजीव कुमार, प्रह्लाद, शैलेन्द्र कुमार और ओमपाल सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं इन्वॉल्व टीम के सदस्य मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### एसआई परीक्षा में आंसर-की पर मांगी आपत्तियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड ने उप निरीक्षक (एसआई) के लिए हुई लिखित परीक्षा की आंसर-की जारी कर दी है। साथ ही प्रश्नों पर आपत्तियां भी मांगी हैं। परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक अभ्यर्थी यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट uppbpb.gov.in से आंसर-की डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपने उत्तरों का मिलान करके संभावित स्कोर का अनुमान भी लगा सकते हैं। यह आंसर-की प्रोविजनल रूप में जारी की गई है। गौरतलब है कि पुलिस भर्ती बोर्ड द्वार बीते 14 और 15 मार्च को प्रदेश भर के 75 जिलों में 1090 केन्द्रों पर एसआई पद क लिए लिखित परीक्षा कराई गई थी। एसआई के 4,543 पदों के लिए आयोजित परीक्षा में 10 .77 लाख अभ्यर्थियों परीक्षा दी थी, जबकि एक तिहाई ने परीक्षा छोड़ दी थी। दोनों दिनों की परीक्षा में नकल कराने के नाम पर गुमराह करने आठ आरोपियों की गिरफ्तार किया गया था, जबकि दर्जन भर से अधिक मुकदमे कायम किए गए थे।

### मिशन शक्ति में 29,193 बालिकाओं से संवाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** 'मिशन शक्ति' के तहत प्रदेशभर में व्यापक अभियान चलाकर 29,193 बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उन्हें आत्मरक्षा, जीवन कौशल और करियर मार्गदर्शन दिया गया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि सरकार बालिकाओं को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अभियान के तहत 6,587 विद्यालयों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र आयोजित हुए, जबकि 6,256 स्कूलों में 'सेल्फ डिफेंस क्लब' बनाए गए। अधिकारियों के अनुसार, इन प्रयासों से बालिकाओं में आत्मबल, जागरूकता और निर्णय क्षमता का विकास हो रहा है।

### शिक्षा जागरुकता को लगाया शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में मंगलवार को महात्मा गांधी विक्रमादित्य वार्ड के चित्ता का पुरवा, नई बस्ती में शिविर लगाया गया। इस दौरान शिक्षा के प्रति जागरुक करते हुए जन भवन स्थित आदर्श माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को अधिक से अधिक दाखिला कराने के लिए अभिभावकों से कहा गया। इस दौरान जन भवन की अधिकारी निधि पांडे ने स्कूल में उपलब्ध उन्नत सुविधाओं, अनुशासित वातावरण एवं उच्च शिक्षण गुणवत्ता के बारे में बताया। कहा कि राज्यपाल के संरक्षण, आशीर्वाद एवं प्रेरणा से संचालित यह स्कूल निजी विद्यालयों से भी बेहतर सुविधाएं प्रदान कर रहा है।

### यू-राइज पोर्टल से ही संबद्धता विस्तार आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्राविधिक शिक्षा परिषद ने सत्र 2026-27 के लिए निजी तकनीकी संस्थानों की संबद्धता विस्तार प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए यू-राइज पोर्टल 23 मार्च से खोल दिया गया है और सभी संस्थानों को समयबद्ध आवेदन करने के निर्देश दिए गए हैं। परिषद के सचिव डॉ. संतोष कुमार सिंह ने स्पष्ट किया है कि संबद्धता विस्तार के लिए केवल यू-राइज पोर्टल के माध्यम से ही आवेदन मान्य होंगे। ऑफलाइन या अन्य किसी माध्यम से किए गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि वे पोर्टल पर लॉगिन कर अपने शैक्षणिक स्टाफ का पूरा विवरण अपडेट करें और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करें। यह संबद्धता विस्तार एआईसीटीई, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया और काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर से प्राप्त अनुमोदन के आधार पर दिया जाएगा।

### सीएसआर कॉन्क्लेव से जुड़ेंगी बड़ी कंपनियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए योगी सरकार अब कॉरपोरेट सेक्टर की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में कदम उठा रही है। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने निर्देश दिए हैं कि विभाग की योजनाओं से बड़ी कंपनियों को जोड़ने के लिए सीएसआर कॉन्क्लेव आयोजित किया जाए, ताकि विद्यालयों के विकास में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) का सहयोग लिया जा सके। विधानसभा कार्यालय में मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर बालक-बालिका तक समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है। उन्होंने बालिका शिक्षा को विशेष प्राथमिकता देते हुए कहा कि उन्हें सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

# खरीफ सीजन में खाद की किल्लत नहीं, पर्याप्त भंडार: कृषि मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूरिया रैक से 35% आपूर्ति सहकारिता को, जमाखोरी न करने की अपील

**अमृत विचार:** प्रदेश में आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर सरकार ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रदेश में खाद का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और आपूर्ति में किसी तरह की बाधा नहीं आएगी।

विधान भवन में उर्वरक कंपनियों के साथ समीक्षा बैठक में मंत्री ने निर्देश दिए कि केंद्र से मिले आवंटन के सापेक्ष उत्तर प्रदेश को प्राथमिकता देते हुए शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए निर्देश दिया कि हर यूरिया रैक से 35 प्रतिशत खाद सहकारी समितियों को अनिवार्य रूप से दी जाएगी, ताकि किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध हो सके। मंत्री ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के सभी 18 मंडलों में पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। 24 मार्च तक राज्य में 11.24 लाख मीट्रिक टन यूरिया और 9.92 लाख मीट्रिक टन डीएपी-एनपीके उपलब्ध है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे वैज्ञानिक संस्तुति के आधार पर ही खाद खरीदें और अनावश्यक भंडारण से बचें, ताकि सभी किसानों को जरूरत के मुताबिक उर्वरक मिल सके।



कृषि मंत्री की अगुवाई में हुई बैठक में बीमा कंपनी के प्रतिनिधि व अन्य।

### फसलों के नुकसान का सर्वे 31 तक पूरा करें बीमा कंपनियां

- कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि हाल ही में हुई बेमौसम बारिश, आंधी और प्रतिकूल मौसम से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने बीमा कंपनियों को कड़े निर्देश दिए कि वे आगामी 31 मार्च तक प्रभावित जिलों में मौके पर जाकर सर्वे का कार्य हर हाल में पूरा कर लें। इस मामले में ढिलाई बरतने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कृषि मंत्री ने मंगलवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने बताया कि अप्रैल के पहले सप्ताह में बीमा कंपनियों द्वारा किए गए सर्वे की समीक्षा की जाएगी, जिससे वास्तविक क्षति का आंकलन कर पीड़ित किसानों को राहत पहुंचाई जा सके। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अभी तक प्रदेश के 67 .52 लाख किसानों को 5,660 .33 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति प्रदान की जा चुकी है।

## डीपीसी-एसीपी मामलों में देरी पर नाराजगी

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश राज्य कर अधिकारी सेवा संघ ने विभाग में लंबित डीपीसी (पदोन्नति) और एसीपी मामलों को लेकर प्रमुख सचिव से शीघ्र निस्तारण की मांग की है। संघ के अध्यक्ष दिव्येन्दु शेखर गौतम और महासचिव सुशील कुमार गौतम कहा है कि पदोन्नति और वित्तीय लाभ से जुड़े मामलों के लंबित रहने से उनमें असंतोष की स्थिति बन रही है।पत्र में बताया गया कि वर्ष 2025-26 में कई पदों पर डीपीसी हो चुकी है, लेकिन डीसी से आईसी, एसी से डीसी और सीटीओ से एसी पदों पर पदोन्नति अभी लंबित है। संघ के अनुसार, एसीपी के विभिन्न चरणों के मामले भी लंबे समय से अटके हैं, जिससे वित्तीय लाभ नहीं मिल पा रहा।

# जर्मन तकनीक से लैस होंगी यूपी की गोशालाएं

## गो सेवा आयोग और जीआईजेड के बीच हुआ एमओयू, आत्मनिर्भर मॉडल पर दिया जाएगा जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में गोशालाओं को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अब प्रदेश की चयनित गोशालाओं को जर्मन तकनीक से लैस किया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग और जर्मनी की प्रतिष्ठित संस्था जीआईजेड के बीच मंगलवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्रबंधन, संसाधनों के बेहतर उपयोग और आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर काम किया जाएगा। इसके लिए गोशालाओं का चयन गो सेवा आयोग द्वारा किया जाएगा। इस पहल से प्रदेश की गोशालाएं अधिक सक्षम और आत्मनिर्भर बनेंगी। साथ ही, गो सेवा से जुड़े लोगों को नई तकनीकों की जानकारी मिलने से उनकी कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। योगी सरकार की मंशा है कि गोशालाओं को आश्रय स्थल तक सीमित न रखकर उत्पादक इकाई के रूप में विकसित किया जाए।



एमओयू का आदान-प्रदान करते गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता व जर्मनी के प्रतिनिधि।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल

- सरकार की मंशा गोशालाओं को केवल आश्रय स्थल तक सीमित रखने की नहीं, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर इकाई के रूप में विकसित करने की है। इसके तहत गोबर, गोमूत्र और अन्य गो-आधारित उत्पादों के वैज्ञानिक और व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। इस पहल से न केवल गो सेवा मजबूत होगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण को भी नई दिशा मिलेगी।

### राज्य गो सेवा आयोग और अधिकारी करेंगे गोशालाओं का निरीक्षण

- अमृत विचार, लखनऊ : शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा गाय के संरक्षण को लेकर धर्म युद्ध छेड़ने का ऐलान किया तो राज्य सरकार हरकत में आ गई है। राज्य गो सेवा आयोग और अधिकारी गोशालाओं का निरीक्षण कर गायों के बेहतर रख-रखाव के उपाय करेंगे। वहीं पुलिस से भी कहा गया है कि वह गो तस्करों के खिलाफ रासुका और गैंगस्टर जैसी सख्त कार्रवाई करे, जिससे गोवंश की सुरक्षा हो सके। शंकराचार्य ने बीते दिनों लखनऊ प्रवास के दौरान कहा था कि यूपी में गायों की हालत खासी खराब है। उनका सही संरक्षण नहीं हो पा रहा है। वह गायों की सुरक्षा के लिए धर्मयुद्ध छेड़ेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य गो सेवा आयोग ने गोशालाओं का निरीक्षण करने का प्लान तैयार किया है। आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त ने बताया कि गोशालाओं में गोवंश के संरक्षण, भरण-पोषण, हरा चारा, भूसा, चोकर, स्वच्छ पेयजल एवं आवश्यक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। ये अभियान दो चरणों में होगा। प्रदेश भर के मंडल में आयोग के पदाधिकारी स्वयं स्थलीय निरीक्षण करेंगे। साथ ही जिला स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठकों में भाग लेंगे। प्रत्येक निरीक्षण के बाद रिपोर्ट शासन को को भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा झांसी, आगरा, चित्रकूटधाम, देवीपाटन, गोरखपुर, लखनऊ, आजमगढ़, विन्ध्यांचल एवं अयोध्या मंडलों में निरीक्षण किया जाएगा। दूसरे चरण में अन्य मंडलों को लिया जाएगा। इसके अलावा पशुपालन और प्रशासन के अधिकारी भी समय-समय पर गोशालाओं का निरीक्षण कर रिपोर्ट शासन को भेजेंगे।

## सरकारी योजनाओं से सोमा अनीता की बदली तकदीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गुड़ उद्योग से सोमा की 90 हजार मासिक कमाई, कई राज्यों में सप्लाई
- स्वयं सहायता समूह से अनीता बनीं 'लखपति दीदी', 4400 को मिला सहारा

**अमृत विचार:** योगी सरकार की योजनाएं अब जमीन पर असर दिखा रही हैं। आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करते हुए गांवों की महिलाएं रोजगार मांगने वाली नहीं, बल्कि रोजगार देने वाली बन रही हैं। लखीमपुर-खीरी की सोमा गुप्ता और अमरोहा की अनीता देवी इसकी जीवंत उदाहरण हैं।

लखीमपुर-खीरी के सिंगहाखुर्द गांव की सोमा गुप्ता ने 'प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम' के तहत वर्ष 2022 में 25 लाख रुपये का ऋण लेकर गुड़ कोल्हू उद्योग शुरू किया। आज उनका उद्यम सफलता की नई मिसाल बन चुका है। सीजन में प्रतिदिन करीब 18 क्विंटल गुड़ उत्पादन के साथ उनका उत्पाद यूपी के अलावा बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल तक पहुंच रहा है। अपनी 6 एकड़ गन्ने की खेती के साथ अन्य किसानों से खरीद कर उत्पादन बढ़ाने वाली सोमा हर महीने 80 से 90 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं और क्षेत्र के कई लोगों को रोजगार भी दे रही हैं।

वहीं, अमरोहा जिले के सलेमपुर गोसाईं गांव की अनीता देवी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अपनी जिंदगी बदल दी। कभी मजदूरी कर परिवार चलाने वाली अनीता आज "लखपति दीदी" के रूप में जानी जाती हैं। उन्होंने सिलाई कार्य से शुरुआत कर इसे व्यवसाय का रूप दिया और बाद में 'शक्ति ट्रेडर्स' के नाम से किराना दुकान भी शुरू की।

सरकारी सहयोग से उन्हें विभिन्न चरणों में आर्थिक सहायता मिली, जिससे उनका व्यवसाय मजबूत हुआ। आज उनकी मासिक आय 40 से 45 हजार रुपये तक पहुंच गई है। इतना ही नहीं, उनके नेतृत्व में 27 समूह सक्रिय हैं, जिनसे जुड़ी करीब 4400 महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन चुकी हैं।

दोनों कहानियां इस बात का प्रमाण हैं कि सही नीति, आर्थिक सहयोग और प्रशिक्षण मिलने पर ग्रामीण महिलाएं भी उद्यमिता में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकती हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं में यूपी बना देश में अग्रणी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 5.76 करोड़ इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड, डिजिटल हेल्थ में शीर्ष पर
- आयुष्मान योजना, मातृ-शिशु योजनाओं से करोड़ों को मिला लाभ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए देश में अग्रणी स्थान हासिल किया है। बीते नौ वर्षों में प्रदेश ने स्वास्थ्य ढांचे के साथ डिजिटल हेल्थ, आपात सेवाओं और मातृ-शिशु देखभाल में बड़े बदलाव किए हैं।

प्रदेश में अब तक 5.76 करोड़ से अधिक इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड तैयार किए जा चुके हैं, जो देश में सर्वाधिक हैं। माइक्रोसाइट प्रोजेक्ट के तहत 35 केंद्र संचालित हो रहे हैं, जहां 4.4 लाख से अधिक रिकॉर्ड पंजीकृत किए गए हैं। यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल के जरिए रोगों की निगरानी और नियंत्रण को भी मजबूत किया गया है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सुधार देखने को मिला है। गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा दी जा रही है, जबकि जननी सुरक्षा योजना से 13.5 लाख से अधिक लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं। बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 8.79 लाख बच्चों का उपचार किया गया है।

आयुष्मान भारत योजना के तहत 9 करोड़ से अधिक लोगों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश में 6,213 अस्पतालों का नेटवर्क इस योजना से जुड़ा है, जो देश में सबसे बड़ा है। अब तक 13,353 करोड़ रुपये खर्च कर 81.55 लाख मरीजों का इलाज किया जा चुका है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और एम्बुलेंस सेवाओं ने भी अहम भूमिका निभाई है। 108 एम्बुलेंस सेवा से 4 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ मिला है, जबकि मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के जरिए 1.80 करोड़ मरीजों का उपचार किया गया है।

## एमएसएमई और युवा गैप कम करने की पहल

**अमृत विचार:** प्रदेश में युवाओं को रोजगारोन्मुख बनाने और एमएसएमई सेक्टर की जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण देने के लिए नई पहल शुरू हुई है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) और इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के बीच हुई बैठक में उद्योग आधारित प्रशिक्षण व्यवस्था विकसित करने पर सहमति बनी। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने निर्देश दिए कि औद्योगिक संगठनों को प्रशिक्षण भागीदार के रूप में जोड़ा जाए, जिससे युवाओं को बाजार की मांग के अनुसार कौशल मिल सके और प्रशिक्षण के बाद बेहतर प्लेसमेंट सुनिश्चित हो। बैठक में डिजिटल सशक्तिकरण पर भी जोर दिया गया। एपीआई आधारित डेटा एकीकरण के जरिए प्रशिक्षण और रोजगार से जुड़ी सूचनाओं को एक प्लेटफॉर्म पर जोड़ा जाएगा, जिससे प्रक्रिया पारदर्शी और प्रभावी बनेगी। इसके अलावा क्यूआर कोड आधारित प्रणाली से एमएसएमई, नियोक्ता और नौकरी चाहने वालों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

# औद्योगिक इकाइयों को 2000 करोड़ प्रोत्साहन: नंदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मंत्री ने जताई बजट उपयोग 87% तक पहुंचने की उम्मीद
- वित्तीय वर्ष खत्म होने से पहले 6000 करोड़ की और स्वीकृति संभव

**अमृत विचार:** प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में बड़ा निवेश किया है। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने विभागीय बजट की समीक्षा करते हुए बताया कि औद्योगिक इकाइयों को करीब 2000 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की गई है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग को 28,864.98 करोड़ रुपये का बजट आवंटित हुआ था, जिसमें से अब तक 19,218 करोड़ रुपये (66.58%) खर्च की स्वीकृति जारी हो चुकी है। वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले करीब 6000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त स्वीकृति मिलने की संभावना है, जिससे कुल बजट उपयोग 87 प्रतिशत से अधिक पहुंच जाएगा। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में बेहतर औद्योगिक नीति, एक्सप्रेसवे नेटवर्क और एयरपोर्ट कनेक्टिविटी के चलते उत्तर प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बन रहा है।

प्रमुख सचिव आलोक कुमार के अनुसार, इस वर्ष यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में भूमि खरीद पर 2900 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि एक्सप्रेसवे और औद्योगिक कॉरिडोर विकास पर भी महत्वपूर्ण निवेश हुआ है।

### कहां हुआ बड़ा खर्च

- 2000 करोड़ : औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन
- 2900 करोड़ : भूमि खरीद (यमुना प्राधिकरण)
- 550 करोड़ : जेवर व फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे
- 250 करोड़ : औद्योगिक कॉरिडोर विकास
- 250 करोड़ : डिफेंस कॉरिडोर भूमि



मंत्री राकेश सचान को सोलर लाइट-प्रोजेक्शन फ्रेम दिखाता छात्र।

### छात्र का 'सोलर लाइट-प्रोजेक्शन फ्रेम' बना स्टार्टअप की राह

- **अमृत विचार, लखनऊ :** एमएसएमई मंत्री राकेश सचान के मार्गदर्शन में एक युवा नवाचार ने नई दिशा पाई है। जीएल बजाज संस्थान के बीटेक छात्र देव मंथन द्वारा विकसित सोलर आधारित रिचार्जेबल लाइट-प्रोजेक्शन फोटो फ्रेम अब तकनीक, रचनात्मकता और स्वच्छ ऊर्जा का अनूठा उदाहरण बनकर उभर रहा है।यह फ्रेम सामान्य स्थिति में साधारण दिखाई देता है, लेकिन प्रकाश पड़ते ही इसमें छिपा चित्र या संदेश उभरकर सामने आता है। हिडेन इन प्लेन साइट अवधारणा पर आधारित यह प्रोजेक्ट शुरुआत में बिजली आधारित बैकलाइट पर निर्भर था, जिससे इसकी उपयोगिता सीमित थी। मंत्री राकेश सचान ने इस प्रोटोटाइप का अवलोकन कर इसे सोलर ऊर्जा से जोड़ने का सुझाव दिया, जिसने इस प्रोजेक्ट को नया आयाम दिया। इसके बाद देव मंथन ने अपने मेंटर विश्वास गुप्ता के साथ मिलकर 15-20 दिनों के प्रयास में इसे सोलर पैनल से संचालित, पूरी तरह वायरलेस उत्पाद में बदल दिया। अब यह फ्रेम कहीं भी आसानी से लगाया जा सकता है और बिजली की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देता है।

**राजनीति** | लोकसभा में सबसे अधिक खराब प्रदर्शन रहा वर्ष 2014 और 2024 में

# चार राज्यों के चुनाव में भाग लेने पर बसपा कर रही मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूपी विधान सभा चुनावों में भी 30 से फिसलकर आ पहुंची 12 फीसदी वोटों पर

**अमृत विचार :** यूपी में चार बार सत्ता संभालने वाली और कभी लोकसभा में सत्ताधारी दलों से अपनी बात मनवाने की ताकत रखने वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अपने सबसे खराब वक्त से जूझ रही है। हालात यह हैं कि बसपा का 403 सदस्यों वाली यूपी विधान सभा महज एक विधायक है, वहीं लोकसभा में एक भी सदस्य नहीं हैं। अब सियासी वजूद बचाने के लिए बसपा वेस्ट बंगाल, तमिलनाडु असम और केरल राज्यों के चुनावों में उतरने पर गंभीरता से मंथन कर रही है।

अनुसूचित जाति के दिग्गज नेता माने जाने वाले कांशीराम ने वर्ष 1984 में बसपा की स्थापना की थी। कठिन संघर्ष के बल पर स्थापना के महज पांच साल के बाद वर्ष 1989 में यूपी विधान सभा के चुनाव हुए। पहली बार में ही 19 सीटें जीतकर बसपा ने 9.41 फीसदी मत प्राप्त कर सभी को चौंका दिया था। उसके बाद बसपा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। बसपा ने यूपी को मुख्य फोकस पर रखा तो 1991 में 12 सीटें पाकर 9.44 फीसदी मत, 1993 में 67 सीटें लाकर 11.12 फीसदी, 1996 में फिर 67 सीटें और फिर 2002 में संख्या बढ़कर 98 सीटें हो गई। साथ ही मत प्रतिशत भी बढ़कर 23.06 फीसदी पर जा पहुंचा।



इससे बसपा का हौसला बढ़ा और 2007 में 30.43 फीसदी वोट प्राप्त कर 206 सीटें लाकर यूपी में अपने दम पर पूर्ण बहुमत की सरकार बना ली थी। लेकिन उसके बाद पांच साल बाद हुए 2012 में बसपा का ग्राफ एकाएक गिर गया। 80 सीटें प्राप्त कर पार्टी को 25.91 फीसदी वोटों पर ही संतोष करना पड़ा। उसके बाद ग्राफ इस कदर गिरा कि 2017 में 19 सीटें प्राप्त कीं और 22.23 फीसदी वोट प्राप्त किए, वहीं 2022 में 12.80 फीसदी वोट प्राप्त कर महज एक सीट पर आकर सिमट गई। बसपा के यूपी जैसे हालात अन्य राज्यों में भी रहे। 2022 में पंजाब में एक, 2025 के बिहार चुनाव में एक, राजस्थान के 2023 के चुनाव में दो और उत्तराखंड में हुए 2022 के चुनाव में दो सदस्य ही जीत पाए।

### लोकसभा में पार्टी का एक भी सदस्य नहीं

- बसपा का मौजूदा समय में लोकसभा का एक भी सदस्य नहीं हैं। यही हाल वर्ष 2014 के चुनाव में रहा था। उस समय भी पार्टी एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। जबकि 2019 में 10, 2009 में 21, 2004 में 19, 1999 में 14, 1998 में पांच, 1996 में 11, 1991 तीन और 1989 में चार सीटें जीती थीं। राज्यसभा में बसपा के एक सदस्य रामजी गौतम हैं। उनका कार्यकाल नवंबर 2026 तक है। इसके बाद राज्यसभा में भी बसपा का एक भी सदस्य नहीं रहेंगे।

## हज-2026: अंतिम किश्त जमा करने का निर्देश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 31 तक जमा करनी होगी शेष धनराशि, देरी पर प्रक्रिया प्रभावित

**अमृत विचार:** हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई ने हज-2026 के यात्रियों के लिए अंतिम किश्त जमा करने के निर्देश जारी किए हैं। जारी सर्कुलर के अनुसार, हज यात्रियों को पूर्व में जमा की गई 2,77,300 की राशि के अतिरिक्त शेष धनराशि 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी।

यात्री यह भुगतान स्टेट बैंक या यूनियन बैंक के माध्यम से, या हज कमेटी की आधिकारिक वेबसाइट से पे-स्लिप डाउनलोड कर डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई और नेट बैंकिंग के जरिए कर सकते हैं। उड़ान स्थल के अनुसार शेष राशि तय की गई है, जिसमें लखनऊ से जाने वाले यात्रियों को 75,250, दिल्ली से 69,300, मुंबई से 62,950, अहमदाबाद से 55,900 और हैदराबाद से 66,050 जमा करने होंगे। यह राशि कुर्बानी शुल्क से अलग है। जिन यात्रियों ने कुर्बानी का विकल्प चुना है, उन्हें 17,280 अतिरिक्त जमा करना होगा। वहीं शिया हज यात्रियों को जोहफा मीकात के लिए 5,520 अतिरिक्त जमा करने होंगे। हज कमेटी ने स्पष्ट किया है कि इस राशि में हवाई किराया, एयरपोर्ट टैक्स, बीमा और अन्य खर्च शामिल हैं, जबकि कैटरिंग शुल्क बाद में अलग से लिया जाएगा।

# अमृत विचार

बुधवार, 25 मार्च 2026






विश्वविद्यालय महापुरुषों के निर्माण के कारखाने हैं और अध्यापक उन्हें बनाने वाले कारीगर।
–रवींद्र नाथ टैगोर, साहित्यकार

## एकपक्षीय युद्धविराम

पश्चिम एशिया में जारी उथल-पुथल के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एकतरफा "पांच दिन के युद्ध विराम" की घोषणा कूटनीतिक पहल के अलावा कई स्तरों पर दबावों का परिणाम है। यह कदम उस समय आया है, जब इजराइल-ईरान तनाव अपने चरम पर है और वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा आपूर्ति तथा सामरिक संतुलन सभी खतरे में हैं। ट्रंप के इस निर्णय के पीछे घरेलू राजनीतिक मजबूरियां साफ दिखाई देती हैं। अमेरिका में आगामी मिडटर्म चुनावों की आहट के बीच उनकी लोकप्रियता में गिरावट और संभावित महाअभियोग का खतरा उन्हें जोखिम लेने से रोक रहा है। रक्षा बजट, जो लगभग 19 लाख करोड़ रुपये के समकक्ष है, पर भी दबाव है। ऐसे में लंबा युद्ध अमेरिकी करदाताओं पर भारी पड़ सकता है, जिसे राजनीतिक रूप से उचित ठहराना कठिन होगा। दूसरी ओर इजराइल का ट्रंप के इस फैसले पर आश्चर्य जताना इस बात का संकेत है कि वाशिंगटन और तेल अवीव के बीच इस मुद्दे पर पूर्ण सहमति नहीं है। इजराइल, जो ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद रणनीतिक बढ़त मान रहा था, किसी भी जल्दबाजी में युद्धविराम को अपने हितों के विरुद्ध मान सकता है। अतः यह स्पष्ट है कि अमेरिका की प्राथमिकताएं अब केवल इजराइल की सुरक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि व्यापक वैश्विक और घरेलू समीकरणों से प्रभावित हैं। ट्रंप का अपने पूर्व आक्रामक बयानों से यू-टर्न लेना भी कई संकेत देता है। खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा अवसंरचना के लगभग 40 प्रतिशत के प्रभावित होने से तेल की कीमतों में उछाल आया है। ताइवान में चिप उत्पादन बाधित होने की आशंका ने एप्पल और एनवीडिया जैसी अमेरिकी कंपनियों के हितों को भी खतरे में डाल दिया है। यह आर्थिक दबाव किसी भी सैन्य महत्वाकांक्षा पर भारी पड़ता है। इसके अतिरिक्त, नाटो और अन्य पश्चिमी सहयोगियों का सीमित समर्थन अमेरिका को "अकेले पड़ने" की स्थिति में ला सकता है। यूरोपीय देश पहले ही यूक्रेन संकट से थके हुए हैं और एक नए युद्ध में गहराई से शामिल होने को इच्छुक नहीं दिखते। ऐसे में ट्रंप का युद्ध विराम प्रस्ताव सामरिक पुनर्संतुलन का प्रयास भी हो सकता है।

अमेरिका-ईरान वार्ता में पाकिस्तान की मध्यस्थता और कतर, तुर्किये व मिस्र की सक्रिय भूमिका ने इस धारणा को चुनौती दी है कि भारत ही एकमात्र संतुलनकारी शक्ति है। हालांकि भारत की "रणनीतिक स्वायत्तता" और सभी पक्षों से संवाद की क्षमता उसे अब भी एक महत्वपूर्ण, अनौपचारिक भूमिका देती है। युद्धविराम की आशंकित असफलता हमारी ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य आपूर्ति और खाड़ी देशों में फंसे लाखों भारतीयों की सुरक्षित निकासी ली चुनौती बनेगी। होर्मुज जलडमरूमध्य का संभावित बंदी भारत के लिए अस्वीकार्य होना स्वाभाविक है, हमारी लगभग 60 प्रतिशत तेल आपूर्ति इसी मार्ग से होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकसभा में दी गई चेतावनी इस मामले में संकेत है कि हमें वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं, सामरिक तेल भंडार और आपातकालीन निकासी योजनाओं को तुरंत सक्रिय करना होगा। इसमें ऊर्जा विविधीकरण, कूटनीतिक सक्रियता, रक्षा सतर्कता और आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना शामिल है। भारत को इस अनिश्चितता के दौर में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए संतुलित, व्यावहारिक और दूरदर्शी नीति अपनानी होगी।

### प्रसंगवश

## पर्यावरण-अनुकूल परिवहन की ओर बढ़ती दुनिया

जलवायु परिवर्तन आज मानव सभ्यता के सामने सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। बढ़ते वैश्विक तापमान, चरम मौसम घटनाओं और प्रदूषण ने विकास के मौजूदा मॉडल पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस संदर्भ में परिवहन क्षेत्र अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यह आधुनिक जीवन का आधार भी है और प्रदूषण का एक बड़ा स्रोत भी। परिवहन क्षेत्र वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा पैदा करता है, जबकि ऊर्जा से जुड़े कार्बन उत्सर्जन में इसकी हिस्सेदारी करीब 23 प्रतिशत तक है। यही कारण है कि विश्वभर में परिवहन व्यवस्था को पर्यावरण-अनुकूल बनाने पर जोर बढ़ा है। 'ग्रीन मोबिलिटी' या 'सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट' की अवधारणा इसी सोच का परिणाम है, जिसका उद्देश्य ऐसे साधनों और ढांचों का विकास करना है, जो कम ऊर्जा उपयोग करें और प्रदूषण घटाएं।

इस दिशा में यूरोप अग्रणी है। नॉर्वे, नीदरलैंड और जर्मनी जैसे देशों ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी नीतियां अपनाई हैं। नॉर्वे में नई कारों की बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। वहीं एम्स्टर्डम और कोपेनहेगन जैसे शहरों में साइकिल आधारित परिवहन का व्यापक नेटवर्क विकसित किया गया है, जिससे प्रदूषण और यातायात दबाव दोनों कम हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार वर्ष 2022 में दुनियाभर में एक करोड़ से अधिक इलेक्ट्रिक कारें बेची गईं, जो कुल बिक्री का लगभग 14 प्रतिशत हैं। यह परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है। भारत के लिए यह चुनौती और भी बड़ी है, क्योंकि यहां तेजी से शहरीकरण और वाहनों की संख्या में वृद्धि हो रही है। देश के ऊर्जा-संबंधी कार्बन उत्सर्जन में सड़क परिवहन की हिस्सेदारी लगभग 12 से 14 प्रतिशत है। पिछले दो दशकों में परिवहन क्षेत्र से उत्सर्जन 155.9 मिलियन टन से बढ़कर 368.2 मिलियन टन तक पहुंच गया है। केंद्र सरकार की फेम योजना के तहत ई-वाहनों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और पुणे जैसे शहरों में ई-बसों का विस्तार हो रहा है। साथ ही मेट्रो रेल परियोजनाओं के विस्तार ने शहरी परिवहन को नया विकल्प दिया है। पर्यावरण-अनुकूल परिवहन में साइकिल की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह सबसे सरल, सस्ता और प्रभावी साधन है। भारत में आज भी बड़ी संख्या में लोग साइकिल का उपयोग करते हैं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, लेकिन शहरी क्षेत्रों में इसका उपयोग काफी घटा है। जहां 1990 के दशक में 20-30 प्रतिशत यात्राएं साइकिल से होती थीं, वहीं आज यह घटकर 2-5 प्रतिशत रह गई हैं। इसके पीछे साइकिल लेन का अभाव, कार-केंद्रित विकास और सामाजिक धारणाएं प्रमुख कारण हैं।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए कई चुनौतियां हैं। पहली चुनौती बुनियादी ढांचे की हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पर्याप्त चार्जिंग स्टेशन अभी भी सीमित हैं। दूसरी चुनौती लागत से जुड़ी है, क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहनों की शुरुआती कीमत अधिक है। तीसरी चुनौती शहरी नियोजन की है, जहां दीर्घकालिक परिवहन दृष्टि का अभाव दिखाई देता है। चौथी चुनौती साइकिल और पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित मार्गों की कमी है। यदि शहरों में सार्वजनिक परिवहन, साइकिल और पैदल मार्गों को प्राथमिकता दी जाए, तो प्रदूषण और यातायात दोनों को नियंत्रित किया जा सकता है। भारत यदि इलेक्ट्रिक वाहनों, बैटरी तकनीक और नवीकरणीय ऊर्जा को समन्वित रूप से विकसित करे, तो देश प्रदूषण नियंत्रित करने का साथ ही इस क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व भी हासिल कर सकता है। इस दिशा में उठाए गए कदम शहरों को अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और रहने योग्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# निकट आई लाल आतंक के खात्मे की घड़ी





दिग्विजय सिंह
कानपुर

जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद-370 के समापन, आतंकवाद का खात्मा समेत कई बड़े वादों के साथ 2014 में केंद्र की सत्ता में आई भाजपा ने उन तमाम वादों को देर सबेर पूरा किया। इसलिए भाजपा नेताओं के साथ ही आमजन में यह धारणा बनी कि मोदी है तो मुमकिन है। यह धारणा नारे में तब्दील हो गई और अब भाजपा और उसके सहयोगी दलों के मंच पर इसे पूरे जोश से बोला जाता है।

अब मोदी सरकार अपने एक और वादे को पूरा करने जा रही है वह है लाल आतंक यानी नक्सल मुक्त भारत। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक भारत को नक्सल मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। नक्सलियों को डेडलाइन दी गई थी कि वे या तो आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटें अथवा मुठभेड़ में मारे जाएंगे या फिर जेल जाएंगे। इस सख्ती का असर हुआ और तमाम बड़े हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में लौटना ही उचित समझा। उनके सहयोगी भी बड़े पैमाने पर हथियार डालने को मजबूर हुए। अब नक्सल मुक्त वादे के पूरा होने में सात दिन बचे हुए हैं। सुरक्षा बलों ने अपने अभियान को तेज कर दिया है। ताकि एक- एक नक्सली की गिरफ्तारी हो जाए या फिर वह हथियार डाल दे। हालांकि अभी तमाम हार्डकोर नक्सली ऐसे हैं, जो सरेंडर करने को तैयार नहीं हैं और सुरक्षा बलों की नजरों से बचकर छिपे हुए हैं, पर सरकार की जो इच्छाशक्ति है, उसे देखकर नहीं लगता कि वे सुरक्षा बलों से बच पाएंगे। भारत सीमा पर पाकिस्तान के पाले हुए आतंकवादियों से तो लड़ ही रहा है।

> देश के अंदर मौजूद उग्रवादियों, नक्सलियों के सफाए के लिए भी पूरी ताकत झोंकी जा रही है। पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से 1967 में नक्सलवाद की शुरुआत हुई थी।

देश के अंदर मौजूद उग्रवादियों, नक्सलियों के सफाए के लिए भी पूरी ताकत झोंकी जा रही है। पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से 1967 में नक्सलवाद की शुरुआत हुई थी। धीरे-धीरे यह लाल गलियारा ओडिशा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में भी फैल गया। नक्सलियों ने बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों के जवानों, जनप्रतिनिधियों और आमजन को अपनी गोली या बारूद का शिकार बनाया। तमाम कोशिशों के बाद भी कोई सरकार उनके आतंक पर अंकुश नहीं लगा सकी, लेकिन मजबूत इच्छा शक्ति, सुरक्षा बलों को दी गई खुली छूट, मजबूत सर्विलांस सिस्टम और मुखबिर तंत्र बनाकर मोदी सरकार ने नक्सलवाद मुक्त भारत का वादा किया और 31 मार्च 2026 की डेडलाइन तय की। उम्मीद है कि मोदी सरकार डेडलाइन खत्म होने से पहले ही लाल आतंक का खात्मा कर यह घोषणा कर देगी कि पूरा भारत अब नक्सल मुक्त हो गया है।

2019 तक देश के 9 राज्यों के 61 जिलों के 245 पुलिस थानों तक नक्सलवाद फैला हुआ था। जनवरी 2026 तक सिर्फ दो राज्यों के 5 जिले और 11 पुलिस थाने ही नक्सल प्रभावित बचे हैं। मोदी सरकार ने सिर्फ सुरक्षा बलों के दम पर ही नहीं, बल्कि विकास की गंगा बहाकर भी नक्सलियों को आत्मसपर्मण के लिए मजबूर किया है। विकास, रोजगार, शिक्षा की बयार बही, तो उनकी मदद करने वाले ग्रामीण भी न सिर्फ कदम पीछे खींचने लगे, बल्कि परिवार वालों पर दबाव डालकर नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए तैयार भी किया।

प्रभावित इलाकों में विकास की बात करें, तो जनवरी 2026 तक 15 हजार किलोमीटर सड़कें बनाई गईं। मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए 9233 टॉवर लगाए गए और युवाओं, महिलाओं को दक्ष बनाकर रोजगार दिलाने के लिए 46 आईटीआई और 49 स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना की गई। 179 एकलव्य मॉडल स्कूल, 6025 पोस्ट ऑफिस, विभिन्न बैंकों की 1804 शाखाएं और 1321 एटीएम स्थापित किए गए, जो नक्सली आत्मसपर्मण कर रहे हैं, उनके पुनर्वास के लिए भी सरकार खूब धन खर्च कर रही है। ऐसे में सरकार को उम्मीद है कि देश की जनता से जो वादा किया गया है वह निर्धारित अवधि में पूरा हो जाएगा।

अब बात करें आतंकवाद की तो सुरक्षा बलों की सतर्कता, मजबूत खुफिया तंत्र की वजह से इसमें 43 फीसद की कमी आई है। ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2026 की ताजा रिपोर्ट में भारत इस बार 13 वें स्थान पर है, जबकि पिछले साल 11 वें स्थान पर था। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार द्वारा लांच किए गए ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किए जाने और बड़े आतंकियों के मारे जाने से उनके आका डरे हुए हैं।

पाकिस्तान की सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई के आकाओं को भी पता है कि भारत ऑपरेशन सिंदूर पार्ट टू कभी भी लांच कर सकता है। ऐसे में वे ऐसी कोई हरकत नहीं कर रहे हैं, जिससे कि हमारी सेना और सरकार को कड़ा कदम उठाना पड़े। हालांकि आईएसआई भारत को अस्थिर करने की हर चाल चल रही है। आईएसआई ने भारत में तेजी से जासूसों का जाल बिछाना शुरू किया है। सोनीपत में स्टेशन के आउटर इलाके में सोलर आधारित सीसीटीवी कैमरे लगवाने का उसका खेल पकड़ में आ गया है।

एनआईए ने उसके स्लीपर सेल और जासूसों की धरपकड़ करके उसके नेटवर्क को ध्वस्त करने का काम तेज किया है, लेकिन आईएसआई ने जासूसी का ये जो नया तरीका निकाला है यह हमारी सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है। ईरान के सबसे बड़े धार्मिक नेता अली खामेनेई और सैन्य प्रमुखों की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने ऐसे ही कैमरे ईरान में लगवाए थे। इससे यह पता चलता है कि आईएसआई भी मोसाद के नक्शेकदम पर चल रही है और हमारे प्रमुख स्थलों पर कैमरे लगवाकर निगरानी करना चाहती है। हालांकि उसकी कोई भी चाल सफल नहीं होगी, क्योंकि हमारा खुफिया तंत्र बहुत मजबूत है, लेकिन उसकी यह चाल गंभीर खतरे की तरफ इशारा जरूर कर रही है।

### आमने



एक फिल्म ने अतीक अहमद और समाजवादी पार्टी के संबंधों को उजागर कर दिया है कि किस तरह से सपा सरकार में अतीक अहमद देश को दीमक की तरह खोखला कर रहा था। मैं तो यही कह सकती हूं कि योगी आदित्यनाथ यूपी के धुरंधर मुख्यमंत्री है, जिन्होंने अतीक और मुख्तार जैसे माफियाओं के साम्राज्य का अंत कर दिया।
– पूजा पाल, विधायक

### सामने



पूजा पाल का बयान पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है। एक फिल्म धुरंधर आई, जिसमें अतीक अहमद के बारे विदेशी कनेक्शन की बात कही गई। जिस अतीक के नाम पर लोकसभा में शोक सभा हुई, जो सांसद व विधायक रहे, जिनकी पुलिस कस्टडी में हत्या कर दी, लेकिन कभी उनके विदेश से कनेक्शन की बात नहीं आई। अब बजनिए तय करेंगे कौन विदेशी है और कौन हिंदुस्तानी है?
– इसरार अहमद, AIMIM नेता

# तमिलनाडु विस चुनाव में दिलचस्प होगा मुकाबला



रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

दक्षिण भारत की राजनीति में तमिलनाडु हमेशा से एक विशिष्ट प्रयोगशाला रहा है। यहां की राजनीति लंबे समय तक द्रविड़ विचारधारा और क्षेत्रीय अस्मिता के इर्द-गिर्द घूमती रही है। पिछले पांच दशकों से सत्ता का केंद्र लगभग दो दलों द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के बीच बंटा रहा है, लेकिन आगामी विधानसभा चुनाव इस पारंपरिक द्वंद्व से आगे निकलकर नए राजनीतिक समीकरणों की आहट दे रहा है।

विधानसभा चुनाव को लेकर तस्वीर अब लगभग साफ हो गई है। राज्य में चार-कोणीय मुकाबला तय माना जा रहा है, जिससे चुनावी संघर्ष और भी दिलचस्प हो गया है। राज्य में 2019 से मजबूत स्थिति में रहे द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के नेतृत्व वाले गठबंधन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, वाम दल, विदुथलाई चिरूथैगल कच्ची, मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और मनिथनया मक्कल कच्ची जैसे दल शामिल हैं। हाल ही में कमल हासन की मक्कल नीधि मय्यम और देसिया मुरपोक्कु द्रविड़ कड़गम भी इस गठबंधन में जुड़ गए हैं। दूसरी ओर, अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन किया है। इस गठबंधन में अंबुमणि रामदास के नेतृत्व वाली पट्टाली मक्कल कच्ची, टी.टी.वी. दिनाकरन की अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम और जी.के. वासन की तमिल मनीला कांग्रेस भी शामिल हैं।

> राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि बीजेपी पिछले चुनाव की तुलना में इस बार बड़ी छलांग लगा सकती है। गठबंधन राजनीति के सहारे उसकी सीटें पहले से बेहतर होकर दो अंकों में पहुंच सकती हैं।

इस बीच अभिनेता से नेता बने विजय की तमिलगा वेत्रि कझगम को लेकर कई अटकलें चल रही थीं। कांग्रेस के साथ उनके संभावित गठबंधन की चर्चाएं तेज थीं और यहां तक कहा गया कि राहुल गांधी से उनकी बातचीत भी हुई है। हालांकि कांग्रेस ने अंततः द्रमुक के साथ ही अपना गठबंधन बरकरार रखा। इसके बाद टीवीके के एनडीए में शामिल होने और विजय को उपमुख्यमंत्री पद की पेशकश जैसी खबरें भी सामने आईं, लेकिन इन सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए विजय ने एक इफ्तार कार्यक्रम में साफ कर दिया कि उनकी पार्टी किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होगी। उन्होंने घोषणा की कि टीवीके अपने दम पर सभी 234 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और सरकार बनाने का दावा भी किया। वहीं, सीमान की पार्टी नाम तमिलर कच्ची भी हर बार की तरह अकेले चुनाव मैदान में उतरेगी। इस प्रकार राज्य में चार प्रमुख मोर्चे बन गए हैं।

मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार के "द्रविड़ मॉडल" पर इस बार एंटी-इनकंबेंसी, कानून-व्यवस्था, हिंदुत्व विरोध और परिवारवाद के मुद्दे हावी हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव में डीएमके ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर लगभग दस वर्ष बाद सत्ता में वापसी की थी। उस समय जनता ने तत्कालीन एआईएडीएमके सरकार के खिलाफ एंटी-इनकंबेंसी और नेतृत्व संकट को देखते हुए परिवर्तन का फैसला किया था, लेकिन राजनीति में पांच वर्ष लंबा समय होता है। अब वही डीएमके सरकार जनता की कसौटी पर है। क्योंकि इस अवधि की ढेर सारी कमियों का चुनावी हथियार विपक्ष के हाथ लग गया है।

तमिलनाडु की राजनीति में हमेशा से क्षेत्रीय पहचान, भाषा और सामाजिक न्याय के मुद्दे महत्वपूर्ण रहे हैं। द्रविड़ आंदोलन की विरासत ने यहां की राजनीति को इस तरह आकार दिया कि राष्ट्रीय दल लंबे समय तक हाशिये पर रहे, लेकिन हाल के वर्षों में भाजपा ने राज्य में अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत बनाई है। भाजपा कार्यकर्ता नेटवर्क के सहारे जमीनी पकड़ और मजबूत करने के कारण आगामी विधानसभा चुनाव केवल दो क्षेत्रीय दलों की लड़ाई नहीं, बल्कि क्षेत्रीय मुद्दे बनाम राष्ट्रीय राजनीति की एक नई परीक्षा बन गया है।

तमिलनाडु की राजनीति में एंटी-इनकंबेंसी का इतिहास मजबूत रहा है। कई चुनावों में देखा गया कि सत्ता में बैठी पार्टी अगले चुनाव में हार गई। ऐसा परिदृश्य इस बार और पुरजोर अंदाज में दिखाई दे रहा है। खासकर दलित, वंचित, ग्रामीण और गरीब वर्गों के उत्थान के लिए डीएमके सरकार ने कोई करिश्माई काम नहीं किया है। इसके चलते चुनाव में डीएमके को इन वर्गों का व्यापक समर्थन मिलता नहीं दिख रहा है।

तमिलनाडु में बीजेपी की स्थिति धीरे-धीरे मजबूत हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार और वैचारिक अभियान के माध्यम से अपनी उपस्थिति बढ़ाने के तेज प्रयास किए हैं। एआईएडीएमके और बीजेपी का गठबंधन मजबूत होने के चलते कई सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय होने के बजाय सीधे सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष के बीच हो सकता है। इस स्थिति में बीजेपी को अतिरिक्त सीटें मिल सकती हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि बीजेपी पिछले चुनाव की तुलना में इस बार बड़ी छलांग लगा सकती है। गठबंधन राजनीति के सहारे उसकी सीटें पहले से बेहतर होकर दो अंकों में पहुंच सकती हैं। असल में तमिलनाडु का विधानसभा चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का संघर्ष नहीं, बल्कि द्रविड़ राजनीति के भविष्य का भी परीक्षण है। भाजपा समेत विपक्ष अप्रत्याशित प्रदर्शन राज्य की राजनीति में नए गठबंधन और नई रणनीतियों का दौर शुरू कर सकता है। इसी कारण आगामी चुनाव को केवल सीटों की गणना के रूप में नहीं, बल्कि तमिलनाडु की सामाजिक-राजनीतिक चेतना की नई परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## दिवा स्वप्न



नितिन त्रिपाठी
लेखक

हिंदी सोशल मीडिया का एक पॉपुलर डे ड्रीम है-पेट्रो डॉलर चौपट हो जाएगा, अमेरिका तबाह हो जाएगा और भारत विश्व का नंबर एक राष्ट्र बन जाएगा। पेट्रोलियम का व्यापार डॉलर में न हो, तो अमेरिका का जो नुकसान हो सो हो। उनके पास अपने देश के लिए पर्याप्त पेट्रोलियम है वह एक्सपोर्टर हैं इंपोर्टर नहीं। इसके अलावा टेक वर्ल्ड- एआई, डिफेंस, एनर्जी इन सबमें वह आने वाले पचीस साल तक की टेक्नोलॉजी में अग्रणी हैं। उनका जो है वैसे चलता रहेगा, उनके पास अनाज पर्याप्त है, फल, तेल सब निर्यात ही करते हैं। आयात जो करते हैं वह भी इसलिए करते हैं कि उनकी कंपनियों का माल बाहर सस्ते में बनता है, बाहर महंगे में बनेगा तो वो कंपनियां अपने देश में बना लेंगी। ऐपल आईफोन फिर भारत में नहीं अमेरिका में ही बनवा लेगा। पर हां भारत के ऐंगल से मान लो कल से ईरान कह दे स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से निकलने के लिए डॉलर नहीं युआन चाहिए और मान लो ईरान यह फोर्स कर ले गया, तो भाई डॉलर तो भारत अमेरिका को एक्सपोर्ट कर कमाता है, सॉफ्टवेयर से कमाता है और एनआरआई भी भेजते हैं। युआन क्लोज्ड करेंसी है। भारत चाइना को माल बेचता नहीं खरीदता है, तो भारत युआन कहां से जुटाएगा? अरुणाचल बेचकर या कश्मीर बेचकर? वैसे डॉलर बंद हो जाएगा तो ये जो चाइना से भी इंपोर्ट में डॉलर पे करते हैं, वह भी युआन में ही करना पड़ेगा? वह कहां से आएगा?

फिर दूसरी मजेदार बात चलती है- ब्रिक्स। इस समय जो युद्ध चल रहा है वह ब्रिक्स के छठे ताकतवर देश यूएई और सातवें ताकतवर देश ईरान के बीच ही है। आपस में युद्ध रुक नहीं रहा है और आपको उम्मीद है कि ये एक दूसरे की मुद्रा उपयोग करेंगे। चाइना हर चार पांच साल में भारत पर चढ़ाई कर देता है, आज भी अरुणाचल को भारत का हिस्सा नहीं मानता, ऑपरेशन सिंदूर में सीधे भारत पर हमला कर रहा था और आपको लगता है वह आपके संचालन में एक करेंसी मानेगा? इसमें दो राय नहीं जैसे-जैसे लोकल कंट्रीज की पॉवर बढ़ेगी आपस में व्यापार लोकल करेंसी में होगा/होता ही आया है। रूस भारत के बीच पेट्रोल का आदान-प्रदान एक लेवल तक रुपये से ही हो रहा था, इसलिए क्योंकि रूस का स्विफ्ट अमेरिका ने बंदकर रखा है वो डॉलर नहीं ले सकता, तो रूस भारत से रुपये में उतनी पेमेंट ले रहा था, जितना वह रुपया कहीं और खर्च कर सके। शेष पेमेंट रूस भी यूएई की मिद्रा में ही ले रहा था, क्योंकि वह डॉलर से लिंक्ड ओपन मुद्रा है। भाई ये सब दिवा स्वप्न हैं जैसे-जैसे भारत/ चाइना का जीडीपी प्रतिशत विश्व के प्रतिशत जीडीपी में बढ़ेगा, उसी अनुपात में धीमे-धीमे इनकी मुद्रा का इनसे व्यापार में प्रचलन बढ़ेगा, जो स्वाभाविक भी है। -फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## जब समुद्री रास्ते वैश्विक राजनीति का केंद्र बन जाएं

दुनिया के नक्शे पर कुछ जगहें ऐसी होती हैं, जिनका आकार भले ही छोटा हो, लेकिन उनका प्रभाव बेहद व्यापक होता है। स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज ऐसा ही एक समुद्री मार्ग है, जो आज वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था के केंद्र में आ खड़ा हुआ है। यह केवल एक जलमार्ग नहीं, बल्कि दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस रास्ते से गुजरने वाला तेल और गैस कई देशों की आर्थिक धड़कन से जुड़ा हुआ है। ऐसे में जब इस मार्ग को लेकर किसी प्रकार की अनिश्चितता पैदा होती है, तो उसका असर सीमाओं से निकलकर पूरी दुनिया तक पहुंचता है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इस समुद्री क्षेत्र का महत्व और भी बढ़ गया है। विभिन्न देशों की रणनीतिक गतिविधियां और बयानबाजी इस बात की ओर संकेत करते हैं कि अब संघर्ष केवल जमीन तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि समुद्र भी उसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनता जा रहा है। आज की वैश्विक राजनीति में यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि संसाधनों और मार्गों पर नियंत्रण केवल आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक शक्ति का भी प्रतीक बन गया है। जो देश ऐसे महत्वपूर्ण रास्तों को प्रभावित करने की स्थिति में होते हैं, वे अप्रत्यक्ष रूप से वैश्विक संतुलन को भी प्रभावित कर सकते हैं। इस पूरे परिदृश्य में एक और महत्वपूर्ण पहलू सामने आता है-निर्भरता। दुनिया के कई देश ऊर्जा के लिए कुछ सीमित क्षेत्रों पर अत्यधिक निर्भर हैं। यही निर्भरता उन्हें ऐसी परिस्थितियों में अधिक संवेदनशील बना देती है, जहां कोई एक निर्णय या अवरोध व्यापक संकट का रूप ले सकता है।



संध्या अग्रवाल
साहित्यकार

यह स्थिति केवल आर्थिक चुनौती तक सीमित नहीं रहती। इसका असर राजनीतिक संबंधों पर भी पड़ता है। देश अपने हितों को ध्यान में रखते हुए अपने रुख तय करते हैं और कई बार उन्हें ऐसे निर्णय लेने पड़ते हैं, जो आदर्श से अधिक व्यावहारिक होते हैं। ऐसे समय में यह भी देखने को मिलता है कि वैश्विक शक्तियां अपने-अपने तरीके से स्थिति को संभालने या प्रभावित करने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह प्रयास हमेशा समाधान की दिशा में हों, यह जरूरी नहीं। कई बार ये प्रयास नए सवाल और नई जटिलताएं भी खड़ी कर देते हैं।

इस पूरी स्थिति का सबसे बड़ा प्रभाव आम जीवन पर पड़ता है। ऊर्जा की कीमतों में उतार-चढ़ाव सीधे लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करता है। महंगाई बढ़ती है, आर्थिक दबाव बढ़ता है और एक अनिश्चितता का माहौल बनता है। भारत जैसे देश के लिए यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है, जहां ऊर्जा की बढ़ती जरूरतें और वैश्विक संबंधों का संतुलन दोनों को साथ लेकर चलना होता है। ऐसे में हर निर्णय सोच-समझकर लेना पड़ता है, ताकि आर्थिक स्थिरता और कूटनीतिक संतुलन दोनों बनाए रखे जा सकें। आज का समय यह संकेत दे रहा है कि दुनिया केवल संसाधनों की लड़ाई नहीं लड़ रही, बल्कि उन रास्तों और माध्यमों की भी, जिनसे ये संसाधन गुजरते हैं। यह संघर्ष प्रत्यक्ष हो या अप्रत्यक्ष, इसका प्रभाव हर देश और हर व्यक्ति तक पहुंचता है। शायद यही वजह है कि अब यह सवाल और भी महत्वपूर्ण हो गया है कि क्या हम इन घटनाओं को केवल दूर की खबर मानकर नजरअंदाज कर सकते हैं या फिर यह समझना जरूरी है कि इनका असर हमारी जिंदगी से कितना गहराई से जुड़ा हुआ है? क्योंकि जब समुद्री रास्ते संघर्ष का केंद्र बन जाते हैं, तब उनकी लहरें केवल किनारों तक सीमित नहीं रहतीं, वे पूरी दुनिया को प्रभावित करती हैं। (यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

बिहार में प्रचलित टिकुली पेंटिंग एक ऐसी विशिष्ट लोक कला परंपरा है, जिसकी जड़ें भारतीय सांस्कृतिक इतिहास में गहराई तक समाई हुई हैं।




सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

इसका संबंध केवल चित्रकला से ही नहीं, बल्कि भारतीय स्त्री-सौंदर्य, सामाजिक परंपराओं और व्यापारिक इतिहास से भी जुड़ा हुआ है। माना जाता है कि टिकुली कला की प्रेरणा प्राचीन काल से ही मौजूद रही है और इसका इतिहास कुछ विद्वानों के अनुसार बौद्ध काल तक जाता है, हालांकि इसके उद्भव की कोई निश्चित तिथि निर्धारित करना आज भी कठिन है।



# टिकुली पेंटिंग: परंपरा से आधुनिक कला तक की रचनात्मक यात्रा



## बिंदी या टिकुली लगाने की परंपरा सदियों पुरानी

भारतीय संस्कृति में सुहागन स्त्रियों द्वारा ललाट पर बिंदी या टिकुली लगाने की परंपरा सदियों पुरानी रही है। यह केवल सौंदर्य वृद्धि का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक और धार्मिक पहचान का भी प्रतीक रही है। पुरातत्वविदों को उत्खनन में प्राप्त मौर्यकालीन नारी प्रतिमाओं के ललाट पर बिंदी के अंकन मिलते हैं, जिससे यह अनुमान लगाया जाता है कि यह परंपरा कम से कम मौर्य काल से चली आ रही है। समय के साथ यह परंपरा समाज में निरंतर बनी रही और धीरे-धीरे इससे संबंधित शिल्प और सजावटी वस्तुओं का भी विकास हुआ।

## अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का हिस्सा


मध्यकालीन भारत में बिहार की राजधानी पटना एक महत्वपूर्ण व्यापारिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में उभर चुकी थी। प्रसिद्ध फ्रांसीसी यात्री और इतिहासकार जीन-बैप्टिस्ट टैवर्नियर ने अपने यात्रा विवरणों में उल्लेख किया है कि लगभग 1700 ईसवी तक पटना पूरे बंगाल क्षेत्र का एक प्रमुख महानगर बन गया था। उस समय पुर्तगाली और तिब्बती व्यापारी यहां नियमित रूप से व्यापार के लिए आते थे और स्थानीय उत्पादों जैसे मूंग, कछुए के खोल से बने आभूषण, चूड़ियां तथा सोने-चांदी से सजी टिकुलियां खरीदकर अपने देशों में ले जाते थे। यह तथ्य बताता है कि टिकुली केवल घरेलू उपयोग तक सीमित नहीं रही, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का भी हिस्सा बन चुकी थी। प्रारंभिक दौर में टिकुली मुख्यत: कांच या धातु पर बनाई जाती थी और उस पर सोने की वर्क या रंगीन सजावट की जाती थी, लेकिन आधुनिक टिकुली पेंटिंग का स्वरूप 20 वीं सदी के मध्य में विकसित हुआ। प्रसिद्ध कलाकार और शिल्प पुनरुद्धारक उपेंद्र महारथी ने इस कला को नया जीवन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1960 के दशक में जापान यात्रा के दौरान उन्होंने वहां लकड़ी के पैनलों पर एनामेल पेंट से बिंदुओं को जोड़कर बनाए जा रहे चित्रों को देखा। इस तकनीक से प्रेरित होकर, उन्होंने पटना के कांच पर चित्रकारी करने वाले कारीगरों रामफल गुप्ता, लाल बाबू गुप्ता तथा अन्य शिल्पियों को इस शैली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## एक नई पहचान

इस पहल के परिणामस्वरूप टिकुली पेंटिंग ने एक नई पहचान प्राप्त की। इसमें पौराणिक कथाओं, लोकजीवन, नृत्य, प्रकृति और सामाजिक विषयों को आकर्षक रंगों तथा बारीक रेखांकन के माध्यम से प्रस्तुत किया जाने लगा। एनामेल रंगों के प्रयोग ने इन चित्रों को टिकाऊ, चमकदार और बाजार-उपयुक्त बनाया। महारथी जी के निधन के बाद इस परंपरा को आगे बढ़ाने और पुनर्जीवित करने का महत्वपूर्ण दायित्व कलाकार अशोक कुमार विश्वास ने निभाया। उन्होंने न केवल पारंपरिक विषयों को संरक्षित किया, बल्कि आधुनिक डिजाइन और बाजार की मांग के अनुरूप नए प्रयोग भी किए। उनके प्रयासों से टिकुली पेंटिंग राज्य की सीमाओं से बाहर निकलकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों तक पहुंची। आज अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों और शिल्प मेलों के माध्यम से नई पीढ़ी के कलाकार इस कला में दक्ष हो रहे हैं।

वर्तमान संदर्भ में टिकुली पेंटिंग केवल सजावटी वस्तु या स्मृति-चिह्न भर नहीं रह गई है, बल्कि यह बिहार की सांस्कृतिक पहचान और आत्मनिर्भर शिल्प अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, डिजाइन नवाचार और सरकारी प्रोत्साहन योजनाओं ने इसके प्रसार को और गति दी है। इस प्रकार, सुहागिनों के ललाट की शोभा रही टिकुली आज एक सशक्त कला शैली के रूप में विकसित होकर परंपरा और आधुनिकता के सुंदर समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

अनोखी परंपरा



## थापों में बसी विदाई: आदिवासी जीवन का सत्य

राजस्थान के दक्षिणी हिस्से में स्थित बांसवाड़ा का आदिवासी जीवन अपनी विशिष्ट परंपराओं और गहरी लोकमान्यताओं के लिए जाना जाता है। यहां जीवन के हर पड़ाव जन्म से लेकर मृत्यु तक संस्कारों की एक अलग ही छवि देखने को मिलती है। विशेष रूप से मृत्यु से जुड़े रीति-रिवाज इस समाज की सांस्कृतिक पहचान को बेहद अनोखे ढंग से सामने लाते हैं। जब किसी व्यक्ति का निधन होता है, तो शोक की सूचना देने का तरीका आधुनिक साधनों से बिल्कुल अलग और पारंपरिक होता है। ढोली समाज का एक सदस्य शोकग्रस्त परिवार के घर पहुंचकर ढोल बजाता है। यह ढोल साधारण नहीं होता, बल्कि इसकी थाप विशेष होती है, जिसे स्थानीय लोग 'मुर्दा ढोल' के नाम से पहचानते हैं। इसकी गूंज पूरे गांव में फैलते ही लोगों को समझ आ जाता है कि किसी के घर शोक हुआ है। इस तरह बिना किसी शब्द के ही सूचना पूरे क्षेत्र में पहुंच जाती है।

ढोल की आवाज केवल सूचना का माध्यम ही नहीं, बल्कि सामूहिक सहभागिता का आह्वान भी होती है। जहां तक इसकी ध्वनि सुनाई देती है, वहां तक के ग्रामीण स्वतः ही शवयात्रा में शामिल होने के लिए निकल पड़ते हैं। ढोल बजाने वाला व्यक्ति अर्थी के साथ श्मशान घाट तक आगे-आगे चलता है, मानो वह पूरे गांव को अंतिम विदाई के इस मार्ग में साथ ले जा रहा हो।

अंतिम संस्कार से पहले एक और विशिष्ट परंपरा निभाई जाती है-ढोल की थाप के साथ पटाखे फोड़ना या हवा में बंदूक चलाना। यह दृश्य शोक के बीच भी एक सम्मानजनक विदाई का प्रतीक बन जाता है। आदिवासी समाज में यह मान्यता रही है कि हर व्यक्ति, चाहे वह कितना ही साधारण क्यों न हो, अपने जीवन में एक सिपाही की तरह संघर्ष करता है। इसलिए उसकी मृत्यु पर बंदूक की सलामी देकर उसे श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। इन परंपराओं की जड़ें उस समय से जुड़ी हैं, जब संचार के आधुनिक साधन उपलब्ध नहीं थे। तब ढोल और अन्य वाद्ययंत्र ही सूचना के प्रमुख माध्यम हुआ करते थे। बांसवाड़ा जैसे क्षेत्रों में, जहां बस्तियां दूर-दूर बसी हैं, वहां यह तरीका आज भी प्रासंगिक बना हुआ है। भले ही नई पीढ़ी इन परंपराओं के मूल कारणों को पूरी तरह न समझती हो, लेकिन वर्षों से इन्हें देख-सुनकर उन्होंने इन्हें अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। यही कारण है कि बांसवाड़ा की यह आज भी जीवंत है और समाज की सामूहिक चेतना को एक सूत्र में बांधे हुए है।

आर्ट गैलरी

## महिषासुर : एक कालजयी कृति



महिषासुर, तैयब मेहता की सबसे चर्चित और ऐतिहासिक कृतियों में से एक है, जिसने भारतीय आधुनिक कला को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह पेंटिंग पारंपरिक पौराणिक चित्रणों से अलग एक नई दृष्टि प्रस्तुत करती है। इस चित्र में महिषासुर और देवी दुर्गा को एक अनोखे आलिंगन में दर्शाया गया है। सामान्यत: जहां देवी दुर्गा को महिषासुर का वध करते हुए दिखाया जाता है, वहीं तैयब मेहता ने इस दृश्य को संघर्ष और सह-अस्तित्व के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया है। यह आलिंगन केवल शारीरिक नहीं, बल्कि गहरे मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक द्वंद्व को दर्शाता है। ऐसा प्रतीत होता है मानो अच्छाई और बुराई के बीच की सीमाएं धुंधली हो गई हों और दोनों एक-दूसरे में समाहित हो रहे हों। यह पेंटिंग केवल एक पौराणिक कथा का चित्रण नहीं है, बल्कि मानव मन के आंतरिक संघर्षों का प्रतीक है। इसमें हिंसा, करुणा, पीड़ा और सह-अस्तित्व की भावनाएं एक साथ दिखाई देती हैं। यही कारण है कि यह कृति आधुनिक समाज के नैतिक द्वंद्व और जटिलताओं को भी गहराई से प्रतिबिंबित करती है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी 'महिषासुर' ने भारतीय कला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। यह पहली भारतीय पेंटिंग बनी, जिसने अंतर्राष्ट्रीय नीलामी में एक मिलियन डॉलर से अधिक की कीमत प्राप्त की। इस उपलब्धि ने न केवल तैयब मेहता को वैश्विक ख्याति दिलाई, बल्कि भारतीय समकालीन कला बाजार के महत्व को भी स्थापित किया। इस प्रकार, 'महिषासुर' भारतीय कला इतिहास में एक मील का पत्थर बनकर उभरी है।

### तैयब मेहता के बारे में



तैयब मेहता भारतीय आधुनिक कला के उन अग्रणी कलाकारों में गिने जाते हैं, जिन्होंने भारतीय चित्रकला को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उत्तर-औपनिवेशिक भारत की उभरती कला चेतना में उनका योगदान अत्यंत विशिष्ट रहा। उनकी कृतियां केवल सौंदर्यबोध तक सीमित नहीं हैं, बल्कि गहरे सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और दार्शनिक प्रश्नों को भी उजागर करती हैं। तैयब मेहता का संबंध प्रसिद्ध बॉम्बे प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट्स ग्रुप से रहा, जिसने भारतीय कला को पारंपरिक सीमाओं से बाहर निकालकर आधुनिक दृष्टिकोण दिया। इस समूह में एम एफ हुसैन, एस एच रजा और एफ एन सूजा जैसे महान कलाकार शामिल थे। इनका उद्देश्य भारतीय कला को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करना था, जिसमें तैयब मेहता का योगदान अत्यंत प्रभावशाली रहा। उनकी कला की सबसे विशिष्ट पहचान 'Diagonal Series' यानी विकर्ण श्रृंखला है। यह शैली संयोगवश विकसित हुई, लेकिन आगे चलकर उनकी हस्ताक्षर शैली बन गई। उनकी पेंटिंग्स में तिरछी रेखाएं जीवन के तनाव, संघर्ष और विभाजन को दर्शाती हैं। आकृतियों का खंडित और दबावपूर्ण स्वरूप आधुनिक जीवन की जटिलताओं और मानव मन के आंतरिक द्वंद्व को गहराई से अभिव्यक्त करता है।

# होलकी माई: लोक-आस्था और नारी शक्ति का अनूठा संगम

लोकायन

ग्रामीण भारत में होली का उत्सव केवल रंगों और उल्लास का पर्व नहीं, बल्कि लोकपरंपराओं और आस्था की जीवंत विरासत का भी प्रतीक है। उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में प्रचलित 'होलकी माई' की परंपरा इसी सांस्कृतिक विविधता का एक अनूठा उदाहरण है, जिसे विशेष रूप से महिलाएं पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ निभाती हैं।

यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है और आज भी गांवों में उतनी ही आस्था के साथ जीवित है। जहां एक ओर पुरुष होलिका दहन करते हैं, वहीं महिलाओं की अपनी अलग 'होलकी' होती है। इसमें गोइठा (उपले) और लकड़ियों का उपयोग कर प्रतीकात्मक रूप से 'होलकी माई' तैयार की जाती है। यह केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि महिलाओं की सामूहिक आस्था और सहभागिता का सशक्त रूप है।



होलिका दहन के बाद महिलाएं इस 'होलकी माई' को गांव के तालाब या जलाशय में प्रवाहित करती हैं। यह क्रिया प्रकृति और पंचतत्वों के प्रति सम्मान की भावना को भी दर्शाती है। अगले दिन प्रातः महिलाएं तालाब के किनारे एकत्र होकर रोटी चढ़ाती हैं और विधिवत पूजा-अर्चना करती हैं। इस पूरी प्रक्रिया में एक गहरा सांस्कृतिक भाव निहित है, जो जीवन, प्रकृति और परंपरा के बीच संतुलन को दर्शाता है।

इस परंपरा का एक विशेष पहलू यह भी है कि इसका संबंध नवरात्र से जुड़ता है। होली के लगभग एक माह बाद, नवरात्र के दौरान 'होलकी माई' को पुनः स्थापित किया जाता है और तीन दिनों के बाद फिर से जल में विसर्जित किया जाता है। इस दौरान भी पूजा और रोटी चढ़ाने की परंपरा निभाई जाती है, जो इस अनुष्ठान को एक विस्तृत सांस्कृतिक चक्र का हिस्सा बनाती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह प्रथा उनके पूर्वजों के समय से चली आ रही है। समय के साथ भले ही जीवनशैली में बदलाव आया हो, लेकिन इस परंपरा की आत्मा आज भी वैसी ही बनी हुई है। महिलाएं इसे केवल एक धार्मिक कर्मकांड के रूप में नहीं, बल्कि अपनी पहचान, एकजुटता और सांस्कृतिक विरासत के रूप में देखती हैं। दरअसल, 'होलकी माई' की यह परंपरा ग्रामीण जीवन की उस गहराई को उजागर करती है, जहां उत्सव केवल आनंद का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक संबंधों और परंपराओं को सहेजने का जरिया भी होता है। बदलते दौर में भी ऐसी परंपराएं गांवों की सांस्कृतिक जड़ों को मजबूती से थामे हुए हैं और आने वाली पीढ़ियों तक अपनी पहचान बनाए रखे हुए हैं।

# रंगमंच की साझा विरासत

हर साल 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस मनाया जाता है। यह दिन उस कला का है, जो बिना किसी पर्दे के दर्शकों से आमने-सामने बात करती है। उत्तराखंड के नैनीताल में रहने वाले रंगकर्मी जहूर आलम को इस कला को आगे बढ़ाने के लिए साल 2023 में 'संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। उनका काम दिखाता है कि रंगमंच सिर्फ अभिनय तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज, संस्कृति और लोगों को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है।



हिमांशु जोशी
लेखक



## एक शुरुआत, जो धीरे-धीरे आंदोलन बन गई

युगमंच के बारे में बात करते हुए जहूर आलम बताते हैं कि साल 1976 में 'युगमंच' की शुरुआत हुई। युगमंच को शुरू करने का मकसद यह था कि पहाड़ की लोक परंपराएं, गीत-संगीत और कहानियां भी मंच तक पहुंचें। 'अंधा युग' के साथ इसकी शुरुआत हुई और उसी से 'युगमंच' नाम निकला। खास बात यह रही कि नाटक को उसी रूप में नहीं किया गया, बल्कि उसमें कुमाऊं की लोक शैली, संगीत और परंपराओं को भी जोड़ा गया। इससे नाटक लोगों के और करीब आ गए और युगमंच की एक अलग पहचान बनी।

## जब मंच पर दिखने लगी अपनी ही दुनिया

जहूर आलम की हमेशा यह कोशिश रही कि युगमंच के नाटक लोगों के अपने अनुभवों से जुड़े हों। कुमाऊं की लोक गाथाएं, पहाड़ी संगीत और यहां के किस्से नाटकों का हिस्सा बने। उन्होंने आधुनिक और लोक रंगमंच को साथ मिलाकर काम किया, जिससे दर्शकों को मंच पर अपनी ही जिंदगी दिखाई देने लगी। जहूर कहते हैं कि होली में हुड़दंग बढ़ने लगा था, इसके बदलते स्वरूप को देखकर युगमंच ने पहल करते हुए बैठ और खड़ी होली को मंच पर लाने का प्रयास किया। उत्तराखंड के अलग-अलग स्थानों से कलाकार बुलाए गए और महिलाओं को भी मंच पर आने के लिए तैयार किया गया। नई पीढ़ी को सिखाने के लिए कार्यशालाएं की गईं। इसका असर यह हुआ कि नैनीताल की होली फिर से एक सलीकेदार सांस्कृतिक उत्सव की तरह सामने आई, जिसमें आज भी परंपरा और अनुशासन दोनों साथ दिखते हैं।

## जहां लोग मिलते हैं, नहीं दिखते भेद

जहूर आलम का काम यह दिखाता है कि कला लोगों को जोड़ती है। एक मुस्लिम परिवार से होने के बावजूद उन्होंने होली जैसे आयोजन को पूरी ईमानदारी से आगे बढ़ाया। उनके लिए यह त्योहार साथ मिलकर रहने का सबसे उम्दा जरिया है। इतिहासकार शेखर पाठक भी कहते हैं कि जहूर ने उस साझा विरासत को आगे बढ़ाया है, जिसमें अलग-अलग धर्म और समुदाय के लोग साथ मिलकर अपनी संस्कृति को जीते हैं और आज के समय में धीरे-धीरे यह दुर्लभ होती जा रही है। पंचायत फेम अभिनेत्री सुनीता रजवार भी जहूर आलम और युगमंच को इसी नजर से देखती हैं। वह कहती हैं कि जहूर दा युगमंच में नाटकों के स्तंभ हैं और उन्होंने नैनीताल में रंगमंच की परंपरा को सहेज कर रखा है। उनके लिए युगमंच सिर्फ एक संस्था नहीं, बल्कि परिवार की तरह है, जहां उन्होंने हमेशा दूसरों के लिए रास्ते बनाए। सुनीता कहती हैं कि वह खुद भी उसी रास्ते से आगे बढ़ने वालों में से एक हैं। युगमंच के साथ पच्चीस साल से ज्यादा के अपने सफर को याद करते हुए नवीन बेगाना बताते हैं कि उनके पिता भी युगमंच से जुड़े थे। किशोरावस्था में वह अक्सर लड़ाई-झगड़ों में उलझे रहते थे। ऐसे समय में जहूर आलम ने उन पर भरोसा जताया और उन्हें युगमंच से जोड़ा। यही वह मोड़ था, जहां से उनकी जिंदगी ने नई दिशा ली। आगे चलकर नवीन ने ओपन यूनिवर्सिटी से संगीत की पढ़ाई की, शिक्षक बने और अपनी एक अलग पहचान बनाई। वह कहते हैं कि जहूर दा और युगमंच ने न सिर्फ नैनीताल का नाम आगे बढ़ाया, बल्कि थिएटर को जीवित और सक्रिय बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाई है। जहूर कहते हैं कि कई मौके ऐसे आए जब लोग बड़े शहरों की ओर गए, लेकिन उन्होंने यहीं रहकर काम करना चुना। उन्होंने खुद अभिनय और निर्देशन किया और नई पीढ़ी को तैयार किया। युगमंच से जुड़े कई कलाकार राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय और अन्य संस्थानों तक पहुंचे। कुछ ने मुंबई में अपनी अलग पहचान भी बनाई।

### थिएटर के लिए जरूरी है सहारा

जहूर आलम यह भी मानते हैं कि रंगमंच को पेशे के रूप में मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कलाकारों को सम्मान के साथ काम करने के लिए आर्थिक और सामाजिक सहयोग मिलना चाहिए। तभी यह कला व मजबूत हो सकती है और नई पीढ़ी भी इसे अपनाएगी।

## इंतखाब की दुकान, जहां रंगमंच सांस लेता था

जहूर आलम के लिए नैनीताल और रंगमंच क्या हैं, इसे स्मिता कर्नाटक की किताब 'डीएसबी के गलियारों से' के शब्दों में बेहतर समझा जा सकता है। वह लिखती हैं कि पहली बार वह नैनीताल के सांस्कृतिक अड्डे 'इंतखाब' में जहूर दा से मिलीं, जहां कपड़े की दुकान होने के बावजूद माहौल किसी साहित्यिक बैठक जैसा होता था। परिवार की सलाह पर उन्होंने कपड़े की दुकान जरूर खोली, लेकिन मन उनका रंगमंच में ही लगा रहा। काउंटर पर कपड़ा नापते हुए भी वह उसी दुनिया में रहते थे। 'इंतखाब' में दिनभर ग्राहकों से ज्यादा कवियों, लेखकों और कलाकारों का जमावड़ा लगा रहता। चाय और कॉफी के दौर चलते और उनके साथ गंभीर बातचीत भी। यह दुकान धीरे-धीरे एक सांस्कृतिक अड्डा बन गई, जहां से कई विचार और कलाकार आगे बढ़े। यही वह जगह थी, जहां से युगमंच से जुड़े कई कलाकार आगे निकले। निर्मल पांडे, ललित तिवारी, सुनीता अवस्थी, सुदर्शन जुयाल और इदरीस मलिक जैसे नाम इसी जमीन से जुड़े रहे। छोटे शहर के इस माहौल ने बड़े मंच तक पहुंचने वाले कलाकारों को रास्ता दिया।

जहूर आलम के लिए नाटक सिर्फ मनोरंजन नहीं है। उनका कहना है कि रंगमंच में जीवन के लगभग हर पहलू की झलक मिलती है, इसलिए यह लोगों तक सबसे असरदार तरीके से बात पहुंचाता है। उनके नाटकों में अक्सर ऐसे विषय होते हैं, जो समाज से जुड़े होते हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करते हैं। युगमंच ने नुक्कड़ नाटकों के जरिए भी लोगों के बीच जाकर सामाजिक मुद्दों पर संवाद किया और रंगमंच को सीधे समाज से जोड़ा।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,068.45 | 22,912.40 |
| बढ़त | 1372.06 | 399.75 |
| प्रतिशत में | 1.89 | 1.78 |

सोना 1,44,000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 2,30,000 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, बुधवार, 25 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### जीएसपी क्रॉप साइंस का शेयर 4% बढ़त के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली। कृषि रसायन कंपनी जीएसपी क्रॉप साइंस लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 320 के मुकाबले करीब चार प्रतिशत की बढ़त के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 3.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ 332.30 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में 13.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 362.30 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर ने 2.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ 328 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,535.12 करोड़ रुपये रहा।

### मारुति सुजुकी गुजरात में करेगी 10,189 करोड़ रुपये का निवेश

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने मंगलवार को कहा कि वह गुजरात में अपने नए विनिर्माण संयंत्र के पहले चरण में 2.5 लाख वाहनों की उत्पादन क्षमता स्थापित करने के लिए 10,189 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने बताया कि उसके निदेशक मंडल ने गुजरात के खोराज औद्योगिक क्षेत्र स्थित विनिर्माण संयंत्र में सालाना 2.5 लाख वाहनों की पहले चरण की क्षमता जोड़ने को मंजूरी दे दी है।

### कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को मिले 4,439 करोड़ रुपये के ठेके

नई दिल्ली। कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) और उसकी अनुषंगी इकाइयों को पारेषण एवं वितरण (टीएंडडी) कारोबार में करीब 4,439 करोड़ रुपये के ठेके मिले हैं। इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण क्षेत्र की कंपनी ने बयान में कहा कि इनमें अफ्रीका में 400 किलोवाट पारेषण लाइन और उससे जुड़े सबस्टेशन की परियोजना, भारत में पारेषण लाइन परियोजनाओं के ठके तथा स्वीडन में एक सबस्टेशन परियोजना शामिल है।

### सुजलॉन को 100 मेगावाट का पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट

नई दिल्ली। सुजलॉन समूह ने गेल (इंडिया) लि. से 100 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का ऑर्डर हासिल किया है। कंपनी के अनुसार, यह वित्त वर्ष 2025-26 में सुजलॉन को मिला चौथा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) ऑर्डर है, जो इसकी मजबूत और समग्र क्षमताओं को दर्शाता है। इस परियोजना से उत्पन्न बिजली महाराष्ट्र के नंदुरबार में गेल के आगामी पेट्रोरसायन संयंत्र को कॉर्बन उत्सर्जन में कटौती करने में मदद करेगी।

### टाटा पावर की इकाई के जीयूवीएनएल के साथ समझौते

नई दिल्ली। टाटा पावर की मूंदड़ा संयंत्र का संचालन करने वाली उसकी इकाई कोस्टल गुजरात पावर लिमिटेड ने गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) के साथ अनुपूरक बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने टाटा पावर मूंदड़ा संयंत्र के लिए जीयूवीएनएल (गुजरात) के साथ अनुपूरक पीपीए निष्पादित किया है। टाटा पावर की योजना इसी तरह के समझौते महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के साथ करने की भी है।

# बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 1,372 अंक चढ़ा, निफ्टी 400 अंक मजबूत

## 7.56 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,500 अरब डॉलर हो गई निवेशकों की संपत्ति

मुंबई, एजेंसी



स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,372 अंक उछल गया, जबकि एनएसई निफ्टी में भी 400 अंक की बढ़त रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले की योजना को अस्थायी रूप से टाले जाने की घोषणा के बाद एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार बढ़त में रहे।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,372.06 अंक यानी 1.89 प्रतिशत चढ़कर 74,068.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,793 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 399.75 अंक यानी 1.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,912.40 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन, इटर्नल, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, केवल पावर ग्रिड और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में गिरावट आई। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की समयसीमा बढ़ा दी है। कहा कि वह ईरानी ऊर्जा स्थलों पर हमले पांच दिन के लिए टाल रहे हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक हरिप्रसाद ने कहा कि अमेरिका-ईरान तनाव में संभावित कमी के शुरुआती संकेतों ने निवेशकों का कुछ भरोसा बहाल करने में मदद की है। यह सौदे को पूरा करने को लिवाली और निचले स्तर पर खरीदारी को दर्शाता है। एशिया के अन्य बाजारों में भी तेजी रही। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजार दोपहर के कारोबार में ज्यादातर नुकसान में थे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमलों में अस्थायी विराम के बाद घरेलू बाजार में राहत भरी तेजी देखी गई। शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 7.56 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,22,78,312.77 करोड़ रुपये (4,500 अरब डॉलर) हो गई। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.77 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप में 2.29 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,968 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,295 में गिरावट आई। वहीं 168 के भाव अपरिवर्तित रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.96 प्रतिशत बढ़कर 101.9 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 10,414.23 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 12,033.97 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# दिल्ली: एक लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

नई दिल्ली, एजेंसी



बजट पेश करने से पहले, एक ग्रुप फोटो में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता (केंद्र में) व अन्य।

- नवजात शिशुओं के लिए मुफ्त स्वास्थ्य संबंधी जांच
- 1.3 लाख छात्राओं को साइकिल और मेधावी छात्रों को लैपटॉप
- 'आपात संचालन केंद्र' और नई सेमीकंडक्टर नीति की भी घोषणा

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए करीब 1,03,700 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इसमें नवजात शिशुओं के लिए मुफ्त स्वास्थ्य संबंधी जांच, 1.3 लाख छात्राओं को मुफ्त साइकिल और मेधावी छात्रों के लिए लैपटॉप सहित कई कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की गई। साथ ही आपदा प्रबंधन के लिए 'आपात संचालन केंद्र' के अलावा एक नई सेमीकंडक्टर नीति की भी घोषणा की गई।

दिल्ली विधानसभा में दूसरी बार बजट पेश करते हुए वित्त मंत्रालय का प्रभार भी संभाल रही गुप्ता ने इसे 'हरित बजट' करार दिया और बताया कि कुल आवंटन का 21 प्रतिशत पर्यावरण संरक्षण पहल के लिए रखा गया है। उन्होंने दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय के देश में तीसरे स्थान पर होने का उल्लेख किया और कहा कि 'ट्रिपल इंजन' सरकार के साथ राष्ट्रीय राजधानी तेजी से प्रगति कर रही है। सरकार ने शिक्षा क्षेत्र के लिए 19,326 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जो कुल बजट का 18 प्रतिशत है। इसके बाद स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 13,034 करोड़ रुपये, परिवहन के लिए 12,613 करोड़ रुपये, शहरी विकास के लिए 11,572 करोड़ रुपये, सामाजिक कल्याण के लिए 10,537 करोड़ रुपये और जलापूर्ति के लिए 9,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने महिलाओं के लिए कई कदमों की भी घोषणा की और कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनाव से पहले जिस 'महिला समृद्धि योजना' का वादा किया था वह जल्द लागू की जाएगी। इसके लिए 5,110 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रति माह 2,500 रुपये दिए जाएंगे। इसके लिए जल्द ही पंजीकरण मंच शुरू किया जाएगा।

### गैस संकट से जूझ रहा एल्युमिनियम एक्सट्रूजन उद्योग

नई दिल्ली, एजेंसी। उद्योग संगठन एल्युमिनियम एक्सट्रूजन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलईएमए) ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण एलपीजी तथा पीएनजी की आपूर्ति के गंभीर संकट से प्रभावित एल्युमिनियम एक्सट्रूजन उद्योग के लिए सरकार से राहत उपायों की मांग की है। एल्युमिनियम एक्सट्रूज़न एक निर्माण प्रक्रिया है, जिसमें गर्म एल्युमिनियम मिश्र धातु को एक विशिष्ट आकार की डाई के माध्यम से दबाकर ट्यूब, छड़, फ्रेम आदि बनाए जाते हैं। एएलईएमए ने सरकार से ब्याज दरों में कटौती और ऋण भुगतान की अवधि में छूट (मोराटोरियम) जैसे त्वरित राहत उपाय लागू करने का आग्रह किया है।

# एचडीएफसी बैंक ने बाहरी विधि कंपनी को सौंपी जांच

नई दिल्ली, एजेंसी




- पूर्व चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने अपने त्याग पत्र में बैंक संचालन को लेकर उठाए थे गंभीर मुद्दे

एचडीएफसी बैंक ने पूर्व चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के त्याग पत्र में उठाए गए मुद्दों की स्वतंत्र जांच के लिए बाहरी विधि कंपनियों को नियुक्त किया है। बैंक ने कहा कि यह कदम तथ्यों पर आधारित एवं निष्पक्ष आकलन सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

एचडीएफसी बैंक के प्रवक्ता ने कहा कि बाहरी विधि कंपनियों की नियुक्ति एक सक्रिय कदम है, ताकि पत्र में उठाए गए सभी पहलुओं की स्वतंत्र रूप से समीक्षा की जा सके और वस्तुनिष्ठ एवं तथ्य आधारित मूल्यांकन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि यह कदम बैंक द्वारा दशकों से अपनाए जा रहे उच्चतम कॉरपोरेट कामकाज मानकों के अनुरूप लगातार समीक्षा एवं तुलना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

उल्लेखनीय है कि देश के दूसरे सबसे बड़े निजी बैंक एचडीएफसी बैंक के अंशकालिक चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए अपना पद अचानक छोड़ दिया था। उनका इस्तीफा 18 मार्च से प्रभावी हुआ।

यह पहली बार है जब बैंक के किसी अंशकालिक चेयरमैन ने कार्यकाल के बीच में इस्तीफा दिया है जिससे बैंक के कामकाज को लेकर सवाल खड़े हो गए। चक्रवर्ती ने 17 मार्च को लिखे अपने इस्तीफे में कहा था-पिछले दो वर्ष में बैंक के भीतर मैंने कुछ ऐसी घटनाएं एवं कार्य प्रणालियां देखीं जो मेरे व्यक्तिगत मूल्यों व नैतिकता के अनुरूप नहीं हैं। इसी आधार पर मैंने यह निर्णय लिया है। शासन, नामांकन, पारिश्रमिक समिति के चेयरमैन एच. के. भनवाला को लिखे पत्र में चक्रवर्ती ने कहा था कि उपरोक्त के अलावा मेरे इस्तीफे का कोई अन्य महत्वपूर्ण कारण नहीं है

चक्रवर्ती को आर्थिक मामलों के सचिव के रूप में सेवानिवृत्ति के करीब एक वर्ष बाद पांच मई 2021 से अंशकालिक चेयरमैन नियुक्त किया गया था। उनका कार्यकाल 2024 में तीन और वर्ष के लिए बढ़ाकर चार मई 2027 तक कर दिया गया था।

चक्रवर्ती 1985 बैच के गुजरात कैडर के आईएएस अधिकारी रहे हैं और अप्रैल 2020 में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए। इससे पहले वह निवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) के सचिव थे। ये दोनों विभाग वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आते हैं।

### रुपया 35 पैसे टूटकर 93.88 प्रति डॉलर के रिकार्ड निचले स्तर पर

मुंबई, एजेंसी। रुपया मंगलवार को 35 पैसे टूटकर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 93.88 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर आ गया। प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती और वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण निवेशकों में चिंता का माहौल रहने से घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशी निवेशकों की निकासी ने भी रुपये पर दबाव डाला।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.66 पर खुला और पूरे सत्र के दौरान इसमें उतार-चढ़ाव बना रहा। अंत में यह 93.88 (अस्थायी) पर रहा, जो पिछले बंद स्तर से 35 पैसे की गिरावट है।

# एथनॉल: पीडीएस में टूटे चावल की मात्रा घटाएगी सरकार: खाद्य सचिव

नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत वितरित अनाज में टूटे चावल के आवंटन को 25 से घटाकर 10% करने का प्रस्ताव मंत्रिमंडल के समक्ष रखेगी। इससे एथनॉल क्षेत्र को करीब 90 लाख टन टूटा चावल उपलब्ध हो सकेगा।

ऑल इंडिया डिस्टिलर्स एसोसिएशन (एआईडीए) के सम्मेलन में चोपड़ा ने कहा कि इस प्रस्ताव का उद्देश्य एथनॉल उद्योग को साल भर कच्चे माल की स्थिर आपूर्ति प्रदान करना है जिससे भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के साबुत अनाज के भंडार पर इसकी निर्भरता कम हो जाएगी। जलवायु परिवर्तन एक वास्तविकता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि आपूर्ति श्रृंखला बाधित न हो। एथनॉल क्षेत्र को टूटे हुए चावल की निरंतर आपूर्ति यह सुनिश्चित करने में सहायक होगी। पीडीएस के तहत वर्तमान में वितरित अनाज में 25% टूटे हुए चावल होते हैं जो 80 करोड़ लाभार्थियों को प्रदान किए जाते हैं। नई योजना के तहत इसे घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया जाएगा। प्रतिवर्ष वितरित होने वाले करीब 360-370 लाख टन चावल में से बचे हुए अतिरिक्त टूटे चावल को एथनॉल उत्पादकों, पशु आहार निर्माताओं और अन्य को नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा। पांच राज्यों में इसका प्रायोगिक परीक्षण पहले ही किया जा चुका है।

### एथनॉल को रसोई ईंधन के रूप में करें विकसित

नयी दिल्ली, एजेंसी। पेट्रोलियम क्षेत्र ने मंगलवार को उद्योग जगत के दिग्गजों से एथनॉल को भारतीय परिवारों के लिए एक स्वच्छ रसोई ईंधन के रूप में विकसित करने का आह्वान किया। इससे आयातित एलपीजी पर निर्भरता कम करने और जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों को बल मिलेगा। फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्री के निदेशक (डाउनस्ट्रीम) आर एस रवि ने ऑल इंडिया डिस्टिलर्स एसोसिएशन (एआईडीए) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह अपील की। उन्होंने एथनॉल आधारित रसोई स्टोव पर जारी शोध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एलपीजी उपकरण अनुसंधान केंद्र (एलईआरसी) और विभिन्न भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में इस दिशा में काफी काम हो रहा है तथा इसके प्रारूप (प्रोटोटाइप) जल्द ही तैयार होने की संभावना है।

### आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली में 55,837 करोड़ रुपये डाले

मुंबई, एजेंसी। आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली में तीन दिवसीय 'वैरिएबल रेट रेपो' नीलामी के जरिये मंगलवार को 55,837 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली। केंद्रीय बैंक के अनुसार, यह धनराशि 5.26 प्रतिशत की कट-ऑफ और भारित औसत दर पर डाली गई।

यह राशि एक लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि की तुलना में काफी कम रही। अग्रिम कर भुगतान के कारण बैंकिंग प्रणाली में अधिशेष नकदी में तेज गिरावट आई है। बैंकिंग प्रणाली में 23 मार्च तक अनुमानित नकदी करीब 26,196.36 करोड़ रुपये आंकी गई है। केंद्रीय बैंक ने पिछले कुछ दिनों में विभिन्न अवधियों की वीआरआर नीलामी के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में 2,08,208 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली है।

# गैर-पंजीकृत क्षेत्रों में रोजगार 6.18% बढ़ा 74.52 लाख नये अवसर सृजित: सर्वेक्षण

नई दिल्ली,एजेंसी। गैर-पंजीकृत उद्यम क्षेत्र में रोजगार 2025 में 6.18 प्रतिशत बढ़कर 12.80 करोड़ हो गया। इस अवधि के दौरान 74.52 लाख से अधिक नए रोजगार सृजित हुए। सरकार के एक सर्वेक्षण में यह कहा गया है। मंगलवार को जारी गैर-पंजीकृत क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई), 2025 के अनुसार, अक्टूबर, 2023 से सितंबर, 2024 की अवधि के दौरान इस क्षेत्र में श्रमिकों की संख्या 12,05,99,800 थी जो 2025 में बढ़कर 12,80,51,800 हो गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने जनवरी, 2025 से दिसंबर, 2025 की अवधि के लिए गैर-पंजीकृत क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण के परिणाम जारी किए हैं। इस क्षेत्र में प्रतिष्ठानों की कुल संख्या 7.97 प्रतिशत बढ़कर 2025 (जनवरी 2025-दिसंबर 2025) में 7.92 करोड़ हो गई जो 2023-24 (अक्टूबर 2023-सितंबर 2024) में 7.34 करोड़ थी। सर्वेक्षण के अनुसार, 'अन्य सेवाएं' क्षेत्र में प्रतिष्ठानों की संख्या में 10.29 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई है। इसके बाद विनिर्माण क्षेत्र में 6.48 प्रतिशत और व्यापार क्षेत्र में 6.18 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वृद्धि विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक विस्तार को बताती है।

### गडकरी बोले-सड़क परियोजनाओं के लिए जुटा सकते हैं आठ लाख करोड़

मुंबई, एजेंसी। राजमार्ग क्षेत्र में खर्च की धीमी गति पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सरकार सड़क परियोजनाओं के लिए हर साल आठ लाख करोड़ रुपये तक जुटा सकती है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोण से राजमार्ग निर्माण का बहुत महत्व है। इस पर खर्च करने से देश की आर्थिक वृद्धि को गति मिल सकती है। एनएचएआई द्वारा प्रायोजित राजमार्ग इन्फ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट की बीएसई पर सूचीबद्धता के कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि हमारी समस्या यह है कि हम खर्च करने में असमर्थ हैं। हमारे खर्च करने की गति बहुत धीमी है। उन्होंने कहा कि सरकार राजमार्ग क्षेत्र की मजबूत परिसंपत्तियों के आधार पर बाजार से हर साल पांच लाख करोड़ रुपये जुटा सकती है, इसके अलावा 3.2 लाख करोड़ रुपये का बजटीय सहयोग भी मिलता है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# भाजपा की मुहर से साबित हो गया आयोग को कौन चला रहा है: ममता

कोलकाता, एजेंसी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग के पत्र पर कथित तौर पर भाजपा की मुहर लगी होने के बाद यह बात संदेह से परे साबित हो गई है कि कौन सी पार्टी पर्दे के पीछे से आयोग को चला रही है। निर्वाचन आयोग के मार्च 2019 के एक पत्र पर भारतीय जनता पार्टी की केरल इकाई की मुहर लगी पाई जाने के बाद सोमवार को राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था।

बनर्जी ने चुनाव प्रचार अभियान शुरू करने के लिए उत्तरी बंगाल के बागडोगरा रवाना होने से पहले कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा कि निर्वाचन आयोग की अधिसूचना पर भाजपा की मुहर लगी होने से यह स्पष्ट हो गया है कि पर्दे के पीछे से आयोग को कौन चला रहा है। पोल खुल चुकी है। उन्होंने अपने दावों को सही साबित करने के लिए इस विवाद पर एक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर दिखाई।

मुख्यमंत्री ने आयोग का जिक्र किए बिना कहा कि पर्दे के पीछे से अपने खेल खेलने की कोई जरूरत नहीं है। खुलकर सामने आएं और हमसे आमने-सामने मुकाबला करें। बनर्जी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग द्वारा नंदीग्राम के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) का तबादला भवानीपुर में करने के कदम से राजनीतिक साजिश की बू आ रही है। उन्होंने परोक्ष रूप से दावा किया कि बीडीओ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी हैं। भवानीपुर सीट पर बनर्जी और अधिकारी का मुकाबला होगा।

## असम: हिमंत के खिलाफ चुनाव लड़े रहे कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन खारिज

गुवाहाटी, एजेंसी। असम विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के तीन उम्मीदवारों के नामांकन मंगलवार को हुई जांच के दौरान खारिज कर दिए गए, जिनमें से एक का नामांकन जलुकबारी सीट से था, जहां से मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा चुनाव लड़ रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी दी। शाम साढ़े चार बजे तक कुल 18 नामांकन पत्र खारिज किए जा चुके थे। हालांकि, नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार, ढकुआखाना सीट से कांग्रेस उम्मीदवार आनंद नराह, हाफलोंग सीट से निर्मल लंगथासा और जलुकबारी सीट से विदिशा नेओग के नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए हैं।ढकुआखाना सीट पर वर्तमान में भाजपा के पूर्व मंत्री नबा कुमार डोले का कब्जा है। हाफलोंग सीट के लिए भाजपा की कैबिनेट मंत्री नंदिता गारलोसा की कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में उम्मीदवारी स्वीकार कर ली गई है। गोरलोसा रविवार रात को विपक्षी दल में शामिल हुईं थीं।

## केरल: भाजपा अध्यक्ष के हलफनामे पर विवाद चंद्रशेखर की कांग्रेस को कोर्ट जाने की चुनौती

तिरुवनंतपुरम,एजेंसी। केरल में विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर के हलफनामे को लेकर सियासी विवाद छिड़ गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि चंद्रशेखर ने बेंगलुरु स्थित एक महंगी संपत्ति का विवरण छिपाया है और उसने इस संबंध में निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। चंद्रशेखर ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि संपत्ति छिपाने के दावे निराधार हैं और अगर कांग्रेस में अपने दावों को साबित करने का साहस है तो वह अदालत का रुख कर सकती है। नौ अप्रैल को होने वाले चुनाव में चंद्रशेखर नेमम सीट से वी. शिवनकुट्टी और पूर्व कांग्रेस विधायक के. सबरीनाथन के खिलाफ मैदान में हैं। सबरीनाथन ने कहा कि हलफनामे से जुड़े आरोप गंभीर हैं।



तमिलनाडु में घोषणा पत्र जारी करते अन्नाद्रमुक के नेता।

## तमिलनाडु: मुफ्त फ्रिज, नकद सहायता देगी अन्नाद्रमुक

चेन्नई, एजेंसी। तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का नेतृत्व कर रही मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने अपना घोषणापत्र जारी किया, जिसमें कुल 297 वादे शामिल हैं। मुफ्त योजनाओं में रेफ्रिजरेटर, एकमुश्त 10,000 रुपये की सहायता, महिलाओं के लिए मासिक सहायता, शिक्षा ऋण माफी, कार्ड धारकों के लिए 1,000 रुपये का पोंगल उपहार पैकेट आदि शामिल हैं। अन्नाद्रमुक के महासचिव और राजग के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार एडप्पाडी के पलानीस्वामी ने बुधवार को दक्षिण चेन्नई के मायलापुर इलाके में एक बैठक के साथ अपने चुनाव अभियान की शुरुआत करने की पूर्व संध्या पर मंगलवार को अन्नाद्रमुक कार्यालय में घोषणापत्र जारी किया। मुख्य वादा चावल राशन कार्डधारकों को मुफ्त रेफ्रिजरेटर उपलब्ध कराना है। उन्होंने आगे कहा कि गृहिणियों के घरेलू कामों का बोझ कम करने के लिए, चावल राशन कार्डधारकों को मुफ्त रेफ्रिजरेटर दिया जाएगा। ईपीएस द्वारा अन्नाद्रमुक के सत्ता में आने पर किए गए वादों की सूची में करों के बोझ और महंगाई से निपटने के लिए प्रत्येक परिवार को 10,000 रुपये की विशेष सहायता, समाज में आर्थिक समानता लाने के लिए कुला विलाक्कु योजना के अंतर्गत सभी कार्डधारक परिवारों को 2,000 रुपये की मासिक सहायता- जो सीधे परिवार की महिला मुखिया के बैंक खाते में जमा होगी। इसकेअलावा महिलाओं के समान पुरुषों के लिए मुफ्त बस यात्रा, ग्रामीण क्षेत्रों में जिनके पास घर या भूखंड नहीं है उनके लिए पक्के मकान बनाकर देंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अफगानिस्तान ने एक साल बाद अमेरिकी नागरिक को रिहा किया

**काबुल।** अफगानिस्तान के अधिकारियों ने अमेरिकी शिक्षाविद डेनिस कोएले को एक साल से अधिक समय तक हिरासत में रखने के बाद मंगलवार को रिहा कर दिया। अफगानिस्तान के तालिबान-नियंत्रित विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह रिहाई ईद उल-फितर के अवसर पर हुई, जो मुसलमानों का पवित्र त्योहार है और इस्लामी पवित्र महीने रमजान के समापन का प्रतीक है। मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि अकादमी शोधकर्ता कोएले को देश की राजधानी काबुल में उनके परिवार की अपील के बाद रिहा कर दिया गया। अफगानिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने उनकी कैद अवधि को पर्याप्त माना। कोएले को जनवरी 2025 में कानूनों के उल्लंघन के आरोपों में हिरासत में लिया गया था।

### ओडिशा: 55 लाख रुपये के इनामी सुक्रू ने किया आत्मसमर्पण

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के सर्वाधिक वांछित और 55 लाख रुपये के इनामी माओवादी सुक्रू ने मंगलवार को कंधमाल जिले में चार अन्य साथियों के साथ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। डीजीपी वाईबी खुरानिया ने बताया कि प्रदेश समिति के सदस्य सुक्रू ने एके-47 राइफल के साथ आत्मसमर्पण किया। मलकानगिरी जिले के मूल निवासी सुक्रू को राज्य में सक्रिय बचे अंतिम माओवादी नेताओं में से एक माना जाता था। यह आत्मसमर्पण ऐसे समय में हुआ जब केंद्र सरकार द्वारा वामपंथी उग्रवाद को समाप्त करने की 31 मार्च की समय सीमा नजदीक आ रही है।

### पंजाब के पूर्व मंत्री भुल्लर को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर को मंगलवार को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। भुल्लर को पंजाब भंडारण निगम (पंजाब वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन) के एक अधिकारी की कथित आत्महत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। भुल्लर को मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अमृतसर की एक अदालत में पेश किया गया। हरे रंग की पगड़ी पहने भुल्लर अदालत से बाहर निकलते समय हाथ जोड़े बैठे दिखाई दिए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अदालत ने भुल्लर को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजने को मंजूरी दे दी।

## वियतनाम: दो बच्चे पैदा करने पर महिला को मिलेंगे 20 लाख डोंग

- देश में प्रजनन दर बढ़ाने के लिए शुरू की वित्तीय मदद की योजना

**हनोई, एजेंसी**

वियतनाम के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जन्म दर में भारी गिरावट के बीच प्रतिस्थापन प्रजनन दर बनाए रखने के प्रयासों के तहत एक नया प्रस्ताव पेश किया है। इसके तहत 35 वर्ष की आयु से पहले दो बच्चों को जन्म देने वाली महिलाओं को 20 लाख वियतनामी डोंग (लगभग 76 अमेरिकी डॉलर) की वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक मसौदे का अनावरण किया जिसमें कई वित्तीय सहायता नीतियों का प्रस्ताव है। इनसे प्रतिस्थापन-स्तर की प्रजनन दर को बनाए रखने और जनसंख्या की गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है। . मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रीय प्रजनन दर प्रतिस्थापन स्तर से नीचे गिर गई है। साल 2025 में यह दर प्रति महिला 2.11 बच्चों से घटकर 1.93 रह गई है, जो 2024 के 1.91 के रिकॉर्ड निचले स्तर से केवल मामूली सुधार है। इस मौजूदा रुझान को देखते हुए 2030 तक प्रतिस्थापन प्रजनन स्तर को बनाए रखने के लक्ष्य को हासिल करना कठिन लग रहा है।

यह अनुमान लगाया गया है कि यदि प्रजनन दर में इसी तरह गिरावट जारी रही तो वियतनाम की स्वर्णिम जनसंख्या की अवधि 2036 तक समाप्त हो जाएगी। इसके साथ ही कार्यबल की आयु वाली जनसंख्या 2044 से कम होने लगेगी।

## श्रद्धा-आस्था का अकूत खजाना

हाल ही में ओडिशा सरकार ने पुरी के जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार को खुलवाकर उसका सूचीकरण करने का फैसला लिया है। रत्न भंडार को खोलने और इसके खजाने की गिनती की निगरानी के लिए ओडिशा उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस विश्वनाथ रथ की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति बनाई गई है। पुरी के जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार अपार संपत्ति के लिए जाना जाता है। इससे पहले यहां 1978 में गणना हुई थी जिसके अनुसार यहां तब 128 किलो सोना और 221 किलो चांदी के गहने थे, लेकिन माना जाता है कि वास्तविक मात्रा इससे कहीं अधिक है। सिर्फ पुरी का जगन्नाथ मंदिर ही नहीं, देश के कई और मंदिरों में भी बेहिसाब खजाना है जो देश के लोगों की अपार आस्था और श्रद्धा का प्रमाण है।

## भारत के मंदिरों की संपन्नता



### तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम

- भक्तों के दान के मामले में यह दुनिया का सबसे व्यस्त और संपन्न मंदिर है। यह अपनी वित्तीय पारदर्शिता के लिए भी जाना जाता है।
- मंदिर की संपत्ति 2,50,000 करोड़ से 3,00,000 करोड़ रुपये तक मानी जाती है। विभिन्न बैंकों में 10,258 किलो से ज्यादा सोना जमा है।
- इसके अलावा 16,000 करोड़ की एफडी और 7,123 एकड़ जमीन समेत 960 से अधिक संपत्तियां हैं। वार्षिक आय 5,000 करोड़ से अधिक है।

### शिरडी साईं बाबा मंदिर, शिरडी

- यह मंदिर दुनिया भर के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और इसे भारत के सबसे अमीर ट्रस्टों में गिना जाता है।
- इस मंदिर की 2,500 करोड़ रुपये से अधिक की बैंक जमा राशि है, 450 किलो सोना और 6,000 किलो चांदी है।
- इसके अलावा बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा और निवेश हैं और सालाना आय 400-500 करोड़ के आसपास रहती है।



### श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर, तिरुवनंतपुरम

- यह न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया का सबसे अमीर मंदिर माना जाता है। 2011 में इसके गुप्त तहखानों को खोलने के बाद इसकी संपत्ति दुनिया के सामने आई थी।
- बिना ऐतिहासिक महत्व जोड़े अनुमानित संपत्ति 1,20,000 करोड़ तक है। प्राचीन कलाकृतियों की अंतरराष्ट्रीय कीमत जोड़ने पर ये कई लाख करोड़ हो सकती है।
- संपत्ति में शुद्ध सोने की मूर्तियां, सोने का 18 फुट लंबा हार, हीरे-जवाहरात से जड़े सोने के मुकुट, हजारों सोने के सिक्के और बोरों में भरे कीमती रत्न शामिल हैं।

### वैष्णो देवी मंदिर, कटरा

- साल भर करोड़ों श्रद्धालुओं की आमद के कारण यह मंदिर उत्तर भारत का सबसे संपन्न धार्मिक स्थल है जिसकी सालाना 500 करोड़ रुपये से अधिक है।
- श्राइन बोर्ड के पास 1.2 टन सोना है। बोर्ड सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, विश्वविद्यालय, आपदा प्रबंधन सुविधाओं को भी चलाता है।

### सिद्धिविनायक मंदिर, मुंबई

- मुंबई का यह मंदिर बॉलीवुड हस्तियों और उद्योगपतियों के दान के लिए भी जाना जाता है।
- श्री सिद्धिविनायक मंदिर का शिखर यानी गुंबद ही लगभग 3.7 किलो सोने से मढ़ा हुआ है।
- अनुमान के मुताबिक मंदिर ट्रस्ट को हर साल 100 से 150 रुपये करोड़ तक दान मिलता है।
- मंदिर के पास करीब 125 किलो सोने का भंडार और करोड़ों रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट हैं।

# इजराइली जेलों में फिलिस्तीनियों का क्रूर नरसंहार

## राज्य का सिद्धांत बनी क्रूरता : बिना किसी आरोप 18,500 फिलिस्तीनी हैं कैद जिनमें 1,500 से ज्यादा मासूम बच्चे

- अमानवीय यातनाओं से इन जेलों में अब तक हो चुकी है 100 से ज्यादा फिलीस्तीनियों की मौत

**जेनेवा, एजेंसी**



संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट ने इजराइली हिरासत केंद्रों के भीतर छिपे उस खौफनाक सच को बेनकाब कर दिया है, जिसे अब 'राज्य के सिद्धांत' के रूप में अपनाया जा चुका है। अक्टूबर 2023 से जारी जुल्म की यह श्रृंखला अब तक 18,500 से अधिक फिलिस्तीनियों को अपनी चपेट में ले चुकी है, जिनमें 1,500 से ज्यादा मासूम बच्चे शामिल हैं।

ये आंकड़े महज संख्या नहीं, बल्कि उन हजारों जिंदगियों की दास्तान हैं, जिन्हें बिना किसी आरोप या मुकदमे के सलाखों के पीछे धकेल दिया गया है। करीब 100 कैदियों की हिरासत में हुई मौतें इस भयावहता की गवाही देती हैं कि इजराइली जेलें सुधार गृह नहीं, बल्कि सोची-समझी क्रूरता की प्रयोगशाला बन चुकी हैं। इन जेलों में जहां कैदियों के साथ ऐसी अमानवीय और घिनौनी हरकतें की जा रही हैं, जो इंसानियत को शर्मसार कर दें। संयुक्त राष्ट्र की विशेषज्ञ ने चेतावनी दी है कि दशकों से मिल रही छूट और राजनीतिक संरक्षण के चलते फिलिस्तीनियों के खिलाफ इजराइल की व्यवस्थित प्रताड़ना अब कब्जे वाले फिलीस्तीनी क्षेत्र में जारी नरसंहार का परिभाषित हथियार बन गयी है।

सन् 1967 से कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में मानवाधिकारों की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत फ्रांसेस्का अल्बानीज ने मानवाधिकार परिषद को सौंपी अपनी नई रिपोर्ट में कहा, नरसंहार की शुरुआत के बाद से इजराइली जेल प्रणाली सोची-समझी क्रूरता की प्रयोगशाला में बदल गई है। अल्बानीज के अनुसार, जो कभी अंधेरे और साये में किया जाता था, वह अब खुलेआम हो रहा है। संगठित अपमान, पीड़ा और अधोगति का यह शासन अब उच्चतम राजनीतिक स्तरों से स्वीकृत है।

यानी जो दर्द पहले छिपाया जाता था, अब उसे सत्ता की शह पर सरेआम अंजाम दिया जा रहा है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्वीर सहित वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से लागू की गई नीतियों ने प्रताड़ना, सामूहिक दंड और हिरासत की अमानवीय स्थितियों को एक संस्थानिक रूप दे दिया है। यह फिलिस्तीनियों को इंसान न समझने की एक सोची-समझी नीति है। विशेष दूत ने स्पष्ट किया है कि मानवाधिकारों के इन जघन्य उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार लोगों को जांच और न्याय का सामना करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि युद्ध के समय भी इन अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता और अपराधियों को 'अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय' (आईसीसी) के कटघरे में खड़ा होना होगा।

### संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट से खौफनाक सच बेनकाब

#### ऐसी प्रताड़नाएं कि दहल जाए मानवता... चाकू, लोहे की छड़ों, बोतलों से बलात्कार, कुत्तों से नुचवाकर ऊपर करते हैं पेशाब

इजराइली जेलों में हजारों लोग बिना किसी आरोप या मुकदमे के कैद हैं, कई जबरन गायब कर दिए गए हैं और लगभग 100 कैदियों की हिरासत में मौत हो चुकी है। कैदियों के साथ ऐसी दरिंदगी की गई है जो कल्पना से परे है। रिपोर्ट में बोतलों, लोहे की छड़ों और चाकुओं से बलात्कार, भुखमरी, हड्डियां और दांत तोड़ना, शरीर को जलाना, थूकना और कुत्तों से हमला करवाना व उन पर पेशाब करवाने जैसी भयानक प्रताड़नाओं का जिक्र है। इन अकल्पनीय प्रताड़नाओं का उद्देश्य फिलिस्तीनियों को केवल शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक तौर पर भी पूरी तरह तोड़ देना है। यह संगठित बर्बरता अब अंधेरे में नहीं, बल्कि सत्ता के ऊंचे गलियारों की शह पर खुलेआम अंजाम दी जा रही है।


#### विडंबना: इस बर्बरता को कई देशों की सरकारों और कानूनी संस्थाओं का समर्थन, मीडिया भी करता है लीपापोती

वर्ष 2025 में प्रताड़ना के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र समिति ने भी संगठित और व्यापक प्रताड़ना की एक वास्तविक ''राज्य की नीति'' की निंदा की थी, जो 7 अक्टूबर 2023 के बाद से बेहद गंभीर हो गई है। इस बर्बरता को दुनियाभर के राजनेताओं से बचाव मिल रहा है। कानूनी संस्थाएं इसे तर्कसंगत बता रही हैं। मीडिया इसे साफ-सुथरा कर पेश कर रहा है। दुनिया की वे सरकारें इसे सहन कर रही हैं, जो इजराइल को हथियार और सुरक्षा देना जारी रखे हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्रताड़ना केवल जेल की दीवारों तक सीमित नहीं है। निरंतर बमबारी, जबरन विस्थापन, भुखमरी, घरों-अस्पतालों की तबाही और सैन्य व बसने वाले आतंकी समूहों के खौफ ने पूरे फिलिस्तीनी क्षेत्र को एक 'प्रताड़नाकारी माहौल' में बदल दिया है। अल्बानीज ने भावुक होकर कहा, गाजा, वेस्ट बैंक और पूर्वी येरुशलम में फिलीस्तीनी पीड़ा की अटूट श्रृंखला से गुजर रहे हैं। वहां कोई शरण नहीं है, कोई सुरक्षित कोना नहीं है, जीने के लिए कोई महफूज जगह नहीं बची है।

#### अमानवीय प्रताड़ना रोके इजराइल, अंतर्राष्ट्रीय अदालत में चले मुकदमा, दोषी अधिकारियों को किया जाए गिरफ्तार

अल्बानीज ने इजराइल से प्रताड़ना के सभी कृत्यों को तुरंत रोकने, अंतरराष्ट्रीय जांचकर्ताओं को प्रवेश देने और कब्जे को खत्म करने की प्रक्रिया शुरू होने तक दोषियों की जवाबदेही तय करने का आग्रह किया और सदस्य देशों से नरसंहार और प्रताड़ना को रोकने के अपने कानूनी दायित्वों को निभाने की अपील की। इतामार बेन ग्वीर, बेजालेल स्मोट्रिच और इजराइल काट्ज जैसे जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ जांच और गिरफ्तारी वारंट जारी करने को कहा गया है।

## टेक्सास की रिफाइनरी में भीषण विस्फोट, लोगों को इलाके में जहां हैं वहीं शरण लेने की सलाह



- जोरदार विस्फोट के बाद उठीं आग की लपटें और घना धुआं, नहीं पता चला घटना का कारण

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास राज्य के पोर्ट आर्थर में वैलेरो एनर्जी की रिफाइनरी में सोमवार को जोरदार विस्फोट हुआ, जिसके बाद आग की लपटें और घना धुआं उठता दिखाई दिया। स्थानीय प्रशासन ने आसपास के लोगों को एहतियातन घरों में रहने की सलाह दी है।

अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट का संभावित कारण एक औद्योगिक हीटर बताया जा रहा है, हालांकि मामले की जांच जारी है। प्रशासन ने ''शेल्टर-इन-प्लेस'' अलर्ट जारी करते हुए लोगों से कहा है कि वे घरों के भीतर रहें, दरवाजे-खिड़कियां बंद रखें और बाहरी गतिविधियों से बचें। शहर प्रशासन ने लोगों से अपील की, अपनी सुरक्षा के लिए तब तक अपने स्थान पर बने रहें जब तक आपातकालीन कर्मियों की ओर से सबकुछ सामान्य होने की घोषणा नहीं की जाती।

टेक्सास के राज्य प्रतिनिधि क्रिश्चियन मैनुअल ने बताया कि टेक्सास कमीशन ऑन एनवायरनमेंटल क्वालिटी ने स्थल पर वायु गुणवत्ता की निगरानी के लिए उपकरण तैनात किए हैं और स्थानीय तथा राज्य एजेंसियों के साथ मिलकर पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन किया जा रहा है। पोर्ट आर्थर फायर डिपार्टमेंट ने विशेष रूप से शहर के पश्चिमी हिस्से में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और घरों में रहने की सलाह दी है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में रिफाइनरी परिसर से उठती आग की लपटें और काला धुआं देखा जा सकता है।

## बांग्लादेश: पूर्व जनरल मसूद उद्दीन चौधरी गिरफ्तार

**ढाका, एजेंसी**



- 2007 में कराया था तख्तापलट मौजूदा प्रधानमंत्री तारिक को हिरासत में लेकर दी थीं यातनाएं

बांग्लादेश में एक प्रभावशाली पूर्व सैन्य जनरल मसूद उद्दीन चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसने 2007 में कार्यवाहक सरकार के स्थान पर सेना समर्थित अंतरिम सरकार के सत्तारूढ़ होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। माना जाता है कि कार्यवाहक सरकार बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की ओर झुकी हुई थी, जिसका नेतृत्व अब प्रधानमंत्री तारिक रहमान कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल चौधरी ने 2007 में सरकार बदलने और एक अंतरिम सरकार स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अंतरिम सरकार ने 2008 के चुनाव तक अगले दो वर्षों तक देश चलाया। जांच शाखा के प्रमुख शफीकुल इस्लाम ने बताया, चौधरी को उनके खिलाफ दर्ज पांच मामलों के संबंध में गिरफ्तार किया गया है। चौधरी ने बाद में ऑस्ट्रेलिया में बांग्लादेश के राजदूत के रूप में कार्य किया और बाद में जातीय पार्टी से संसद सदस्य बने।

जातीय पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अब भंग हो चुकी अवामी लीग की चुनावी सहयोगी थी, जिसने दिसंबर 2008 के चुनाव में दो-तिहाई बहुमत से जीत हासिल की थी। तत्कालीन अंतरिम सरकार के दो साल के शासनकाल के दौरान रहमान को भी गिरफ्तार किया गया था, हिरासत में यातना दी गई थी और उन पर कई आपराधिक और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। बाद में तारिक को निर्वासित कर दिया गया था।

## रूस ने यूक्रेन पर दागे 400 ड्रोन, चार लोगों की मौत, 27 घायल

**कीव।** रूस की ओर से यूक्रेन के नागरिक इलाकों पर किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 27 लोग घायल हो गए।

अधिकारियों के मुताबिक मॉस्को की सेना ने यूक्रेनी अग्रिम पंक्ति की रक्षा पंक्ति को भेदने के प्रयासों को तेज कर दिया है, जो वसंत ऋतु में होने वाले संभावित जमीनी आक्रमण की शुरुआत हो सकती है। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने रात भर में लगभग 400 लंबी दूरी के ड्रोन दागे, जो हाल के हफ्तों में सबसे बड़ा हमला है। यह हमला मंगलवार सुबह तक जारी रहा, जब दिन के उजाले में भी कई ड्रोन ने राजधानी कीव को निशाना बनाया।

यूक्रेन की वायुसेना ने बताया कि इसके अलावा, रूस ने रात में 23 क्रूज मिसाइल और सात बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागीं, जिनसे देशभर में कम से कम 10 स्थान प्रभावित हुए। चार साल से भी अधिक समय पहले रूस द्वारा अपने पड़ोसी देश पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद यूक्रेनी नागरिक लगातार बमबारी का सामना कर रहे हैं।

## कोलंबियाई सैन्य विमान दुर्घटना में 66 की मौत

- 125 लोग थे सवार, कई लापता कई को बचाने में मिली सफलता

**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के पुटुमायो प्रांत में सोमवार को दुर्घटनाग्रस्त हुए वायुसेना के हरक्यूलिस सी-130 परिवहन विमान में सवार 66 सैन्य कर्मियों की मौत हो गई है, जबकि दर्जनों अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।

वायुसेना के मुताबिक दुर्घटना के शिकार हुए कई सैन्य कर्मियों को बचा भी लिया गया है और करीब दो दर्जन लोगों के बारे में कुछ जानकारी नहीं मिल सकी है। इस मालवाहक विमान का उपयोग सैनिकों और साजोसामान की आवाजाही में किया जाता है। वायुसेना कमांडर जनरल कार्लोस फर्नांडो सिल्वा रुएडा के अनुसार, विमान में सेना के 114 जवान और चालक दल के 11 सदस्यों सहित 125 लोग सवार थे। यह विमान पेरू की सीमा के पास उड़ान भरते वक्त हादसे का शिकार हो गया।

रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज़ ने घटना को देश के लिए बेहद दुखद बताते हुए कहा कि विमान गिरने के बाद लगी भीषण आग के कारण उसमें रखा गोला-बारूद भी फट गया, जिससे बचाव कार्य में अत्यधिक कठिनाई आई और मृतकों की संख्या बढ़ गई।

## किम जोंग का एलान- उ. कोरिया को बनाएंगे परमाणु शक्ति संपन्न

**सियोल, एजेंसी**



- दक्षिण कोरिया को घोषित किया सबसे बड़ा दुश्मन, अमेरिका पर आतंकवाद का आरोप

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एलान किया है कि वह अपने देश को स्थायी रूप से परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में स्थापित करेंगे। उन्होंने दक्षिण कोरिया को आधिकारिक रूप से सबसे बड़े दुश्मन करार दिया और उसके खिलाफ कड़ा रुख अपनाए रखने की चेतावनी दी।

किम ने सोमवार को संसद में अपने भाषण में पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का जिक्र करते हुए अमेरिका पर आतंकवाद और आक्रामकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका विरोधी भावनाओं के उभार के बीच उसके खिलाफ संयुक्त मोर्चे में उत्तर कोरिया और मजबूत भूमिका निभाएगा। हालांकि उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नाम नहीं लिया।

उन्होंने कहा कि उनके दुश्मन चाहे टकराव का विकल्प चुनें या फिर शांतिपूर्ण सह अस्तित्व का, लेकिन वह किसी भी विकल्प का जवाब देने के लिए तैयार हैं। किम का यह बयान पिछले महीने सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के सम्मेलन में दिए गए उस बयान से मिलता जुलता है, जिसमें उन्होंने दक्षिण कोरिया पर जमकर निशाना साधा था लेकिन ट्रंप प्रशासन के साथ वार्ता के लिए दरवाजे खुले होने की बात कही थी और वाशिंगटन से आग्रह किया था कि वह वार्ता के लिए पूर्व शर्त के रूप में उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण की अपनी मांग छोड़ दे। सरकारी मीडिया ने बताया कि संसद के दो दिवसीय सत्र के दौरान सोमवार को संविधान संशोधन विधेयक पारित कर दिया गया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज रुके हुए कार्यों में गति आएगी। पारिवारिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**तुला** — आज नई योजनाएं सफल होंगी। दांपत्य जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। व्यापार में विस्तार की संभावना है।

**वृष** — आज करियर में नए बदलाव के संकेत हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। पुराने कर्ज से मुक्ति मिलने के आसार हैं। अपनी गुप्त योजनाओं को किसी को न बताएं।

**मिथुन** — आज सामाजिक मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यात्रा के योग बन रहे हैं। मानसिक शांति के लिए अध्यात्म या रचनात्मक कार्यों में रुचि लेंगे।

**धनु** — आज संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्त होगा। धार्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आज घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बनेगी। भावुकता पर नियंत्रण रखें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — आज भूमि या वाहन खरीदने के योग हैं। कार्यक्षेत्र में कार्यभार अधिक रहेगा। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** — आज पैतृक संपत्ति से लाभ मिल सकता है। समाज में नेतृत्व की क्षमता निखरेगी। धन लाभ के प्रबल योग हैं।


**कुंभ** — आज पराक्रम और पुरुषार्थ में वृद्धि होगी। छोटे भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। करियर में उन्नति के द्वार खोलेंगे।

**कन्या** — आज धैर्य से काम लेना हितकारी होगा। बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। अनावश्यक खर्चों पर लगाम लगाएं।

**मीन** — आज का दिन आर्थिक निवेश के लिए उत्तम है। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। किसी उत्सव में शामिल हो सकते हैं।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 25 मार्च, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, सप्तमी 13.50 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-मृगशिरा 17.33 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

### सुडोकू - 98 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 2 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 4 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 6 | 7 | 4 | 9 | 2 |
| 2 | 7 | 1 | 9 | 3 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 9 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 9 | 3 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 | 8 | 6 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 | 5 |

### सुडोकू -99

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2 | | 6 | | 8 |
| | | 9 | 1 | | | 4 | | |
| | 8 | | | 7 | | | 1 | |
| | 1 | 6 | | | | 3 | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |
| | | 5 | | 6 | | 7 | | |
| | 5 | | | 4 | | | 9 | |
| | | 3 | | | 5 | 2 | | |
| 4 | | 1 | | 3 | | | | |

## सुप्रीम फैसला

### शॉर्ट सर्विस कमीशन प्राप्त अधिकारियों की 20 वर्ष की अर्हता सेवा पूरी मानी जाएगी

# स्थायी कमीशन से वंचित महिला अधिकारी को भी पूर्ण पेंशन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय में व्यवस्था दी कि मनमाने मूल्यांकन के चलते स्थायी कमीशन से वंचित की गईं भारतीय सशस्त्र बलों की शॉर्ट सर्विस कमीशन प्राप्त महिला अधिकारी पूर्ण पेंशन लाभ की हकदार हैं। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने फैसला सुनाया कि इन अधिकारियों के संबंध में पेंशन के लिए आवश्यक न्यूनतम 20 वर्ष की अर्हता सेवा पूरी कर ली गई मानी जाएगी, भले ही उन्हें इस अवधि से पहले सेवा से मुक्त कर दिया गया हो।

शीर्ष अदालत ने यह निर्णय विंग कमांडर सुचेता एडन और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनाया, जिनमें 2019 में नीतिगत बदलावों और पिछले सशस्त्र बल अधिकरण (एएफटी) के फैसलों के आधार पर स्थायी कमीशन न दिए जाने को चुनौती दी गई थी। फैसले के मुख्य भागों को पढ़ते हुए सीजेआई ने कहा कि महिला अधिकारियों के लिए वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) को अक्सर इस धारणा के तहत श्रेणी प्रदान की जाती है कि वे करियर में प्रगति या स्थायी कमीशन के लिए पात्र नहीं होंगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, एसीआर इस धारणा के साथ लिखी गई कि उनके करियर में कोई प्रगति नहीं होगी। इससे उनकी समग्र योग्यता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

शीर्ष अदालत ने कहा कि पेंशन 20 साल की मानी गई सेवा के आधार पर तय की जाएगी, जो 1 नवंबर, 2025 से प्रभावी होगी।

### असाधारण शक्तियों का प्रयोग कर सुनाया फैसला

पीठ ने वायुसेना, नौसेना और थलसेना की शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन से वंचित किए जाने के मामले पर अलग-अलग विचार किया। वायुसेना के संबंध में, पीठ ने पाया कि 2019 में पेश किए गए सेवा अवधि मानदंड और न्यूनतम प्रदर्शन मानदंड को जल्दबाजी में लागू किया गया था, जिससे अधिकारियों को उन्हें पूरा करने का उचित अवसर नहीं मिला। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्तियों का प्रयोग करते हुए पीठ ने कहा कि एक बार के उपाय के रूप में, 2019, 2020 और 2021 में चयन बोर्डों में स्थायी कमीशन के लिए विचार किए गए सभी एसएससी अधिकारियों को 20 वर्ष की अर्हक सेवा पूरी कर चुका माना जाएगा, जिनमें 2021 में सेवा से मुक्त किए गए अधिकारी भी शामिल हैं।







## हाईलाइट

### ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज पर किया क्लीन स्वीप

**सेंट विन्सेंट, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को डीएलएस मेथड से वेस्टइंडीज को 40 रन से हराकर महिला टी 20 सीरीज में 3–0 से क्लीन स्वीप कर लिया। बारिश ने वेस्टइंडीज के 212 रन के लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल कर दिया, जिससे 10 ओवर में उनका स्कोर 61/3 हो गया। इसी दौरान किंग्सटाउन बारिश होने लगी। बाद में मैच का नतीजा डीएलएस मेथड से तय किया गया। ऑस्ट्रेलिया के टोटल में जॉर्जिया वोल का 52 गेंदों पर पहला टी20 शतक सबसे ऊपर रहा। वह मेग लैनिंग (दो बार), बेथ मूनी (दो बार) और एलिसा हीली के साथ ऑस्ट्रेलिया महिला टी20 शतक बनाने वालों में शामिल हो गईं। नौ चौके और छह छक्के लगाकर, उन्होंने 17वें ओवर में अपना शतक पूरा किया।

### खेल पत्रकार एस त्यागराजन का निधन

**चेन्नई, एजेंसी।** नामचीन खेल पत्रकार एस त्यागराजन(85) का सोमवार शाम को निधन हो गया। त्यागराजन "त्यागु सर" के नाम से भी मशहूर थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटियां हैं। एक गाइड और मेंटर के तौर पर, उन्होंने इस रिपोर्टर को भी यूएनआई के एक जाने–माने जर्नलिस्ट के तौर पर बनाने में अहम भूमिका निभाई, जिन्होंने 1984 में स्पोर्ट्स कवर करके अपना सफ़र शुरू किया था। मल्टी–स्पोर्ट्स इवेंट्स लिखने में माहिर होने के कारण, बाद में उन्होंने इंडियन हॉकी को कवर करना शुरू किया और इंडियन टीम के लगभग सभी इवेंट्स को कवर करते हुए बहुत यात्रा की, जिसमें सुल्तान अज़लान शाह, एशिया कप और दूसरे इवेंट्स शामिल हैं।

### बारानिका ने कायम किया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** तमिलनाडु की बरनिका एलंगोवन ने राष्ट्रीय इंडोर चैंपियनशिप के शुरुआती दिन महिला पोल वॉल्ट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इस 29 वर्षीय एथलीट ने 4.22 मीटर की ऊंचाई पार कर यह नई उपलब्धि हासिल की। बरनिका का यह प्रयास पहले से कायम आउटडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड 4.21 मीटर से भी बेहतर रहा, जो 2022 से राजी मीणा पौलराज के नाम दर्ज था। यह राष्ट्रीय इंडोर चैंपियनशिप पहली बार आयोजित की जा रही है, इसलिए महिला पोल वॉल्ट के लिए आधिकारिक तौर पर कोई इंडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड पहले से मौजूद नहीं था।

### खेलो इंडिया में 1300 खिलाड़ी लेंगे भाग

**रायपुर, एजेंसी।** देशभर के लगभग 1300 खिलाड़ी बुधवार से शुरू हो रहे खेलो इंडिया जनजातीय खेलों (ट्राइबल गेम्स) में 106 स्वर्ण पदकों के लिए नौ स्पर्धाओं में दमखम दिखाने के लिए तैयार हैं। इन खेलों का आयोजन छत्तीसगढ़ के तीन स्थलों (रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा) में होगा। ओडिशा ने 125 खिलाड़ियों के साथ सबसे बड़ा दल भेजा है, जबकि मेजबान छत्तीसगढ़ (121), झारखंड (107) और असम (106) की भी मजबूत भागीदारी रहेगी। इस प्रतियोगिता में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन और कुश्ती में पदक दांव पर होंगे, जबकि पारंपरिक खेलों में मल्लखंब और कबड्डी का आयोजन प्रदर्शनी खेल के रूप में होगा। आयोजन में खिलाड़ियों, कोच और अधिकारियों सहित लगभग 3800 प्रतिभागी शामिल होंगे। यह खेल तीन अप्रैल तक चलेंगे।

## टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगे ऋषभ पंत : एलएसजी कोच जस्टिन लैंगर



**लखनऊ, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर को उम्मीद है कि ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में कप्तान के रूप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज एक क्रिकेटर के रूप में तब और भी बेजोड़ बन जाता है जब खेलते समय उनके चेहरे पर मुस्कान होती है। एलएसजी ने पिछले साल पंत को 27 करोड़ रुपये की मोटी कीमत पर खरीदा था, जिससे वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए थे।

लेकिन आईपीएल 2025 में पंत और एलएसजी के लिए खुश होने का कोई खास कारण नहीं था, क्योंकि उनकी टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही थी। लैंगर ने कहा कि हालांकि पंत पिछले साल अपना प्रभाव छोड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे थे तथा इस दौरान उनके साथ बिताए गए समय से फ्रेंचाइजी और कोचिंग स्टाफ को उनके बारे में और अधिक समझने में मदद मिली। एक न्यूज चैनल से बातचीत में लैंगर ने बताया कि इस बार हम ऋषभ को पहले से अधिक सहज देख रहे हैं। वह अब खिलाड़ियों को अच्छी तरह से जानता है और हम उसका पूरा समर्थन करते हैं। उसके चेहरे पर मुस्कान है और वह खूब मस्ती कर रहा है। जब वह क्रिकेट खेलता है तो उससे अधिक रोमांचक खिलाड़ी कोई दूसरा नहीं होता है।

### यश दयाल बाहर, लेकिन हटाए नहीं गए: आरसीबी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मंगलवार को पेसर यश दयाल का साथ दिया, जबकि उन्होंने कन्फर्म किया था कि वह इस समय आने वाले इंडियन प्रीमियर लीग सीजन के लिए टीम में शामिल नहीं होंगे। रिपोर्ट्स में उनकी गैरमौजूदगी को चल रहे कानूनी मामलों से जोड़ा जा रहा है। आरसीबी के क्रिकेट डायरेक्टर मो बोबट ने कहा कि दयाल एक "पर्सनल सिचुएशन" से जूझ रहे हैं, उन्होंने दोहराया कि फ्रेंचाइजी खिलाड़ी को सपोर्ट करती रहेगी और उनके साथ रेगुलर कॉन्टैक्ट में रहेगी।

### आकाशदीप और एडवर्ड्स की जगह दुबे व पेन विकल्प



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल से पहले चोटिल आकाशदीप और जैक एडवर्ड्स की जगह सौरभ दुबे और डेविड पेन को शामिल किया है। भारतीय तेज गेंदबाज आकाशदीप चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं। वह बेंगलुरू में उत्कृष्टता केंद्र में बीसीसीआई की मेडिकल टीम की देखरेख में रहेंगे। आईपीएल मीडिया बयान में कहा गया कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ केकेआर में आकाश की जगह लेंगे। वह 30 लाख रुपये में केकेआर से जुड़ेंगे। वहीं, इंग्लैंड के तेज गेंदबाज पेन को एसआरएच ने जैक एडवर्ड्स की जगह लिया है जो पैर की चोट के कारण बाहर हैं। उन्हें पहले एसआरएच ने तीन करोड़ रुपये में खरीदा था। वह डेढ करोड़ रुपये में एसआरएच से जुड़ेंगे। इस बीच चेन्नई सुपर किंग्स ने चोटिल नाथन एलिस की जगह उनके हमवतन ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन को टीम में शामिल किया है। इससे पहले गुजरात टाइटन्स और केकेआर के लिए खेल चुके जॉनसन 1.5 करोड़ रुपये में सीएसके में शामिल होंगे।

## पांच खिलाड़ियों को लक्ष्मण, छह को रानी लक्ष्मीबाई अवार्ड

### लोकभवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांस्य प्रतिमा के साथ दिए प्रशस्ति पत्र और चेक

**3.11** लाख रुपये, कांस्य प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र लक्ष्मण व रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार में दिए गए

**06** अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को नौकरी के नियुक्ति पत्र भी दिए गए, क्रिकेटर रिंकू सिंह नहीं पहुंच सके

**1.64** करोड़ रुपये से 14 अन्य खिलाड़ियों को नकद धनराशि देकर किया गया सम्मानित

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोकभवन में आयोजित समारोह में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश का नाम रोशन करने वाले पांच खिलाड़ियों को लक्ष्मण अवॉर्ड और चार खिलाड़ियों को रानी लक्ष्मीबाई अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। 14 अन्य खिलाड़ियों को 1.64 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की गई। छह अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को नौकरी के नियुक्ति पत्र भी दिए गए। योगी ने बटन दबाकर एकलव्य क्रीड़ा कोष से खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता का अंतरण भी किया।

लक्ष्मण और रानी लक्ष्मीबाई एवार्ड में प्रत्येक खिलाड़ी को 3.11 लाख रुपये, कांस्य प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को हर स्तर पर सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। नियुक्ति पत्र पाने वालों में हॉकी खिलाड़ी राजकुमार पाल और पैरालंपिक ऊंची कूद खिलाड़ी प्रवीण कुमार को डीएसपी पद पर नियुक्ति दी गई। अजीत सिंह और सिमरन को जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रीतिपाल को खंड विकास अधिकारी तथा क्रिकेटर रिंकू सिंह को क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी पद दिया गया है। रिंकू सिंह समारोह में उपस्थित नहीं हो सके।




लोकभवन में आयोजित समारोह में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

#### लक्ष्मण अवॉर्ड

- उत्तम सिंह (हॉकी), अभिजीत कुमार (जिम्नास्टिक), जोंटी कुमार (कुश्ती), यश कुमार (पैरा कैनोइंग) और प्रवीण कुमार (पैरा एथलेटिक्स)।

#### रानी लक्ष्मीबाई अवॉर्ड

- प्राची (एथलेटिक्स), तान्या चौधरी (एथलेटिक्स), प्रगति केसरवानी (पैरा टेबल टेनिस) और वंतिका अग्रवाल (शतरंज) को सम्मानित किया गया।



लोकभवन में आयोजित समारोह में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को लक्ष्मण अवार्ड देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### 14 खिलाड़ियों को नकद प्रोत्साहन

- पदक विजेताओं में विनय (पैरा पावरलिफ्टिंग) को 40 लाख रुपये, विक्रांत बालियान (वुशु), सागर दांगी (शूटिंग), दीपक कुमार व ले. कर्नल भानु पाठक (पर्वतारोहण) को 15–15 लाख रुपये दिए गए। इसके अलावा अन्य खिलाड़ियों को 2 लाख से 14 लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।



चेक लेतीं तनुश्री पांडेय।

## राजस्थान रॉयल्स को 1.63 अरब डॉलर में खरीदने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स को अमेरिका स्थित सोमानी के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम (समूह) को 1.63 अरब डॉलर (लगभग 15,290 करोड़ रुपये ) में बेचे जाने की तैयारी है। इस कंसोर्टियम में वॉलमार्ट परिवार से जुड़े रॉब वॉलटन और फोर्ड परिवार से जुड़े हैम्प परिवार के सदस्य भी शामिल हैं।

एरिज़ोना स्थित टेक उद्यमी कल सोमानी ने इन्ट्राएज, 'ट्रूयो डॉट एआई' और एकेडेमियन जैसी कंपनियों की स्थापना की है। इस बोली में टाइम्स इंटरनेट के नेतृत्व वाला कंसोर्टियम, आदित्य बिड़ला समूह और आर्सेलरमित्तल के सीईओ आदित्य मित्तल के नेतृत्व वाला मित्तल परिवार भी दावेदारों में शामिल थे। यह सौदा





भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मंजूरी के अधीन होगा और 2026 आईपीएल सत्र के बाद प्रभावी होगा। वर्तमान में ब्रिटिश-भारतीय कारोबारी मनोज बादले के पास टीम में 65 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सूत्रों के अनुसार इस सौदे पर बीसीसीआई की मंजूरी के बाद जल्द ही हस्ताक्षर किया जाएगा। 1.63 अरब डॉलर की कीमत दर्शाती है कि आईपीएल एक ब्रांड के रूप में कितना आगे बढ़ चुका है। एक अन्य सूत्र ने 2021 में आरपीएसजी समूह द्वारा एलएसजी की सात हजार करोड़ रुपये से कुछ अधिक में हुई बिक्री से तुलना करते हुए कहा कि अगर आप आईपीएल में हाल ही में शामिल हुई लखनऊ सुपर जायंट्स की बिक्री को देखें, तो यह उससे कहीं अधिक है। उम्मीद है कि अगले चार से पांच दिनों में इस समझौते की घोषणा कर दी जाएगी। आईपीएल की एक और प्रमुख फ्रेंचाइजी, मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, भी बिक्री के लिए उपलब्ध है और इस सौदे का मूल्य दो अरब डॉलर (लगभग 18,749 करोड़ रुपये) से अधिक होने की संभावना है। सोमानी निवेशक और खेल उद्यमी के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वह डेट्रॉइट स्थित मोटर सिटी गोल्फ क्लब के सह-मालिक हैं।

## लक्ष्मण और रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार राशि होगी 10 लाख

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोकभवन में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि हर मेडल के पीछे संघर्ष, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की कहानी होती है। जितना पसीना बहेगा, जीत उतना ही निकट आएगी।

खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र, लक्ष्मण एवं रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार और पदक जीतने पर बधाई देते हुए ऐलान किया कि इन दोनों प्रतिष्ठित पुरस्कारों की राशि 3.11 लाख रुपये से बढ़ाकर 10-10 लाख रुपये की जाएगी। इसके लिए उन्होंने खेल विभाग को प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि मेरठ में बन रहे मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का लोकार्पण मई-जून में किया जाएगा। इसके साथ ही हर मंडल में स्पोर्ट्स कॉलेज और हर विकासखंड स्तर पर मिनी स्टेडियम विकसित किए जा रहे हैं। सांसद और विधायक निधि से भी खेल मैदान और ओपन जिम को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 9 वर्षों में खिलाड़ियों को 200 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि दी गई है। ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी को 6 करोड़ रुपये, रजत पर 4 करोड़ और कांस्य पर 2 करोड़ रुपये दिए जाते हैं। अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी भी दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पहले जहां खेल उपेक्षित थे, वहीं अब बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, पारदर्शी व्यवस्था और प्रोत्साहन के कारण खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है।



लक्ष्मण पुरस्कार लेता खिलाड़ी।

**आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग** | मंगलवार को यहां जारी नवीनतम रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंची कप्तान हरमनप्रीत कौर

## भारत की सलामी बल्लेबाज मंधाना दूसरे स्थान पर कायम



**दुबई, एजेंसी।**

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को यहां जारी नवीनतम रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गईं। मंधाना के अलावा आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा शीर्ष 10 में शामिल दूसरी भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने अपना छठा स्थान बरकरार रखा है, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स संयुक्त 11वें स्थान पर बनी हुई हैं। गेंदबाजी विभाग में स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा एक पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर छठे स्थान पर बनी हुई हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी शीर्ष 10 से बाहर होकर 11वें स्थान पर खिसक गई है।

दीप्ति ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल हुईं, जबकि न्यूजीलैंड की स्टार सोफी डिवाइन के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो अर्धशतकों ने उन्हें सूची में दो स्थान ऊपर18वें स्थान पर पहुंचने में मदद की। रवांडा की 15 वर्षीय फैनी उटागुशिमानिंदे टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने पदार्पण मैच में (घाना के खिलाफ) शतक लगाने वाली दुनिया की पहली महिला खिलाड़ी बनी। यही नहीं वह पुरुष और महिला क्रिकेट में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में शतक लगाने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी बनी। इससे उन्होंने 66वें स्थान पर रैंकिंग में प्रवेश किया है।

### दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए काशवी भारतीय टीम में शामिल

- **नई दिल्ली, एजेंसी :** तेज गेंदबाज़ ऑलराउंडर काशवी गौतम को अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका में होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर काशवी ने टेस्ट और वनडे दोनों सीरीज में हिस्सा लिया था, लेकिन अब तक उनका टी20 डेब्यू नहीं हुआ है। चयनकर्ताओं ने उमा छेत्री को भी दल में ऋचा घोष के बैकअप के रूप में शामिल किया है। छेत्री ने 17 साल की जी कमालिनी की जगह ली है जिन्होंने दिसंबर में श्रीलंका के ख़िलाफ़ घरेलू सीरीज़ में टी20 डेब्यू करने के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। दक्षिण अफ्रीका का ये दौरा डरबन में शुरू होगा जहां 17 और 19 अप्रैल को पहले दो टी20 मैच खेले जाएंगे। इसके बाद 22 और 25 अप्रैल को जोहान्सबर्ग में अगले दो मैच तथा 27 अप्रैल को बेनोनी में दौरे का आख़िरी मैच खेला जाएगा।
- **भारतीय टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप–कप्तान), शेफ़ाली वर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, क्रांति गौड़, श्री चरणी, श्रेयंका पाटिल, काशवी गौतम, भारती फुलमाली, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अनुष्का शर्मा।



काशवी गौतम।